CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK1 User: cci Time: 03-23-2026 21:18 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 24 मार्च 2026 > चैत्र 3 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG


वर्ष 80, संख्या 69 > पेज 16* > गुड़गांव > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स



आज मां कात्यायनी की पूजा



ईरान से हो रही बात, पावर प्लांट पर 5 दिन हमले नहीः ट्रंप

▶देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: ccl Time: 03-23-2026 21:40 Color:






यदि हर व्यक्ति अपनी अंतरात्मा की सुने, तो कोई युद्ध नहीं होगा।

*- लियो टॉलस्टॉय*

# छोटी-सी आशा

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी ठिकानों पर पांच दिनों तक हमला नहीं करने का ऐलान किया है। अगर वह अपनी इस बात पर कायम रहते हैं, तो 28 फरवरी से शुरू हुए मौजूदा युद्ध में यह सबसे सकारात्मक बात होगी। इससे यह छोटी-सी उम्मीद बंधती है कि होर्मुज स्ट्रेट पर ट्रंप के 48 घंटे वाले अल्टीमेटम के बाद जो युद्ध और तेज होता दिख रहा था, अब शायद उसमें थोड़ा ठहराव आए।

**ईरान का इनकार ।** ट्रंप ने दावा किया है कि मौजूदा संकट को लेकर उनकी तेहरान के साथ बातचीत हुई है और यह बेहद सकारात्मक रही। ईरान की तरफ से ऐसी किसी बातचीत का खंडन आया है। हालांकि अगर वार्ता की थोड़ी-सी भी गुंजाइश बनती है, तो सभी पक्षों को उसे दोनों हाथों से थामना चाहिए। इस संकट का केवल एक ही हल है, बातचीत। ट्रंप अगर अपनी तरफ से भी हमलों में कमी लाते हैं, तो वार्ता का रास्ता खुल सकता है। पश्चिम एशिया के दूसरे देशों को भी इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए।



ट्रंप पीछे हटे

**तेल में नरमी ।** दुनिया किस बेताबी से शांति की राह देख रही है, इसका अंदाजा इस बात से लगता है कि भले ही ट्रंप ने पूरी तरह से युद्धविराम नहीं किया, पर क्रूड ऑयल के दाम में 9% की कमी आ गई। उनका पावर प्लांट को निशाना नहीं बनाने का ऐलान, भले वह एकतरफा हो, इस मायने में अहम है कि लड़ाई के इससे तेज होने का खतरा थोड़ा कम हुआ है। अगर ईरान के पावर प्लांट तबाह होते हैं, तो बदले की जवाबी कार्रवाई से होने वाला नुकसान भयानक होगा।

**संकट का सामना ।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान जंग ने अप्रत्याशित हालात पैदा कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद में स्वीकार किया कि देश के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि हमने कोरोना के वक्त ऐसी चुनौती का सामना किया है, हमें उसी तरह तैयार रहना है। यह स्वीकारोक्ति अच्छी बात है। किसी भी संकट से निपटने का पहला पड़ाव उसे स्वीकार करना होता है। अब देश किस तरह से इस चुनौती का सामना कर सकता है, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए।

**समाधान का रास्ता ।** होर्मुज से होने वाले व्यापार, वहां से आने वाले फर्टिलाइजर्स, खाड़ी में मौजूद भारतीयों और उनके रेमिटेंस - सभी को लेकर चिंता है। पीएम ने अपने भाषण में इन सभी को संबोधित किया। ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति में डायवर्सिफिकेशन और घरेलू उत्पादन व स्ट्रैटिजिक रिजर्व को बढ़ाने जैसे कदम अहम हैं।

## ऐवें कुछ भी

# हमारी हाउस हेल्प

चंदा रे चंदा रे कभी तो जमीं पर आ बैठेंगे बातें करेंगे यह मेरा फेवरिट गाना था। लेकिन अब इस पर प्रतिबंध लग चुका है। जनवरी में चंदा जी ने हमें जॉइन किया था। चंदा जी हमारी मेड हैं। वाइफ का गॉल ब्लैडर का आपरेशन हुआ था। रिकवरी के लिए जरूरी था कि मेरे अलावा एक और हाउस हेल्प हो।



आलोक सिंह भदौरिया

तब से चंदा जी अपुन के साथ हैं। एक्चुअली चंदा जी मुंबई रिटर्न हैं, इसलिए नखलऊ में भी वह अपनी मुंबइया टोन नहीं छोड़तीं। आते ही बोलीं, मेरे को मच मच नई चइए साब। छुट्टी मय कभी लेती नहीं, पगार कभी छोड़ती नई। पगार वाले दिन पगार चइए मेरे कू। चंदा का क्लियर है, केवल ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर देखेगी मय, बर्तन विरतन धोएगी। फटका पोंछा मारेगी बस। दर्शनशास्त्र की भाषा में कहा जाए तो चंदा जी यथास्थितिवादी हैं। मतलब झाड़ू, पोंछा के बाद भी आपको वो सब चीजें मिल जाएंगी जिनके लिए झाड़ू, पोंछे की जरूरत थी। हां उनकी जगह जरूर बदल जाती है।

एक बार अपवाद स्वरूप किचन से कुछ चीजें गुमशुदा सी हो गई थीं। हमें कोई हक नहीं है कि इसके लिए हम अपने आप पर, पत्नी जी पर और बेटे जी को छोड़कर किसी गैर पर शक करते। हमें मशहूर शायर का शेर याद आया, वक्त दो मुझ पर कठिन गुजरे हैं सारी उम्र में, इक तिरे आने से पहले, इक तिरे जाने के बाद। तो इनसे प्रेरणा लेकर एहतियातन अब हम किचन की चम्मचें, कटोरियां गिन के लिस्ट बना लेते हैं, एक चंदा जी के आने से पहले एक उनके जाने के बाद। चंदा जी का कोने वाले मकान की मेम साब से उनका बोल वचन हो गया। चंदा जी ने साब को अल्टीमेटम दे दिया, या तो घर में मेम साब रहेंगी या मय काम करेगी।



साहब बेचारे धर्मसंकट में हैं। चंदा काम छोड़ती है तो मेम साब घर छोड़कर मायके जाने की बात कह रही हैं, उधर चंदा मेम साहब के अस्तित्व को बर्दाश्त नहीं कर पा रही। कुल मिलाकर मामला होर्मुज जलडमरूमध्य हो गया है।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# ताड़ का तरकून

ताड़ ऐसा शब्द है, जो अपने भीतर प्रकृति, भाषा और संस्कृति - तीनों को समेटे हुए है। आमतौर पर ताड़ का अर्थ उस लंबे, सीधे पेड़ से लिया जाता है, जिस पर नारियल की तरह गोल-गोल फल लगते हैं। इन फलों के भीतर का कोमल, रसयुक्त भाग 'तरकून' कहलाता है, जो झारखंड, बिहार और बंगाल में गर्मियों के दिनों में अत्यंत लोकप्रिय है। यह स्वादिष्ट होने के साथ शरीर को शीतलता प्रदान करता है। भाषाई दृष्टि से 'ताड़' का अर्थ केवल पेड़ तक सीमित नहीं। 'ताड़ना' का अर्थ है किसी बात को समझना, भांपना या सूक्ष्मता से देखना, जबकि 'प्रताड़ना' में यही शब्द कठोरता और कष्ट देने के भाव में प्रयुक्त होता है। 'तड़तड़ा जाना' जैसे प्रयोग अचानक तेज आवाज के साथ टूटने या बिगड़ने की स्थिति को बयां करते हैं- जैसे सूखी लकड़ी का तड़तड़ा जाना, उम्मीदों का टूट जाना या बिजली का तड़तड़ा उठना। बारिश की मोटी बूंदें या ओले गिरते हैं, तो तड़तड़ की आवाज आती है। संस्कृत के 'ताल' शब्द से निकला 'ताड़' आगे चलकर 'ताल-तलैया' जैसे शब्दों में विकसित हुआ। यही 'ताल' संगीत में लय और थाप का प्रतीक भी है। इस प्रकार ताड़ केवल एक पेड़ नहीं, अर्थों और अनुभवों की जीवंत यात्रा है।



### सरकारी प्रयासों और आम जन की भागीदारी से देश में घटे तपेदिक के मामले

# टीबी से लड़ाई में भारत ने पलटी बाज़ी

आज जब देश एक और टीबी मुक्त भारत अभियान - 100 दिनों की मुहिम शुरू कर रहा है, तब मैं तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की हमारी यात्रा को अत्यधिक गर्व और नई उम्मीद के साथ देखता हूं। हाल के वर्षों में भारत की टीबी के खिलाफ प्रतिक्रिया अद्वितीय रही। यह जन-भागीदारी पर आधारित है और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित सामूहिक जिम्मेदारी की भावना समाहित है। मिशन इंद्रधनुष जैसी प्रमुख पहलों की सफलता को बढ़ावा देकर और सामुदायिक स्तर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' के संदेश को मजबूत करके, यह सम्पूर्ण समाज-आधारित दृष्टिकोण विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत साबित कर चुका है। दिसंबर 2024 में शुरू किए गए 100 दिन के गहन टीबी मुक्त भारत अभियान के अनुभव ने जन-शक्ति में हमारे विश्वास को और मजबूत किया है।



जगत प्रकाश नड्डा





**जन आंदोलन ।** चिकित्सा अभियान के रूप में शुरू हुई यह मुहिम अब जन आंदोलन बन गई है। परिणाम स्वयं बोलते हैं - भारत में 2015 से टीबी की घटनाओं में 21% और मृत्यु दर में 25% की गिरावट आई है। यह दिखाता है कि जब विज्ञान, प्रणाली और समाज साथ काम करते हैं, तो क्या हासिल किया जा सकता है।

**युवाओं की भागीदारी ।** भारत की तपेदिक के खिलाफ लड़ाई सामूहिक भागीदारी की ताकत को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्रालयों से लेकर ग्राम पंचायतों तक, डॉक्टरों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, हर कोई शामिल है। यहां तक कि उपचार पूरा कर चुके मरीज भी टीबी विजेताओं के रूप में दूसरों का समर्थन कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 25 अन्य मंत्रालयों, सभी पंचायती राज संस्थानों और सामुदायिक संगठनों की विशेषज्ञता, नेटवर्क और बुनियादी ढांचे को एकजुट करने के लिए उनके साथ हाथ मिलाया है। 'मेरा भारत' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी भी इतनी ही प्रेरणादायक रही है। दो लाख से अधिक मेरा भारत स्वयंसेवकों ने टीबी मरीजों की मदद के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

**20 करोड़ टेस्ट ।** हमारी रणनीति नए साक्ष्यों और उभरती चुनौतियों के जवाब में लगातार विकसित हुई है। राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण से पता चला कि आधे मरीजों में सामान्य लक्षण नहीं दिखते। इसके बाद बगैर-लक्षण वाली संवेदनशील आबादी में जांच बढ़ी। AI सक्षम छोटी एक्स-रे मशीनें और अडवांस्ड टेस्टिंग टेक्निक से लैस वाहनों से जांच आसान हुई। 20 करोड़ से अधिक लोगों के टेस्ट में 32.65 लाख में टीबी के मामले पाए गए। 10.9 लाख केस बगैर लक्षण वाले थे।

**आगे का लक्ष्य ।** अगले 100 दिन के अभियान में 3000 से अधिक AI संचालित एक्स-रे उपकरणों और अगली पीढ़ी की डायग्नोस्टिक मशीनों को तैनात किया जाएगा। डेटा पर आधारित टूल यह पहचानने में मदद करेंगे कि कौन-से गांव और शहर के इलाके ज्यादा जोखिम में हैं, ताकि वहां जांच पर ज्यादा ध्यान देकर बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें। भारत का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। घनी आबादी और कमजोर समुदायों को देखते हुए यदि जांच और देखभाल को मजबूत नहीं किया गया तो यह रोग अनजाने में फैल सकता है। इसलिए हम उच्च जोखिम वाले शहरी क्षेत्रों जैसे अनौपचारिक बस्तियों, प्रवासी श्रमिक समूहों और अन्य कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



**टीबी मुक्त की ओर**

- 2015 से बीमारी के मामलों में 21% की कमी
- AI तकनीक और अडवांस्ड मशीनों का इस्तेमाल
- चुनौतियों को देख बदली रणनीति, चलाए अभियान

**आगे का रास्ता ।** जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, कार्य स्पष्ट होता जा रहा है - हासिल की गई गति को बनाए रखना, साथ ही इसे और भी अधिक तेजी से आगे बढ़ाना। जब हम साथ मिलकर प्रयास करते हैं, तो हमेशा सफल होते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने कोविड-19 के खिलाफ रिकॉर्ड समय में एक अरब से अधिक लोगों का टीकाकरण किया। 'मेड इन इंडिया' विकास की रणनीति के साथ हम आशा से निश्चितता की ओर बढ़े हैं। हम इस साझा मिशन में हर नागरिक, संस्था और युवा मंच को शामिल करके प्रारंभिक जांच को बढ़ाना, निदान तक पहुंच का विस्तार करना जारी रखेंगे।


**क्षमता का प्रमाण ।** टीबी के खिलाफ भारत का अभियान सिर्फ एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास नहीं है। यह एक जन-सहभागिता है - उद्देश्य के लिए एकजुट होने की क्षमता का प्रमाण है। यदि हम साथ हैं, तो यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि अगली पीढ़ी टीबी को केवल इतिहास के एक अध्याय के रूप में जानेगी, न कि उनके जीवन की वास्तविकता के रूप में। यही वह भारत है जिसके लिए हम काम कर रहे हैं। इस भारत को हम मिलकर बनाएंगे।

*(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री व रसायन और उर्वरक मंत्री हैं)*

## कांटे की बात

लंदन में यहूदी कम्युनिटी सर्विस से जुड़ी चार एंबुलेंस को आग लगाने की घटना भयानक है। पुलिस कह रही है कि ये हमले 'यहूदी-विरोधी नफरत' की वजह से हुए हैं। ऐसी नफरत के खिलाफ हमें एकजुट होना होगा।


*-किएर स्टार्मर, ब्रिटिश प्रधानमंत्री*



## AI की दुनिया

# आप हुक्म कीजिए, Dispatch संभाल लेगा

*आप घर से बाहर हैं और तभी ऑफिस से कुछ ऐसी रिपोर्ट्स आईं, जिन्हें तुरंत फाइनल करना है। वक्त पर काम होना मुश्किल लग रहा है, तो एंथ्रोपिक का Dispatch मदद कर सकता है। यह Claude Cowork का नया फीचर है। अपने फोन से सिर्फ एक मेसेज डालिए और यह काम पूरा कर देगा।*




**कैसे काम करता है**

**मेसेज मिलते** ही Claude Cowork कंप्यूटर पर एक्टिव हो जाता है। यह खुद से ब्राउजर खोल सकता है, कोड चला सकता है और टूल्स भी इस्तेमाल कर सकता है। सब कुछ आपके कंप्यूटर पर होगा। हालांकि किसी भी बदलाव के लिए आपकी अप्रूवल जरूरी होगी। इस्तेमाल करने के लिए कंप्यूटर ऑन रखना जरूरी है।

**प्रीमियम वालों की पहुंच**

**Claude Cowork** पुराना काम याद रखता है। अगर कोई नया टास्क पुराने से जुड़ा है, तो वह बताने की जरूरत नहीं। अभी यह रिसर्च प्रीव्यू में है और Max सब्सक्राइबर्स यानी एंथ्रोपिक के सबसे प्रीमियम प्लान वाले यूजर्स तक ही पहुंचाया गया है। Pro प्लान वाले यूजर्स तक भी कुछ दिनों में पहुंच जाएगा।

*-प्रदीप तिवारी*

## जनता जंक्शन

इरफान




# रोज़गार मिल रहे, पर क्वॉलिटी वाले नहीं

## कॉमन रूम

भारत ने बीते चार दशकों में औसत GDP वृद्धि दर लगभग 6% रही है। पिछले दशक में कुशल कर्मचारियों की नियुक्ति से रोजगार में लचीलापन देखने को मिला है। 2022 में तो यह आंकड़ा तीन गुना तक पहुंच गया था। यह बताता है कि भारत की रोजगार वृद्धि चुनौतियां शायद नौकरियों की कुल संख्या से जुड़ी न होकर, रोजगार की गुणवत्ता से जुड़ी हैं।



सुचिता दत्ता



**धीमी दर ।** देश में हुए ढांचागत बदलावों की मुख्य विशेषता यह रही है कि कंस्ट्रक्शन में तो लोगों को काम मिला है, लेकिन सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार मिलने की गति धीमी है, जो बड़ी चुनौती है। वजह कि कंस्ट्रक्शन और सर्विस में उत्पादकता बढ़ने की संभावना सीमित है, जबकि मैन्युफैक्चरिंग में बदलती तकनीक के कारण अब कम कुशल मजदूरों के लिए मौके घट रहे हैं। भारत के लिए चिंता की बात यह भी है कि कम उत्पादकता वाले सेवा क्षेत्रों में वर्कफोर्स तेजी से बढ़ रही है।

**बेहतर काम में मदद ।** भारत में फॉर्मल स्टाफिंग इंडस्ट्री रोजगार औपचारिकता की चुनौती से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्टाफिंग कंपनियां मजदूरों को अनौपचारिक सेक्टर से निकालकर औपचारिक सेक्टर में लाने में मदद करती हैं, जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा, बेहतर सुरक्षा और स्थिर नौकरी मिलती है। साथ ही यह इंडस्ट्री जरूरत के हिसाब से कुशल वर्कफोर्स देकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने में मदद कर सकती है। कुल मिलाकर यह इंडस्ट्री भारत को ज्यादा औपचारिक और बेहतर रोजगार की ओर ले जा सकती है।

**स्किल की कमी ।** रोजगार वृद्धि की चुनौती के बावजूद देश में कुशल कर्मचारियों और श्रम बाजार की मांग के बीच अंतर है। लाखों युवा बेरोजगार हैं, तब भी तमाम पद खाली रह जाते हैं। मानव संसाधन के मामले में सबसे युवा राष्ट्र होने के बावजूद भारत अब भी 24 सेक्टरों में लाखों लोगों को कौशल प्रदान करने की चुनौती से जूझ रहा है। केवल 4.69% लोगों ने औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षित करने की वर्तमान क्षमता प्रति वर्ष 34 लाख लोगों की है, जबकि हर साल वर्कफोर्स में 1.2 करोड़ लोग शामिल होते हैं। 85% से अधिक लोग असंगठित कामों में लगे हुए हैं।

**आज की जरूरत ।** वर्कफोर्स को स्किल्ड करने की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी है। फॉर्मल स्टाफिंग इंडस्ट्री इस कमी को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकती है। यह नौकरी चाहने वालों को ट्रेनिंग, स्किल डिवेलपमेंट और प्लेसमेंट की सुविधा देती है। इससे लोगों की स्किल और कंपनियों की जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल बनता है। यह इंडस्ट्री सरकार और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर काम कर सकती है ताकि कौशल विकास कार्यक्रमों को आज की जरूरत के हिसाब से तैयार किया जा सके।

*(लेखिका इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की कार्यकारी निदेशक हैं)*

# केरल में क्या गुटबाज़ी ख़त्म कर पाएंगे राहुल

## विशुद्ध राजनीति — कसौटी


हेमंत राजौरा

**केरल में** कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF की स्थानीय निकाय चुनावों में जीत आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी। हालांकि पार्टी के भीतर गुटबाजी का डर अब भी है। यही वह चुनौती है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं को तय करेगी। पार्टी 100 सीटों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी है।

### राहुल की एंट्री से डैमेज कंट्रोल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 25 मार्च को केरल में प्रस्तावित बड़ा कार्यक्रम सिर्फ चुनावी रैली नहीं, संगठनात्मक संदेश भी है। हाल ही में उम्मीदवारों के चयन को लेकर उनकी नाराजगी और देर रात तक चली बैठकों से यह साफ है कि पार्टी के भीतर गहरे मतभेद थे। राहुल गांधी ने एक अहम फैसला लेते हुए चुनाव लड़ने के इच्छुक सांसदों को टिकट नहीं दिया। इससे यह संकेत गया कि पार्टी 'वन मैन, वन पोस्ट' की दिशा में सख्ती दिखाना चाहती है।

उनकी सक्रियता को दो तरह से देखा जा सकता है। पहला, वह चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक हैं। दूसरा, वह गुटबाजी को नियंत्रित करने के लिए अंतिम निर्णायक की भूमिका में हैं। सवाल यह है कि क्या उनकी मौजूदगी सिर्फ असंतोष को दबा पाएगी या उसे स्थायी रूप से खत्म भी कर सकेगी? महिलाओं को कम टिकट दिए जाने से सवाल उठ रहे हैं, खासकर जब राष्ट्रीय स्तर पर महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की बात होती है।



### निकाय चुनावों में जीत से जोश

हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में UDF के प्रदर्शन ने कांग्रेस के भीतर नई ऊर्जा भरी है। हालांकि केरल की राजनीति में स्थानीय और विधानसभा चुनावों का व्यवहार अलग रहा है। 2021 में भी कांग्रेस को उम्मीद थी, लेकिन LDF ने 99 सीटों के साथ वापसी कर इतिहास रच दिया था। ऐसे में लोकल बॉडी के नतीजों को विधानसभा की जीत का संकेत मानना जल्दबाजी हो सकती है। राज्य में मुकाबला हमेशा की तरह LDF और UDF के बीच ही है। LDF में सीपीएम, सीपीआई और केरल कांग्रेस (एम) शामिल हैं। पिनराई विजयन सरकार का प्रशासनिक अनुभव और वेलफेयर योजनाएं उसके पक्ष में जाती हैं। दूसरी ओर, UDF एंटी-इनकंबेंसी, निकाय चुनाव जीत और राहुल गांधी की लोकप्रियता के सहारे वापसी की उम्मीद कर रहा है। लेकिन, यह मुकाबला सिर्फ नीतियों का नहीं, संगठनात्मक मजबूती का भी है, जहां LDF अपेक्षाकृत अधिक अनुशासित नजर आता है।

कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती आंतरिक गुटबाजी है। टिकट बंटवारे के दौरान भी कई बड़े नेताओं की नाराजगी सामने आई थी, जिसे फिलहाल मैनेज कर लिया गया है। लेकिन, चुनाव के दौरान असंतोष फिर उभर सकता है। राहुल की भूमिका यहां निर्णायक होगी।

### BJP के उभार से LDF को फायदा

केरल में BJP अभी तक विधानसभा में खाता नहीं खोल पाई है, लेकिन हालिया घटनाक्रम देखते हुए उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। त्रिशूर लोकसभा सीट की जीत और तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर कब्जा यह संकेत देते हैं कि पार्टी शहरी क्षेत्रों में पैठ बढ़ा रही है। BJP का बढ़ता वोट शेयर कांग्रेस के लिए चुनौती है, क्योंकि इसका असर UDF के पारंपरिक वोट बैंक पर पड़ सकता है। अगर BJP कुछ सीटों पर निर्णायक वोट काटने में सफल रही, तो इसका फायदा LDF को मिल सकता है।

# जीवन को सदा गतिमान रखने की शक्ति है दुर्गा

आनंदमूर्ति गुरुमां

'गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वं एका भवानि...' यानी हे मां भवानी, आप ही मेरी एकमात्र गति (सहारा) हैं। न मेरा कोई पिता है, न माता, न भाई, न पुत्र, न पुत्री, न ही कोई आश्रय। यह अटूट विश्वास दर्शाता है कि कठिन हालात- जल, अग्नि, पर्वत, शत्रु के बीच केवल मां ही रक्षा कर सकती हैं। यह स्तोत्र देवी की शरण में शरणागति का प्रतीक है, जो आमतौर पर नवरात्र में पढ़ा जाता है। यह पंक्ति हमें उस परमशक्ति की ओर संकेत करती है, जो समस्त सृष्टि की गति और आधार है।

पूरी दुनिया में ईश्वर को पिता के रूप में माना गया है, जबकि भारत की ऋषि-परंपरा ने उसे माता के रूप में भी पूरी श्रद्धा और भाव के साथ स्वीकार किया। यह सोच सृष्टि में निर्माण, संचालन और परिवर्तन की शक्ति है। मनुष्य के जीवन में जो भी खोज या ज्ञान विकसित हुआ, वह इसी शक्ति का परिणाम है। यह संपूर्ण सृष्टि - वनस्पतियों, जीव-जंतुओं, ग्रह-नक्षत्रों और प्रकृति के हर रूप में मौजूद है। विविधता से भरी इस सृष्टि के पीछे जो व्यापक चेतना कार्य कर रही है, वही चित्त शक्ति है। यानी मन की वह आंतरिक शक्ति, जो विचार करने, अनुभव करने, निर्णय लेने और आत्मचेतना को जागृत करने की क्षमता देती है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

हमारे ऋषियों ने इसको सरल भाषा में 'देवी' कहा है। हमारे शरीर की प्रत्येक क्रिया- हृदय की धड़कन, श्वास-प्रश्वास, पाचन, इंद्रियों का कार्य - सब उसी शक्ति से संचालित होते हैं, जबकि हमें इसका प्रत्यक्ष ज्ञान भी नहीं होता। मन के स्तर पर भी यही शक्ति विचार, भावना, सुख-दुख और इच्छाओं के रूप में प्रकट होती है। हम इन अनुभवों को महसूस तो करते हैं, पर इनके संचालन का मूल स्रोत नहीं जानते। यही अज्ञात, परंतु सर्वव्यापी ऊर्जा 'दुर्गा' है- जीवन को गतिमान रखने वाली शक्ति। दुर्गा सिर्फ मंदिरों तक सीमित नहीं, वह संपूर्ण जीवन-प्रवाह की प्रतीक है। शरीर में रक्तसंचार, प्रकृति में फूलों की सुगंध, सूर्य का तेज, चंद्रमा की शीतलता - ये सभी उसी शक्ति के विविध रूप हैं। इस प्रकार, देवी केवल पूजा का विषय नहीं, जीवन और ब्रह्मांड की मूल चेतना का प्रतीक है।

## रीडर्स मेल

### संघर्ष बनाता है कमजोर

23 मार्च का लेख 'सीरिया के इस शहर से कैसे छिन गया लोकतंत्र' बेहद ज्ञानवर्द्धक है। इस लेख को पढ़ने के बाद यही समझ में आया कि क्रांति केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक जटिलताओं की परीक्षा भी है। आम लोगों के लिए लोकतंत्र उत्साह बढ़ाने वाला तंत्र हो सकता है। शायद इसमें जनता अपना अस्तित्व तलाश पाती है, लेकिन आंतरिक संघर्ष और बाहरी हस्तक्षेप ऐसे तंत्र को कमजोर कर देते हैं। लेख सिखाता है कि बदलाव के लिए केवल विद्रोह नहीं, बल्कि मजबूत संस्थाएं, दीर्घकालिक दृष्टि भी जरूरी होती है।

**पूर्णिमा रावत, ईमेल से**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP9 User: cci Time: 03-23-2026 23:19 Color:



## फटाफट खबरें

### भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि


■ भाषा, नई दिल्ली : PM नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए सोमवार को X पर कहा कि उनके न्याय, देशभक्ति और


पीएम मोदी

भयमुक्त संघर्ष के आदर्श अनगिनत भारतीयों में जोश भरते हैं और उन्हें प्रेरणा देते हैं। कम उम्र में उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अडिग प्रतिबद्धता दिखाई।

### वांगचुक केस में SC बोला- कुछ नहीं बचा

■ भाषा, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत के खिलाफ उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो


वांगचुक

द्वारा दायर याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया। पीठ ने कहा कि केंद्र ने 14 मार्च को वांगचुक की हिरासत का आदेश रद्द कर दिया था। इस मामले में अब कुछ भी नहीं बचा।

### कुकी नेता के घर में घुसने की कोशिश

■ भाषा, इंफाल/चुराचांदपुर : मणिपुर के चूड़ाचांदपुर में रविवार रात भीड़ ने कुकी जो परिषद (KZC) के अध्यक्ष एच थमलेट के आवास में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलाई गईं। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जिला मुख्यालय में अध्यक्ष के घर में उग्रवादियों की कथित मौजूदगी को लेकर युवाओं ने प्रदर्शन किया।

### इंदौर में जलने और घुटन से हुई थी मौतें

■ भाषा, मध्यप्रदेश: इंदौर में तीन मंजिला घर में 18 मार्च को भीषण आग लगने से जान गंवाने वाले आठ लोगों के शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई है। इसमें पुष्टि हुई है कि उनकी मौत जलने और दम घुटने के कारण हुई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अग्निकांड के बाद मृतकों के परिजन ने बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए घर में करंट फैलने की आशंका जताई थी।

# तमिलनाडु: NDA का फॉर्म्यूला तय, AIADMK ने BJP को दीं 27 सीटें


B A Raju
AIADMK कितनी सीटों पर लड़ेगी, इसका अभी नहीं हुआ है खुलासा।

■ भाषा, चेन्नै

- तमिलनाडु की 234 सीटों पर 23 अप्रैल को होंगे विधानसभा चुनाव।
- AIADMK नीत NDA ने सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया।
- गठबंधन में PMK को 18 और AMMK को 11 सीटें मिलीं।

**तमिलनाडु में** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (AIADMK) नीत एनडीए ने विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था को सोमवार को अंतिम रूप दिया। समझौते के अनुसार, बीजेपी 27 सीट पर, पीएमके 18 सीट पर और एएमएमके 11 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

अन्नाद्रमुक महासचिव के पलानीस्वामी ने यहां पार्टी मुख्यालय 'पुरुची थलाइवर एमजीआर मालीगई' में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अन्य सहयोगियों के साथ भी बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के घटक दल जिन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेंगे, उनके नाम जल्द ही तय कर लिए जाएंगे।

तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को चुनाव होंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के अन्य घटक दलों में पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन के नेतृत्व वाली तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) और इंडिया जननायक काची (आईजेके) शामिल हैं।

अन्नाद्रमुक कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, इस बारे में पूछे जाने पर, पलानीस्वामी ने कहा कि कुछ पार्टियों के साथ बातचीत जारी है और इसे अंतिम रूप दिये जाने के बाद जानकारी साझा की जाएगी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल, पट्टाली मक्कल काची (PMK) के शीर्ष नेता अंबुमणि रामदास और अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (AMMK) प्रमुख टीटीवी दिनाकरन की मौजूदगी में पलानीस्वामी ने विश्वास व्यक्त किया कि गठबंधन कुल 234 विधानसभा सीट में से कम से कम 210 सीट जीतेगा।

## BJP केरल की मुहर लगे चुनाव आयोग के वायरल पत्र पर CEO ऑफिस ने दी सफाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चुनाव आयोग के 19 मार्च, 2019 के एक आधिकारिक पत्र पर नीचे बीजेपी केरल की लगी मुहर वाले लेटर वायरल होने के मामले में केरल के सीईओ ऑफिस ने स्पष्टीकरण दिया है। इसमें कहा गया है कि हमारे संज्ञान में आया है कि बीजेपी की मुहर लगा हुआ चुनाव आयोग का एक पत्र विभिन्न मीडिया/सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय स्पष्ट करता है कि यह पूरी तरह से एक क्लेरिकल एरर थी, जिसे तुरंत पहचान करते हुए सुधार लिया गया था।


AI Image

CEO ऑफिस ने कहा, यह पूरी तरह से एक क्लेरिकल एरर थी, सुधार लिया गया था

स्पष्टीकरण में कहा गया है कि बीजेपी केरल इकाई ने कुछ मानदंडों के संबंध में 2019 के दिशानिर्देशों पर स्पष्टीकरण के लिए सीईओ कार्यालय से संपर्क किया था। पार्टी ने 2019 के मूल निर्देश की एक फोटो कॉपी भी जमा की थी। उनके द्वारा दी गई उस कॉपी पर पार्टी की मुहर लगी हुई थी। चूक के कारण कार्यालय में जमा किए गए दस्तावेज पर पार्टी के चिह्न को देखा नहीं गया और अनजाने में इसे भेजे गए स्पष्टीकरण के हिस्से के रूप में अन्य राजनीतिक दलों को वितरित कर दिया। जिन दिशानिर्देशों की बात की जा रही है, उनमें 2019 के बाद से संशोधन हुआ है, जिसकी जानकारी पहले ही सभी राजनीतिक दलों को दी जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने इस चूक पर खेद व्यक्त किया है और इसे स्वीकार कर लिया है। और 21 मार्च को उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उस त्रुटिपूर्ण दस्तावेज को वापस लेने के लिए एक औपचारिक पत्र भी जारी किया। दस्तावेज वापस लेने का यह नोटिस सभी राजनीतिक दलों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को भेजा गया था। सीईओ ऑफिस केरल की तरफ से इस गलती के आधार पर भ्रामक संदेशों को फैलाने से बचने की अपील की गई। वहीं, मामले में सीईओ केरला ने एक ASO को सस्पेंड किया है।

## राज्यसभा में उठाए गए VIP कल्चर से लेकर स्कूलों की मनमानी फीस के मुद्दे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राज्यसभा में सोमवार को विभिन्न दलों के सांसदों ने अलग-अलग मुद्दे उठाए। इस दौरान शहरों-गांवों में भूजल के गिरते स्तर, वीआईपी कल्चर, ऑर्गेनिक के नाम पर नकली उत्पादों की बिक्री, स्कूलों में मनमानी फीस जैसे मुद्दे शामिल रहे।


राज्यसभा में जया बच्चन ने उठाया वीआईपी कल्चर का मुद्दा।

### BJP सांसद ने घटते भूजल स्तर पर जताई चिंता

राज्यसभा में बीजेपी सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने देश में घटते भूजल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि भूजल दोहन से बड़े शहरों में पानी की समस्या विकराल रूप ले सकती है। टैंकर माफिया इसका फायदा उठा रहे हैं। वर्षा जल संचयन अनिवार्य होना चाहिए।

### जया बच्चन ने कहा, VIP कल्चर से आम लोग परेशान

SP सांसद जया अमिताभ बच्चन ने वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली में जगह-जगह लगने वाले ट्रैफिक के कारण सड़कें ब्लॉक कर दी जाती हैं। ट्रैफिक डायवर्जन हो जाता है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है।

### राव बोले-नकली ऑर्गेनिक उत्पादों की हो रही बिक्री

बाजार में नकली ऑर्गेनिक उत्पादों की बिक्री का जिक्र करते हुए सांसद माधव राव गोपाळे ने कहा कि ऐसे उत्पाद स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। आजकल हर व्यक्ति ऑर्गेनिक उत्पादों को जानता है, यह सोचकर खरीदता भी है कि वह सेहत के लिये अच्छा होगा। लेकिन ऑर्गेनिक उत्पादों के नाम पर नकली उत्पाद की बिक्री हो रही है और इस प्रैक्टिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए।

### राघव चड्ढा ने उठाया फोन यूजर्स के नुकसान का मुद्दा

राज्यसभा में आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि देश के करोड़ों मोबाइल यूजर्स रोजाना डेटा प्लान्स के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से लूटे जा रहे हैं। बचा हुआ डेटा वैलिडिटी समाप्त होने पर एक्सपायर हो जाता है। हर यूजर को डेटा कैरी फॉरवर्ड की सुविधा दी जानी चाहिए।

### नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के साथ हो रहा भेदभावः रेबिया

अरुणाचल से सांसद नबाम रेबिया ने देश के अलग-अलग हिस्सों में नॉर्थ ईस्ट के लोगों के साथ हो रहे भेदभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर समस्या है। इस पर सभापति ने कहा कि पूरा सदन इस मसले पर गंभीर है।


### 'मनमानी फीस बढ़ोतरी से पैरेंट्स हो रहे परेशान'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली समेत देश के प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी एक ऐसा मुद्दा है, जो हर वर्ष सामने आता है। राज्यसभा में भी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग उठाई गई है। कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल ने चिंता जताते हुए कहा कि अभिभावक बहुत परेशान हैं, क्योंकि ट्यूशन फीस में बढ़ोतरी के साथ-साथ दूसरी तरह के शुल्क भी जमा करने पड़ते हैं। डिवेलपमेंट फीस, एक्टिविटी फीस, स्मार्ट क्लास के नाम पर अतिरिक्त फीस वसूली जाती है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी को लेकर पारदर्शी नियमों को लागू करने की जरूरत है।

**UPSC ने अस्थायी आंसर-की के लिए तैयार किए दिशानिर्देश** : राज्यसभा में सरकार ने सोमवार को बताया कि UPSC ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अस्थायी आंसर-की जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि ये दिशानिर्देश सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के तहत तैयार किए गए हैं। यह प्रक्रिया 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी।

## राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर आठवले का अभिनंदन

राज्यसभा सांसद के रूप में तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले का कंस्टीट्यूशन क्लब में अभिनंदन किया गया। आरपीआई दिल्ली प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित इस अभिनंदन समारोह में रामदास आठवले ने PM नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।



## देशहित में पश्चिम एशिया संकट पर संसद में बहस जरूरी: प्रियंका गांधी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष का असर भारत पर गहराता जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोमवार को संसद में इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विषय आर्थिक, ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सरकार को सदन में विस्तृत बहस करानी चाहिए।

प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में इस मुद्दे पर देश को जानकारी दी है, लेकिन अब जरूरी है कि देशहित में इस पर विस्तृत चर्चा हो।


PTI
बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान प्रियंका गांधी और अन्य सांसद।

**कांग्रेस सांसद ने मुंबई में रेलवे लाइन पर पुनर्वास का मुद्दा उठाया** : लोकसभा में कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने मुंबई में कुर्ला से ट्रॉम्बे तक प्रस्तावित रेलवे लाइन के चलते परिवारों को मिले नोटिस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन नोटिसों से स्थानीय निवासियों में भय और असमंजस का माहौल है। गायकवाड़ ने सरकार से मांग की कि यह केवल झोपड़ियों का मामला नहीं है, बल्कि वहां रहने वाले परिवारों और बच्चों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि लोगों के घर बचाए जाएं या समुचित पुनर्वास किया जाए।

## मेट्रो निर्माण में 'रोड़े अटकाने' के लिए बंगाल को फटकार

■ भाषा, नई दिल्ली

SC ने कहा, आम जनता के हित वाली विकास परियोजना का राजनीतिकरण नहीं किया जाए।

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार को कोलकाता मेट्रो रेल परियोजना के एक गलियारे के निर्माण में 'बाधाएं पैदा करने' के लिए कड़ी फटकार लगाई और उससे कहा कि आम जनता के हित वाली विकास परियोजना का राजनीतिकरण नहीं किया जाए। CJI सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने राज्य सरकार की याचिका खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट को परियोजना की निगरानी करने का निर्देश दिया।



बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ने आपके (राज्य सरकार के) प्रति काफी उदारता दिखाई है। यह ऐसा मामला था, जिसमें आपके मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी। सॉलिसिटर जनरल ने बंगाल सरकार की ओर से पेश वकील से कहा कि यह आपके संवैधानिक कर्तव्यों की पूरी तरह अनदेखी को दर्शाता है।



## फटाफट खबरें

### भारत अभी बेहतर स्थिति में: RBI

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: RBI ने सोमवार को मिडल-ईस्ट तनाव और तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव को बड़ा जोखिम बताया है। इसी के साथ कहा कि आर्थिक झटकों से निपटने के लिए फंड (इकोनॉमिक स्टेबलाइजेशन फंड) बनाने से सरकार को संकट में मदद मिलेगी। मंथली बुलेटिन में RBI ने कहा, लंबा युद्ध ग्लोबल इकॉनमी को नुकसान पहुंचा सकता है।

### Vedanta देगा प्रति शेयर ₹11 डिविडेंड

■ NBT रिपोर्ट, Vedanta Limited ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तीसरा अंतरिम डिविडेंड ₹11 प्रति शेयर देने की घोषणा की है। कंपनी कुल करीब ₹4,300 करोड़ निवेशकों में बांटेगी। डिविडेंड पाने के लिए रेकॉर्ड डेट 28 मार्च 2026 तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिनके पास शेयर होंगे, वही पात्र होंगे। सोमवार को शेयर करीब 4% गिरकर ₹645.75 पर बंद हुआ।

### AI स्किलिंग प्रोग्राम के लिए MIB का करार



■ NBT रिपोर्ट: सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज (IICT) के सहयोग से गूगल और यूट्यूब के साथ मिलकर क्रिएटिव सेक्टर के लिए AI स्किलिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इसके तहत 15,000 युवाओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी, ताकि वे AI से जुड़ी नई स्किल सीख सकें। यह प्रोग्राम मीडिया, एनिमेशन, गेमिंग और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों पर फोकस करेगा। इसमें पहले बेसिक AI सिखाया जाएगा, फिर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य भारत को डिजिटल और क्रिएटिव सेक्टर में ग्लोबल हब बनाना है।


# कच्चे तेल के दाम में उछाल से सेंसेक्स 1,837 अंक फिसला

### निफ्टी टूटकर 22,512 अंक पर, एक ही सेशन में 14 लाख करोड़ का नुकसान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**भारतीय शेयर** बाजार में सोमवार को गिरावट का सिलसिला फिर शुरू हो गया, जिसमें इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 2% से ज्यादा की गिरावट आई। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं होने से ग्लोबल बाजारों के कमजोर रुख से घरेलू बाजार में गिरावट रही।

सेंसेक्स 1,837 अंक, यानी 2.46% गिरकर 72,696 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 602 अंक, यानी 2.6% गिरकर 22,512 पर आ गया। BSE 150 Midcap और BSE 250 Smallcap इंडेक्स दोनों में 4% की भारी गिरावट आई। निवेशकों को एक ही सेशन में करीब 14 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि BSE में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन शुक्रवार के 429 लाख करोड़ से गिरकर 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार में वोलैटिलिटी इतनी ज्यादा थी कि घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव का पैमाना, India VIX, 22.4% बढ़कर 20.98 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती



कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं।

**क्या होगा असर?**

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशल सर्विसेज के मुताबिक, भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का करीब 80% आयात करता है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से देश की ग्रोथ, चालू खाता घाटा (CAD, देश का विदेशी लेन-देन बैलेंस), महंगाई, रुपये की कीमत और सरकारी खर्च पर असर पड़ता है। कुल असर इस बात पर निर्भर करेगा कि इसका बोझ आम लोगों तक कितना पहुंचता है और सरकार टैक्स, सब्सिडी और ईंधन कीमतों को कैसे संभालती है।

### ट्रंप की टिप्पणी, GIFT Nifty 4% उछला

**कई दिनों** की भारी बिकवाली के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजारों में जबरदस्त तेज़ी आने की उम्मीद जानकारों ने जताई है। मंगलवार को बाजार के एक बड़े 'गैप-अप' के साथ खुलने का संकेत है। इसकी वजह यह है कि GIFT Nifty में लगभग 4% की उछाल आई है। यह उछाल तब आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्होंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरानी पावर प्लांट और ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए टाल दें। शाम को सोने और चांदी की कीमतों में भी सुधार हुआ और ग्लोबल शेयर बाजारों में भी तेजी दर्ज हुई। आनंद राठी में रिसर्च के सीनियर मैनेजर, गणेश डोंगरे ने कहा, 'हालांकि, ऐसा तभी मुमकिन है जब अगले 24 घंटों तक हालात ऐसे ही बने रहें।

## सोने की कीमतों में 43 साल में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट

NBT रिपोर्ट, मुंबई/दिल्ली

**मिडल ईस्ट** में चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोमवार को दिल्ली में सोना 9,050 गिरकर 1.43 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि चांदी 10,500 टूटकर 2.30 लाख प्रति किलो हो गई। ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन के अनुसार, सोने में करीब 6% और चांदी में 4.36% की गिरावट दर्ज हुई। सबसे अहम बात यह है कि पिछले हफ्ते सोने की कीमतों में 10% से ज्यादा की गिरावट आई, जो करीब 40 साल से भी ज्यादा समय में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। यह रेकॉर्ड गिरावट बाजार में बढ़ती अनिश्चितता को दिखाती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें ऊपर गई हैं, जिससे महंगाई (Inflation) बढ़ने का डर है। इसी वजह से ब्याज दरें बढ़ने की आशंका भी मजबूत हुई है। जब ब्याज दरें ऊंची रहती हैं, तो सोने जैसे बिना ब्याज वाले निवेश की मांग घट जाती है। इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड (सरकारी बॉन्ड से मिलने वाला रिटर्न) बढ़ने से भी सोने-चांदी पर दबाव पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना करीब 5% गिरकर 4,263 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी



में भी 6% से ज्यादा की गिरावट आई। जानकारों का कहना है कि फिलहाल दबाव बना रह सकता है, लेकिन लंबे समय में सोने की मांग फिर मजबूत हो सकती है, खासकर जब हालात सामान्य होंगे।

**कच्चे तेल** की कीमतें घटती दिख रही हैं। ट्रंप के बयान के बाद ब्रेंट क्रूड के एक बैरल की कीमत 10.5% गिरकर $100.46 हो गई, जो पिछले हफ्ते एक समय लगभग $120 थी।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट?**

सोने की कीमतों में आई हाल की गिरावट को जानकार बड़ी गिरावट नहीं, बल्कि सामान्य करेक्शन यानी अस्थायी गिरावट मान रहे हैं। उनके मुताबिक, निवेशकों को घबराकर सोना बेचने से बचना चाहिए। इसके बजाय इस गिरावट को खरीदारी के मौके के रूप में देखना बेहतर हो सकता है, खासकर SIP के जरिए। छोटी अवधि में उतार-चढ़ाव रह सकता है, लेकिन लंबी अवधि में सोने का नजरिया अब भी सकारात्मक है।

### भारत के GDP पर असर: Moody's

NBT रिपोर्ट: Moody's Analytics ने चेतावनी दी है कि अगर खाड़ी में संघर्ष जारी रहता है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज मंदी का सामना करना पड़ सकता है। सकल घरेलू उत्पाद (GDP) संभावित रूप से अपेक्षित स्तरों से लगभग 4% नीचे गिर सकता है।

अगर मिडल ईस्ट (गल्फ) में संघर्ष लंबा चलता है, तो पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में GDP को होने वाला नुकसान 3% तक पहुंच सकता है, जो यूरोप या अमेरिका को होने वाले नुकसान से कहीं अधिक होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्रीय विकास दर 2025 के 4.3% से घटकर 2026 में 4% और 2027 में 3.6% रह जाएगी।

हालांकि भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है और 2026 में इसकी GDP 7.5% रहने का अनुमान है। यह 2025 के 7.8% के स्तर से थोड़ी धीमी होगी। 2027 में विकास दर और धीमी होकर 6.2% रहने का अनुमान है। भारत तेल और गैस आयात पर ज्यादा निर्भर है, इसलिए महंगाई और लागत बढ़ेगी।

## क्रेडिट कार्ड से दुबई में घर खरीदना पड़ा भारी, भारतीयों को ED के नोटिस

■ NBT रिपोर्ट

**दुबई में** प्रॉपर्टी खरीदने वाले कुछ भारतीय जांच के दायरे में आ गए हैं। आर्थिक अपराधों की जांच करने वाली एजेंसी ED ने ऐसे लोगों को नोटिस भेजना शुरू किया है, जिन्होंने इंटरनैशनल क्रेडिट कार्ड से वहां घर खरीदने के लिए पेमेंट किया था।

सूत्रों के मुताबिक, फरवरी में कई लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। इनसे पूछा गया है कि प्रॉपर्टी खरीदने के लिए पैसा कहां से आया और किस तरीके से भुगतान किया गया। कई लोगों ने दुबई जाकर कार्ड स्वाइप किया या ऑनलाइन पेमेंट लिंक के जरिए रकम चुकाई।

विदेश में प्रॉपर्टी अपनी कमाई का होना चाहिए

**कहां हुई गलती ?:** असल समस्या पेमेंट के तरीके में है। क्रेडिट कार्ड से किया गया भुगतान एक तरह का कर्ज (loan) माना जाता है। भारतीय



नियमों के अनुसार, विदेश में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए उधार लेकर पैसा भेजना मंजूर नहीं है। यानी पैसा आपकी अपनी कमाई का होना चाहिए, न कि उधार का।

**क्या कहते हैं RBI के नियम?:** RBI की एलआरएस (Liberalised Remittance Scheme) के तहत कोई भी भारतीय विदेश में प्रॉपर्टी खरीदने और भारत से ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए साल में अधिकतम 2.5 लाख डॉलर विदेश भेज सकता है। लेकिन यह पैसा बैंकिंग चैनल से और टैक्स चुकाने के बाद ही भेजा जा सकता है। क्रेडिट कार्ड इस नियम के तहत सही माध्यम नहीं माना जाता।

**अब क्या करें फंसे हुए लोग ?:** जिन लोगों को नोटिस मिला है, उन्हें लेन-देन को सही करना होगा, जिसके लिए नया पैसा लगाना पड़ सकता है। नहीं तो प्रॉपर्टी बेचने की नौबत भी आ सकती है, खासकर जब दुबई का बाजार अभी कमजोर है। ऐसे मामलों में लोग कंपाउंडिंग यानी गलती मानकर जुर्माना देकर मामला खत्म करने का रास्ता अपना सकते हैं। इसमें आम तौर पर 2 लाख तक का जुर्माना लग सकता है, लेकिन इसके लिए ईडी की मंजूरी जरूरी होती है। कुछ मामलों में खरीदारों को बैंक के जरिए दोबारा भुगतान करना पड़ सकता है और पहले दिया गया पैसा वापस मंगवाना पड़ सकता है। नहीं तो प्रॉपर्टी बेचकर पूरा सौदा खत्म करना पड़ सकता है।

## SEBI ने नियम आसान किए, विदेशी निवेशकों को राहत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बाजार नियामक SEBI ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी FPI (Foreign Portfolio Investors) के लिए नियम आसान कर दिए हैं। अब बड़े निवेशक हर सौदे को अलग-अलग सेटल करने के बजाय नेट आधार पर सेटलमेंट कर सकेंगे। इससे उनकी लागत घटेगी और फंड की जरूरत भी कम होगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब बाजार से भारी विदेशी पैसा निकल रहा है। 23 मार्च तक FIIs करीब 1.07 लाख करोड़ निकाल चुके हैं।

**REITs और AIF में भी राहत:** SEBI ने REITs), InvITs और AIFs (Alternative Investment Funds) में कारोबार आसान बनाने के फैसले लिए हैं। वहीं, सेबी चेयरमैन और WTMs (Whole-Time Members) के लिए हितों के टकराव और खुलासे के नियम कड़े किए हैं, ताकि पारदर्शिता बढ़ सके।

### IPO पर क्या?

■ इसी के साथ SEBI ने IPO (Initial Public Offering) के डिस्क्लोजर यानी जानकारी देने की प्रक्रिया को सरल करते हुए "ड्राफ्ट एब्रिज्ड प्रॉस्पेक्टस" पेश किया है। अब QR कोड और ऑनलाइन लिंक के जरिए निवेशक जरूरी जानकारी देख सकेंगे। कागजी प्रक्रिया कम होगी और जानकारी आसान भाषा में मिलेगी।

## कॉरपोरेट लॉ बिल JPC को, नियम आसान बनाने पर ज़ोर

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कॉर्पोरेट लॉ (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। लोकसभा ने बिल को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी (JPC) के पास भेज दिया है। यह फैसला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सुझाव पर ध्वनि वोट से लिया गया। अब JPC इस बिल की विस्तार से जांच कर अपनी सिफारिशें देगी।


**बिल में क्या है ?:** बिल का मकसद कंपनियों के लिए नियम आसान करना है। इसके तहत कंपनीज एक्ट और LLP (Limited Liability Partnership) एक्ट में बदलाव किए जाएंगे। छोटे-मोटे नियम उल्लंघन को आपराधिक न मानते हुए सिर्फ जुर्माने में बदला जाएगा। यानी कंपनियों पर केस कम होंगे और कामकाज आसान होगा। इससे स्टार्टअप, छोटी कंपनियों और 'वन पर्सन कंपनी' को राहत मिलेगी। कंप्लायंस यानी नियमों का पालन आसान होगा, पेनल्टी सिस्टम सरल होगा और बिजनेस करना ज्यादा आसान बनेगा।

### 'किसानों के पूरे कर्ज माफी की योजना नहीं'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ किया है कि केंद्र सरकार के पास किसानों के कर्ज को पूरी तरह से माफ करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने संसद में कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर फोकस कर रही है। सरकार का जोर कर्ज माफ करने के बजाय सस्ती और आसान फाइनैंस उपलब्ध कराने पर है। इसके तहत किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) से सस्ती दर पर ₹3 लाख तक का लोन, फसल बीमा और PM-किसान जैसी योजनाएं चल रही हैं।

**फाइनैंस बिल 2026 पेश:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में फाइनैंस बिल 2026 पेश किया, जो 2026-27 के बजट प्रस्तावों को कानूनी रूप देगा। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, स्किलिंग और निजी निवेश बढ़ाने पर जोर है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 03-23-2026 22:34 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## आज विश्व टीबी दिवस


आज के दिन हर साल विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। यह वैश्विक स्तर पर तपेदिक यानी टीबी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और उपचार और रोकथाम के महत्व को समझाने के लिए समर्पित है। टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। जब कोई मरीज खांसता, छींकता या बात करता है, तो उसमें मौजूद माइक्रोब हवा में फैल जाते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा होता है।

# NBT



## भविष्य में वैक्सीन से मिलेगी सुरक्षा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में टीबी एक दुर्लभ और नियंत्रित बीमारी बन सकती है, कई देशों में इसका उन्मूलन भी सम्भव है। इलाज तेज और प्रभावी होगा, जो 1–2 हफ्तों में पूरा हो सकेगा। नई तकनीकों से दवा के साइड इफेक्ट लगभग खत्म हो जाएंगे और ड्रग-रेजिस्टेंट टीबी भी आसानी से ठीक होगी। जांच घर पर ही सम्भव होगी। एक प्रभावी वैक्सीन जीवनभर सुरक्षा दे सकती है। नैनो मेडिसिन से हर मरीज के लायक अलग-अलग दवाएं बन सकेंगी।



AI Images



भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है। IRA 2026 बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं। हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें। व्हॉट्सऐप नंबर -7003490071


## पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच ऊर्जा बचाने के लिए उठाए गए कड़े कदम

# कई देशों में घर से पढ़ाई-काम, फैक्ट्रियां बंद, तेल की लिमिट...ऑड-ईवन लागू

■ NBT रिपोर्ट

**पश्चिम एशिया** में बढ़ते तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में दुनियाभर के देशों को ईंधन बचाने, जरूरी क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और अपनी आबादी के लिए लगातार ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने पड़े हैं। एशिया से लेकर अफ्रीका और यूरोप तक, सरकारों ने ईंधन के सीमित भंडार को लंबे समय तक चलाने के लिए कई असाधारण कदम उठाए हैं। इनमें अतिरिक्त सार्वजनिक छुट्टियां, घर से काम करने के आदेश, ईंधन की राशनिंग और औद्योगिक इकाइयों को बंद करना शामिल है। कहां क्या कदम उठाए गए आइए जानते हैं....

AI Image





**श्रीलंका**
■ बुधवार को स्कूलों, विश्वविद्यालयों और गैरजरूरी सरकारी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।
■ राष्ट्रीय ईंधन पास (QR-आधारित) को फिर शुरू किया गया। निजी वाहनों के लिए 15 लीटर/सप्ताह और सार्वजनिक परिवहन के लिए 200 लीटर की सीमा तय की गई।

**बांग्लादेश**
■ बिजली खपत कम करने के लिए सभी विश्वविद्यालय, विदेशी पाठ्यक्रम वाले स्कूल और कोचिंग सेंटर बंद कर दिए गए और ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की गईं।
■ 8 मार्च से ईंधन की राशनिंग शुरू की गई।
■ घरों के लिए 5 घंटे की बारी-बारी से बिजली कटौती, कपड़ों के निर्यात क्षेत्र को बिजली देने को प्राथमिकता।

**पाकिस्तान**
■ सरकारी कर्मचारियों के लिए चार-दिवसीय कार्यसप्ताह और 50% घर से काम कर रहे हैं।
■ स्कूल और कॉलेज दो सप्ताह के लिए बंद कर दिए गए।
■ सरकारी विभागों को मिलने वाले ईंधन के कोटे में 50% की कटौती की गई।
■ गैरजरूरी सरकारी वाहनों को सड़कों से हटा लिया गया।

**न्यूजीलैंड**
■ सरकार 1979 के दौर की 'कार-लेस डे' नीति फिर लागू करने पर विचार कर रही है। लोग हफ्ते में एक दिन गाड़ी नहीं चलाएंगे।
■ ईंधन के स्टॉक की निगरानी के लिए 'एम्बर अलर्ट' प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए हैं। इसके तहत, आरक्षित भंडारों से 1.57 मिलियन बैरल ईंधन जारी किया गया है।
■ जेट ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से 'एयर न्यूजीलैंड' की 1,100 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

**भूटान**
■ जमाखोरी को रोकने के लिए जेरी कैन में ईंधन बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
■ घर से काम करने की व्यवस्था (वर्क-फ्रॉम-होम फ्रेमवर्क) को सक्रिय किया गया।
■ आपातकालीन सेवाओं के लिए ईंधन की राशनिंग में प्राथमिकता दी।

**फिलीपींस**
■ सरकारी कर्मचारियों के लिए चार-दिवसीय कार्यसप्ताह लागू किया गया।
■ निजी क्षेत्र को भी घर से काम करने की व्यवस्था अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
■ सार्वजनिक क्षेत्र में गैरजरूरी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

**म्यांमार :** निजी वाहनों के उपयोग को रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बारी-बारी से ऑड-ईवन दिनों तक सीमित कर दिया गया। ईंधन की भारी कमी के कारण पेट्रोल पंपों को बंद करना पड़ रहा है।

**वियतनाम :** व्यवसायों से घर से काम करने की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया गया। सार्वजनिक परिवहन, साइकल चलाने और कारपूलिंग को बढ़ावा दिया गया।

**कंबोडिया :** देश के 6,300 पेट्रोल स्टेशनों में से लगभग एक-तिहाई मार्च के मध्य तक बंद हो गए थे। क्योंकि, ईंधन की कीमतों पर संघर्ष के असर को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी।

**मिस्र :** ■ 28 मार्च से, मॉल, रेस्टोरेंट और रिटेल स्टोर रात 9 बजे तक बंद हो जाएंगे। सरकारी इमारतें शाम 6 बजे तक बंद हो जाएंगी।
■ बिजली की खपत कम करने के लिए रोशन बिलबोर्ड (होर्डिंग) बंद कर दिए गए हैं।

**दक्षिण अफ्रीका**
■ खनिज और पेट्रोलियम संसाधन विभाग ने उद्योग स्तर पर 'नियंत्रित आवंटन उपाय' लागू किए हैं। इसका उद्देश्य ईंधन का उचित वितरण सुनिश्चित करना और घबराहट में की जाने वाली खरीदारी (panic-buying) को रोकना है।

**कैन्या:** ■ ईंधन की राशनिंग और इसके निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाया गया। संस्था ने चेतावनी दी है कि इन पाबंदियों के बावजूद, मौजूदा स्टॉक केवल अप्रैल तक ही चल पाएगा।

**लाओस**
■ सरकारी कर्मचारियों के लिए 'घर से काम' अनिवार्य।
■ रिमोट मीटिंग्स और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, बारी-बारी से काम करने की व्यवस्था (शिफ्ट) शुरू।

**सरकार बोली**

## 10 किलो के LPG सिलिंडर लाने की बात अफवाह है



संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकार ने मीडिया के एक हिस्से में आई उन रिपोर्ट्स को सोमवार को अफवाह करार दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि 14.2 किलोग्राम के घरेलू LPG सिलिंडर में अब 10 किलो गैस भरकर सप्लाई होगी। सरकार ने कहा कि LPG की सप्लाई 'चिंता का विषय बनी हुई है', लेकिन किसी भी डिस्ट्रिब्यूटर के पास सिलिंडर खत्म नहीं हुआ है। शिपिंग मिनिस्ट्री में स्पेशल सेक्रेटरी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से दो जहाज चल पड़े हैं, जिनमें करीब 92000 टन LPG है। देश में रोजाना की औसत LPG खपत के हिसाब से यह लगभग एक दिन के लिए पर्याप्त होगी। तेल और गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पैनिक बुकिंग घटी है। डिलिवरी सामान्य है।

**होर्मुज स्ट्रेट भारत के दो और जहाज LPG लेकर निकले**

### 3 हफ्तों में साढ़े 3 लाख PNG कनेक्शन दिए गए

सुजाता ने कहा कि 3 हफ्तों में साढ़े 3 लाख डोमेस्टिक और कमर्शल PNG कनेक्शन दिए गए हैं। राज्यों को PNG नेटवर्क बढ़ाने में सहयोग करने पर इंसेंटिव की घोषणा हुई है। उन्हें 10% अतिरिक्त कमर्शल LPG आवंटन के लिए कहा गया है। कमर्शल LPG का आवंटन 50% पहुंच गया है।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी


**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. किम जोंग उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के आयोग अध्यक्ष बने। यह उनका कौन सा कार्यकाल है?
A. दूसरा B. पहला C. तीसरा
2. 18वें ब्रिक्स+ समिट का आयोजन कहां होने जा रहा है?
A. रूस B. भारत C. ब्राजील
3. न्यूयॉर्क प्लेन हादसे में पायलट और कोपायलट की मौत हो गई। प्लेन किस देश का था?
A. कनाडा B. अमेरिका C. भारत
4. 2025-26 में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर कितनी हुई?
A. 8,55,110 B. 6,55,898 C. 5,31,610
5. महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद संसद, विधानसभाओं में महिलाओं के लिए कितनी सीटें आरक्षित होंगी?
A. 22% B. 33% C. 30%

**कल के जवाब**
A1 C. कुनन्नाम खोमानंद A2 A. फाल्गुनी पाठक A3 B.RLD A4 C. एलिजाबेथ सिटी स्टेट यूनिवर्सिटी A5 C. 50%

**लकी विनर्स**



1. मुकुंद लाल, उत्तम नगर, दिल्ली
2. सिद्धिक अबरवी, दिल्ली
3. संगीता धुरिया, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## युद्ध से दबाव में मेडिकल इंडस्ट्री, मेडिकल जांच केंद्रों की चिंता बढ़ी

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया तनाव का असर हेल्थकेयर सेक्टर पर भी दिख सकता है। एमआरआई मशीनों को ठंडा रखने के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस हीलियम की सप्लाई पर दबाव बढ़ रहा है। भारत जरूरत का बड़ा हिस्सा कतर से आयात करता है। ऐसे में सप्लाई चेन में बाधा से अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की चिंता बढ़ गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में हीलियम का स्टॉक सीमित है और वैश्विक लॉजिस्टिक्स में अस्थिरता के चलते नई एमआरआई मशीनों की इंस्टॉलेशन में देरी हो सकती है। फिक्की के मेंटर और महाजन इमेजिंग एंड लैब्स के संस्थापक डॉ. हर्ष महाजन के मुताबिक नई एमआरआई मशीनों को इंस्टॉल करने के लिए शुरुआती तौर पर 1500 लीटर लिक्विड हीलियम की जरूरत होती है।

AI Image



### संकट लंबा चला तो असर तय

सप्लाई प्रभावित होने से इंस्टॉलेशन में देरी और लागत बढ़ने की आशंका है। वैसे पहले से चल रही एमआरआई मशीनों पर कोई बड़ा खतरा नहीं है। एक अन्य विशेषज्ञ के अनुसार देश में बड़ी संख्या में अस्पताल पारंपरिक हीलियम-आधारित तकनीक पर निर्भर हैं। संकट लंबा खिंचता है, तो असर हो सकता है।

## रोकता रहा ट्रैफिक कंट्रोलर, फिर भी विमान से जा भिड़ा ट्रक, पायलट, को-पायलट की मौत

■ एपी, न्यूयॉर्क

**न्यूयॉर्क के** लागार्डिया एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे पर एयर कनाडा का रीजनल जेट एक फायर ट्रक से टकरा गया। हादसे में दोनों पायलट मारे गए। क्रैश से कुछ देर पहले, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को रेडियो ट्रांसमिशन पर एक गाड़ी को टरमैक का एक हिस्सा पार करने की मंजूरी देते और फिर रोकने की कोशिश करते हुए सुना जा सकता था। वह कह रहा था, 'रुको, ट्रक-1, रुको।' एयरपोर्ट को ऑपरेट करने वाली पोर्ट अथॉरिटी ऑफ न्यूयॉर्क एंड न्यू जर्सी की एग्जेक्यूटिव डायरेक्टर कैथरीन गार्सिया ने बताया कि 39 यात्रियों और क्रू मेंबर्स को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। ज्यादातर को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। फायर ट्रक में सवार दो कर्मचारियों को भी चोटें आई। मरने वाले दो लोग एयरक्राफ्ट के पायलट और को-पायलट थे। गार्सिया ने सोमवार सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दोनों कनाडा में रहते थे। जांच के लिए सोमवार को एयरपोर्ट दोपहर 2 बजे तक बंद रहा।

**न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात हादसा हुआ**

AFP





**क्रैश से पहले** रेडियो ट्रांसमिशन पर ट्रक को रोकने की कोशिश करते सुना जा सकता था।

### टूटे-फूटे कॉकपिट से लटके पड़े थे केबल और मलबा

एयरक्राफ्ट के अगले हिस्से में गंभीर नुकसान हुआ है। केबल और मलबा टूटे-फूटे कॉकपिट से लटके थे। पास में एक खराब इमरजेंसी गाड़ी पड़ी थी। एयरक्राफ्ट से पैसेंजर को निकालने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों को बॉम्बार्डियर CRJ जेट के इमरजेंसी एग्जिट तक ऊपर धकेल दिया गया। जेट का अगला हिस्सा ऊपर झुक गया।

### क्या बोले यात्री?


**आर्टुरो डेविडसन** ने कहा कि रविवार रात मियामी जाने वाली उनकी फ्लाइट टरमैक पर थी। साथी यात्री ने टक्कर या उसके बाद का नजारा देखा और बात फैल गई। जल्द ही पता चला कि हादसा हुआ है। 20 मिनट बाद, उन्हें बताया गया कि एयरपोर्ट बंद हो रहा है। उन्हें टर्मिनल पर लौटना होगा।



**SPEED News**

### लंदन में एक यहूदी चैरिटी से जुड़ी चार


एंबुलेंस में सोमवार को आग लगा दी गई। पुलिस इसे नफरती अपराध के तौर पर जांच रही है।



### हवाई द्वीप पर बारिश के बाद आई बाढ़ के

कारण 2,000 से अधिक लोग बिजली से वंचित रहे। यह 20 साल की सबसे भीषण बाढ़ है।

### उत्तर कोरिया के किम जोंग-उन



लगातार तीसरी बार राज्य मामलों के आयोग के अध्यक्ष चुने गए। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनको बधाई दी है।

## भारत-चीन पर सबसे भारी पड़ी ट्रंप की सख्त वीज़ा नीति

AI Image





■ पीटीआई, वॉशिंगटन : ट्रंप प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति का सबसे ज्यादा असर भारत और चीन पर पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के पहले 8 महीनों में, 2024 की इसी अवधि की तुलना में 2.5 लाख कम वीजा जारी हुए। स्टेट डिपार्टमेंट के डेटा के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2025 तक, पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत कम स्थायी निवासी और अस्थायी वीजा मंजूर हुए।

**44,000** से ज्यादा की गिरावट आई पारिवारिक प्राथमिकता वीजा में (नोट : आंकड़े भारत और चीन दोनों के मिलाकर हैं)

**2.5** लाख कम वीजा जारी किए गए 2025 के पहले आठ महीनों में 2024 की इसी अवधि की तुलना में

**छात्र वीजा सबसे कम**

**3.44** लाख से ज्यादा छात्र वीजा जनवरी से अगस्त 2024 तक जारी हुए

**2.38** लाख के आसपास रह गई 2025 की इसी अवधि में यह संख्या

**जीवनसाथी : संख्या आधी**

| 2024 के पहले आठ महीनों में | 2025 के इसी अवधि में |
| --- | --- |
| 37,229 वीजा | 18,894 पहुंची |

ट्रंप हमारे देश में बिना जांच विदेशी नागरिकों के बड़े पैमाने पर प्रवासन की अनुमति देने के लिए, अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। -टॉमी पिगॉट, विदेश विभाग के प्रवक्ता

## 'अरे यह छिपकली नहीं, शिमला मिर्च है...'और वो खा गया

■ NBT रिपोर्ट : मध्य प्रदेश की राजीव गांधी टेक्निकल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्हें यूनिवर्सिटी कैंटीन के खाने में छिपकली मिली। लेकिन, कैंटीन के कर्मचारी ने उसे शिमला मिर्च का टुकड़ा बताकर खा लिया। TOI के अनुसार, इसका विडियो वायरल हो गया है। इसके बाद जांच समिति बनाई गई है। घटना 18 मार्च की है।



## जज ने UAPA के अधिक इस्तेमाल पर जताई चिंता

■ पीटीआई, नई दिल्ली/बेंगलुरु

**सुप्रीम कोर्ट** के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवादरोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और 'गहरी सामाजिक दरारों' से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस जताया। उन्होंने इसकी तुलना देशभर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा, 'लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है।'



**रजिस्ट्रेशन 2 मई तक** | एग्जाम की जिम्मेदारी संभाल रही IIT रुड़की ने साफ की स्थिति

## जेईई अडवांस्ड 17 मई को, पहले जैसा ही रहेगा परीक्षा का पैटर्न

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** JEE Advanced 2026 का परीक्षा पैटर्न पहले जैसा ही रहेगा। काफी समय से इसमें बदलाव के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन परीक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही आईआईटी रुड़की ने कहा है कि इसका पैटर्न पिछली परीक्षाओं जैसा ही रहेगा। IIT काउंसिल की पिछली बैठक में पैटर्न में बदलाव पर चर्चा हुई थी और जेईई एडवांस्ड को एडेप्टिव पैटर्न पर आधारित करने का सुझाव दिया गया है। आईआईटी काउंसिल देश के 23 प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों की सर्वोच्च संस्था है। जेईई एडवांस्ड 17 मई को होगा। जेईई-मेन रिजल्ट के आधार पर 2.5 लाख कैंडिडेट्स इसमें बैठेंगे। रजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल से 2 मई तक होगा।

AI Image






### JEE मेन : दूसरे सत्र के एग्जाम की तारीख आई

नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेन दूसरे सेशन की परीक्षा के लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। बीई और बीटेक पेपर-1 2, 4, 5, 6 और 8 अप्रैल को होगा। पेपर-2 बीआर्क और बी प्लानिंग की परीक्षा 7 अप्रैल को होगी। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा।

**रूसी विदेश मंत्री सर्गई लावरोव बोले**

## 'ब्रिक्स समिट के लिए देते रहेंगे भारत को समर्थन'



रूस और भारत के बीच 96% व्यापार लोकल करेंसी में होता है। -विदेश मंत्री सर्गई लावरोव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**रूसी विदेश** मंत्री सर्गई लावरोव ने सोमवार को कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी इस साल रूस की यात्रा कर सकते हैं। एक विडियो संदेश में उन्होंने कहा कि इस साल भारत की अध्यक्षता में होने वाली ब्रिक्स समिट को लेकर रूस समर्थन देता रहेगा। लावरोव ने भारत की स्वतंत्र और रणनीतिक स्वायत्तता वाली विदेश नीति के प्रति सम्मान भी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि रूस और भारत के बीच विदेश नीति को लेकर कायम समन्वय भूराजनीतिक अस्थिरता के माहौल में अहम है। इस स्थिति में यूएस और इस्राइल की ओर से शुरू किया गया सैन्य-राजनीतिक संकट भी शामिल है।

### 'रूस के साथ काम करने को उत्सुक'

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस और भारत के द्विपक्षीय सहयोग ने क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और प्रगति को दिशा दी है। दोनों देश 68.7 बिलियन डॉलर के मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 बिलियन डॉलर पहुंचाने को प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने कहा कि रूस सिविल परमाणु ऊर्जा में भारत का अहम साथी है। भारत की अध्यक्षता में दिल्ली में हो रहे 18वें ब्रिक्स+ब्रिक्स समिट को लेकर कहा कि हम रूस के साथ नजदीकी स्तर पर काम करने को उत्सुक हैं।



एस जयशंकर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK2 User: cci Time: 03-23-2026 22:16 Color:



हम सभी गलतियां करते हैं। आप कैच छोड़ेंगे, खराब शॉट खेलेंगे, खराब ओवर डालेंगे, लेकिन जब तक आप अपनी जानकारी और गेम प्लान पर टिके रहते हैं, और ऐसा करते हुए अगर आपसे कोई गलती हो जाती है, तो मेरी नजर में वह गलती नहीं है। -रिकी पॉन्टिंग, हेड कोच, पंजाब किंग्स






**229**
रन की साझेदारी की थी विराट कोहली और एबी डीविलियर्स ने दूसरे विकेट के लिए गुजरात लायंस के खिलाफ साल 2016 के एक मैच में। यह IPL इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

### पांच बार की चैंपियन टीम पिछले सीजन सबसे आखिरी पायदान पर रही थी

# चेन्नै को पकड़नी होगी रफ्तार

■**NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली:** पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपरकिंग्स (CSK) IPL-2026 में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में वह रुतबा हासिल करने उतरेगी जो उसने पिछले दो सीजन में खराब प्रदर्शन के कारण खो दिया है। साल 2024 में टीम पांचवीं पोजिशन पर रही थी, जबकि पिछले साल वह 10वें और आखिरी पायदान पर रही। इस नए सीजन कुछ नए, कुछ युवा और होनहार प्लेयर्स के साथ चेन्नै अपनी चमक फिर से बिखेरने को तैयार है।

**संजू से होगी बड़ी आस:** CSK ने एक बड़े ट्रेड के तहत राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को रविंद्र जडेजा और सैम करन के बदले में लाया गया है। जडेजा के जाने से टीम के बैलेंस पर असर पड़ सकता है, लेकिन टॉप ऑर्डर में संजू की मौजूदगी से वह कोशिश करेगी कि टीम की सारी खामियां ढक जाएं। संजू ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 अभियान में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। वह टॉप पर अनुभव और क्लास लाते हैं। टीम को उनसे बड़ी आस होगी। दूसरे छोर से उनका साथ ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान और मुंबई के युवा प्लेयर आयुष म्हात्रे दे सकते हैं। म्हात्रे ने अपने डेब्यू सीजन में प्रभावित किया था। तीसरे नंबर पर कप्तान गायकवाड़ होंगे। कोहनी की चोट के कारण पिछले सीजन सिर्फ पांच मैच खेल पाने वाले कप्तान रुतुराज पूरी तरह फिट होकर लौट रहे हैं।

**मिडल ऑर्डर विस्फोटक:** टीम के मिडल ऑर्डर में कुछ युवाओं के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे और एमएस धोनी जैसे नाम हैं। ब्रेविस ने पिछले साल 180 स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाकर पावरहिटिंग का शानदार नजारा पेश किया था। वह इस सीजन भी अपनी छोटी पारियों से बड़ी छाप छोड़ने को तैयार होंगे। चेन्नै के लिए इस सीजन प्लस पॉइंट दुबे का फॉर्म में होना है। वह टीम के भरोसेमंद फिनिशर हैं और जिस तरह का प्रदर्शन उन्होंने मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में किया है, उसके बाद से उनसे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। एक चिंता है धोनी की बल्लेबाजी को लेकर। धोनी पिछले सीजन बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आए और अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके। हालांकि, 44 साल की उम्र में भी धोनी इस फ्रेंचाइजी का चेहरा बने हुए हैं। टीम मैनेजमेंट ने पूरे सीजन के लिए उनकी उपलब्धता की पुष्टि की है, उनकी सटीक भूमिका का निर्णय स्टीफन फ्लेमिंग की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ द्वारा किया जाएगा। उनके इम्पैक्ट प्लेयर, फिनिशर और मेंटर के रूप में शामिल होने की उम्मीद है।



2 सेंचुरी और 20 फिफ्टी बना चुके हैं IPL में चेन्नै सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़

**84** सिक्स लगाए हैं शिवम दुबे ने साल 2023 से IPL में खेली 42 पारियों में। इस दौरान सर्वाधिक सिक्स के मामले में उनसे आगे सिर्फ निकोलस पूरन (102) और हेनरिक क्लासेन (88) हैं

**133.33** स्ट्राइक रेट रहा था चेन्नै सुपरकिंग्स का पिछले सीजन में। यह सभी टीमों में सबसे खराब स्ट्राइक रेट था

IPL 2026 **4** दिन बाकी
काउंटडाउन

**24.36** ऐवरेज रहा था चेन्नै सुपरकिंग्स का पिछले सीजन, जो सभी टीमों में दूसरा सबसे खराब औसत था

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात
## कार्तिक, प्रशांत को मिलेगा मौका?

CSK ने पिछली नीलामी में कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर जैसे युवा खिलाड़ियों पर बराबर 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाकर हैरान कर दिया था। उन्नीस वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक को धोनी के दीर्घकालिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। 'सीरियल सिक्स हिटर' के नाम से मशहूर राजस्थान के इस बल्लेबाज ने अभी तक खेले आठ फर्स्ट क्लास मैच में 24 सिक्स, नौ लिस्ट-ए मैच में 26 सिक्स और 12 टी20 मैच में 28 सिक्स लगाए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय ऑलराउंडर प्रशांत को जाडेजा के विकल्प के रूप में देखे जा रहा है। जाडेजा की ही तरह प्रशांत बाएं हाथ के बैटर हैं और पावर हिटिंग का काबिलियत रखते हैं। वह जाडेजा की ही तरह बाएं हाथ की स्पिन बोलिंग भी करते हैं।

### बोलिंग है बड़ी चिंता

पिछले सीजन में टीम ने कई मुकाबले अपनी खराब बोलिंग के कारण गंवाए थे। इस साल टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही टीम को एक बड़ा झटका लगा है। हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टीम के पेसर नाथन एलिस बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में मैट हेनरी पर डेथ ओवर्स में बड़ी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी आ जाएगी, जो मुख्यतः पावरप्ले ज्यादा प्रभावी बोलिंग करते हैं। बोलिंग अटैक में तीसरे विदेशी पेसर जेमी ओवरटन हैं जो प्रभाव छोड़ सकते हैं, लेकिन इलेवन में विदेशी प्लेयर की संख्या सीमित होने के कारण बेस्ट कॉम्बिनेशन हासिल करने में दिक्कत आएगी।


## IPL 2026 POWER स्टैट्स
# मास्टरमाइंड

*IPL में कप्तानी महज टॉस जीतने या फील्ड सजाने का नाम नहीं, यह दबाव के क्षणों में सही फैसलों की अग्निपरीक्षा है। कप्तान का एक सही फैसला इतिहास रच देता है, तो एक मामूली चूक ट्रॉफी का सपना छीन लेती है। महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा ने साबित किया है कि कप्तानी जीत को 'आदत' बनाने की कला है। रेकॉर्ड गवाह हैं कि IPL के अल्टीमेट लीडर या मास्टरमाइंड कौन है।*




महेंद्र सिंह धोनी


### सर्वाधिक मैच और जीत




**2** लगातार ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान हैं महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा। धोनी ने चेन्नै के साथ 2010, 2011 में खिताब जीता था जबकि रोहित ने मुंबई के साथ 2019, 2020 में ऐसा किया था




### सर्वाधिक IPL ट्रॉफी




(6 कप्तानों ने एक-एक बार ट्रॉफी जीती है)

### लीग में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड




नोट: ये आंकड़े कप्तान के तौर पर किए गए प्रदर्शन से जुड़े हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. चेन्नै सुपरकिंग्स IPL 2025 की अंक तालिका में किस स्थान पर रही थी?
A) 5 B) 10 C) 8 D) 2
2. किस महिला प्लेयर को फरवरी महीने का ICC प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है?
A) स्मृति मंधाना B) लॉरा वोल्वार्ट C) एलिस पेरी D) अरुंधति रेड्डी

**कल के जवाब**
1. A) सनराइजर्स हैदराबाद
2. A) 26 मार्च

**लकी WINNER**



1. सुदेश कुमारी, उत्तम नगर, दिल्ली
2. नवनीत गुप्ता, गाजियाबाद, यूपी
3. पद्मा ओमशंकर, पालघर, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मैनचेस्टर सिटी चैंपियन
■**लंदन:** मैनचेस्टर सिटी ने EFL कप फाइनल में आर्सनल को 2-0 से हराकर खिताब जीत लिया। दूसरे हाफ में निको ओ'राइली ने चार मिनट में दो गोल दागकर जीत की नींव रखी। यह सिटी का नौवां लीग कप खिताब है। कोच पेप गार्डिओला ने पांचवीं बार यह ट्रॉफी जीतकर नया रेकॉर्ड बनाया।

### अनुहित को गोल्ड
■**मुंबई:** अनुहित गोसाला ने ग्लोबल ई-स्पोर्ट्स गेम्स में क्लैश रोयाल के फाइनल में कजाकिस्तान के मिरास को 3-2 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। भारत ने लोअर ब्रैकेट फाइनल में अमेरिका को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

### DGC मेंबर्स लीग 26 से
■**नई दिल्ली:** दिल्ली गोल्फ क्लब (DGC) में रेडिको मेंबर्स लीग का पांचवां एडिशन 26 मार्च से शुरू होगा। अमेचर खिलाड़ियों की इस लीग में 24 टीमों के 480 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। फाइनल 18 अप्रैल को होगा। क्लब के प्रेसिडेंट राज खोसला और कप्तान विक्रम सेठ ने कहा कि हर नए एडिशन के साथ इस लीग की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

### अदिति 14वें पर रहीं
■**मेनलो पार्क:** अदिति अशोक ने फाउंडर्स कप में अंतिम राउंड में तीन अंडर-69 का स्कोर कर संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। उन्होंने चार बर्डी और एक बोगी के साथ कुल आठ अंडर स्कोर बनाया। खिताब ह्यो जू किम ने जीता, जबकि नेली कोर्डा दूसरे स्थान पर रहीं।

# अक्षर को पसंद नहीं है 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम

■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा, 'मुझे यह पसंद नहीं है'। उनका कहना है कि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (ऑलराउंडर्स) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी इलेवन में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा।

**यह है वजह:** भारतीय टी20 टीम के उप-कप्तान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' से जुड़े सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, 'मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बैटिंग और बोलिंग) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम मैनेजमेंट किसी खास बैटर या बोलर को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है।'

कैप्टंस टॉक

### बीते सीजन कम की थी बोलिंग

अक्षर ने पिछले IPL सीजन में केवल 204 गेंदें डाली थीं, जबकि उससे पिछले सीजन में उन्होंने 264 गेंदें की थीं। इस पर उन्होंने कहा, 'मैंने ज्यादा बोलिंग नहीं की। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उंगली का इस्तेमाल करता हूं, वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद चोटिल हो गई थी। मैं गेंद की सीम पर पकड़ नहीं बना पा रहा था।'



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल

## स्टार्क को अभी NOC नहीं

दिल्ली कैपिटल्स ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) ने अभी तक मिचेल स्टार्क को IPL में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) नहीं दिया है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि स्टार्क एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। टीम के कप्तान अक्षर पटेल, क्रिकेट डायरेक्टर वेणुगोपाल राव और हेड कोच हेमांग बदानी ने मीडिया से बातचीत में स्टार्क की उपलब्धता से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। स्टार्क ने पिछले सीजन में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा, 'हम CA से NOC मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे।' NOC में हो रही देरी पर उन्होंने कहा, 'हम CA के साथ संपर्क में हैं। वह बोलिंग प्रैक्टिस कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी बोलिंग की थी। जब तक CA उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती।'

ICC अवॉर्ड्स

## अरुंधति को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड

■**एजेंसियां, दुबई:** भारत की अरुंधति रेड्डी को फरवरी महीने के ICC बेस्ट प्लेयर चुना गया है। पुरुष वर्ग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को यह अवॉर्ड मिला। अरुंधति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की 2-1 जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 7.25 इकॉनमी से आठ विकेट झटके थे। उन्होंने इस सम्मान को अपने लिए गर्व का क्षण बताया।



पेसर अरुंधति

# शनाका दो करोड़ में रॉयल्स से जुड़े

■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** श्रीलंका के टी20I कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को IPL 2026 के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम करन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में रॉयल्स से जुड़ेंगे। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए IPL में तीन मैच खेले हैं।

IPL अपडेट



श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका

वहीं, कोलकाता नाइटराइडर्स ने चोटिल आकाश दीप की जगह सौरभ दुबे को टीम में शामिल किया। सौरभ इससे पहले SRH का हिस्सा रह चुके हैं।

### पराग को कप्तान बनाने पर श्रीकांत के सवाल

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने राजस्थान रॉयल्स द्वारा रियान पराग को कप्तान बनाए जाने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'राजस्थान का पराग को कप्तान बनाने का फैसला हैरानी भरा लगा, खासकर तब जब टीम में उनसे ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे। यहां उसके साथ राजा जैसा बर्ताव होता है।'

# जुर्माने का डर नहीं मुझे: हंपी

■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** कोनेरू हंपी ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से हटने के अपने फैसले पर कायम रहते हुए साफ कहा कि युद्ध जैसे माहौल में निश्चिंत होकर खेलना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप बैटलशिप से घिरे हों तो एकाग्रता बनाए रखना मुश्किल है।' हंपी ने स्पष्ट किया कि उन्हें संभावित जुर्माने का कोई डर नहीं है और वह आर्थिक लाभ के लिए नहीं खेलतीं। उनकी जगह यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को मौका मिला है।

**स्क्वैश चैंपियनशिप स्थगित:** अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियन टीम स्क्वैश चैंपियनशिप को भी वॉर के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। एक अधिकारी ने बताया कि इसे सितंबर में कराया जा सकता है।

वॉर का असर



भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी

# हार्दिक, सुखजीत, सलीमा और नवनीत रेस में शामिल

■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक और संजय इस साल हॉकी इंडिया के प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड की रेस में शामिल हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है। शुक्रवार को आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में अंडर-21 इमर्जिंग प्लेयर्स के लिए जुगराज सिंह और असुंता लाकड़ा अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। कुल आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को अंतिम लिस्ट में जगह मिली है। इसके अलावा एशिया कप विजेता भारतीय मेंस टीम और जूनियर वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज मेडल विजेता टीम को भी मंच पर सम्मान मिलेगा।

हॉकी इंडिया अवॉर्ड्स



हार्दिक सिंह

भारतीय हॉकी के लिये यह अहम साल है और ऐसे में असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और पिछले एक साल में अपना योगदान देने वालों को सम्मानित करना महत्वपूर्ण है। -दिलीप टिर्की, अध्यक्ष, हॉकी इंडिया

### नॉमिनेशन

**बेस्ट गोलकीपर:** पिरसीप सिंह, कृशन बहादुर पाठक, बिछू देवी खारीबम, सूरज करकेरा **बेस्ट डिफेंडर:** संजय, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह और हरमनप्रीत सिंह **बेस्ट मिडफील्डर:** हार्दिक सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा **बेस्ट फॉरवर्ड:** सुखजीत सिंह, अभिषेक, नवनीत कौर, शिलानंद लाकड़ा **इमर्जिंग विमिंस अंडर-21 प्लेयर:** साक्षी राणा, ज्योति सिंह, सुनेलिटा टोप्पो, कनिका सिवाच **इमर्जिंग मेंस अंडर-21 प्लेयर:** पिरसीप सिंह, मनमीत सिंह, अनमोल इक्का, अर्शदीप सिंह **बेस्ट विमिंस प्लेयर:** नवनीत कौर, सलीमा टेटे, लालरेम्सियामी, सविता **बेस्ट मेंस प्लेयर:** हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक

# अल्काराज हुए उलटफेर का शिकार, कोर्डा से हारे

■**एजेंसियां, मियामी गार्डन्स:** वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज मियामी ओपन के तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा से हारकर बाहर हो गए हैं। अल्काराज को वर्ल्ड नंबर-36 कोर्डा ने दो घंटे 19 मिनट तक चले मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया। अब कोर्डा का सामना मार्टिन एत्चेवेरी से होगा। अल्काराज का यह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन में खराब प्रदर्शन है। पिछले साल उन्हें दूसरे राउंड में ही वर्ल्ड नंबर-55 डेविड गॉफिन के हाथों उलटफेर का सामना करना पड़ा था। वहीं, महिला वर्ग में आरिना सबालेंका अगले राउंड में पहुंच गईं।

मियामी ओपन टेनिस



अमेरिका के सेबस्टियन कोर्डा

# पिच पर ज्यादा कंट्रोल नहीं चाहता क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

■**एजेंसियां, मेलबर्न:** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) ने टेस्ट पिच की तैयारी पर अधिक कंट्रोल रखने की बात को खारिज करते हुए कहा कि साल की शुरुआत में एशेज के दौरान आलोचना के बावजूद स्थानीय क्यूरेटर ही अच्छी और अनूठी पिचें तैयार करने के लिए सबसे सही लोग हैं। पर्थ और मेलबर्न टेस्ट दो दिन में खत्म होने के कारण आलोचना झेल रहे CA के CEO टॉड ग्रीनबर्ग ने स्वीकार किया कि टेस्ट का जल्दी खत्म होना व्यावसायिक दृष्टि से बुरा है। संस्था के संचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 'यह अकल्पनीय है कि हम अभी जितना कंट्रोल करते हैं, उससे अधिक कर पाएंगे।'

क्रिकेट कनेक्ट



टॉड ग्रीनबर्ग

# आज से होगी इंडोर नैशनल ऐथलेटिक्स

■**एजेंसियां, भुवनेश्वर:** भारत इंडोर ऐथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से कलिंग स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में शुरू हो रही पहली नैशनल चैंपियनशिप के जरिए करेगा। नैशनल चैंपियनशिप दो दिन तक चलेगी। दो साल बाद इसी स्थान पर भारत को वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है। भारत को वर्ल्ड इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी।

300 ऐथलीट हिस्सा लेंगे

# 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। शाम के समय परिवारजन के शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी, लेकिन देर रात तक धीरे-धीरे सब सामान्य हो जाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि स्वामी शुक्र प्रस्तुत व्यय एवं भाग्य भाव में चल रहा है। मंगल क्षेत्री में होने से शत्रुओं को बल देगा। वृष राशि का चंद्रमा प्रथम भाव में शुक्र के घर का होकर आपके अंदर निर्भीकता का भाव संचार करेगा, इसलिए आप निर्भयता से अपने कार्यों को संपन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवन साथी संग मधुर संबंध रहेंगे।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे। शाम से लेकर रात तक का समय मंगलमय आयोजन में व्यतीत होगा। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज आपको आवश्यक छोटे भाई-बहनों से आशातीत मिलेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख-साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुशमिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपसे संबंध बनाने की इच्छा रखेंगे।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आपके अंदर परोपकार एवं दान-पुण्य की भावना बढ़ने लगेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज कार्य शुरू हो जाएगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। भतीजे का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखें। आप अपनी कार्यकुशलता से सर्वत्र विजय, विभूति और सफलता प्राप्त करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा और अभिभावक प्रतिस्पर्धा बुद्धि में सहायक होगा। शाम के समय में चोट या चोरी का भय है, इसलिए सावधान रहें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आमदनी के साथ ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम से रात तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति सप्तम भाव में मिथुन पर भ्रमण कर रहे हैं। विद्या, बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठानों में समय व्यतीत होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। इसलिए आपके संचित धन में वृद्धि होगी। तंत्र-मंत्र साधना में भी आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें, अन्यथा उसका उल्टा प्रभाव पड़ सकता है। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास शत-प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्ग द्वारा प्राप्त धन से कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान-सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कुछ शत्रु चुगली करेंगे, जिससे परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति उच्च चल रहा है, इसलिए अपने गुरु के प्रति निष्ठा व श्रद्धाभाव पूर्ण रखें।


## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | 5 | | |
| | | | | 4 | | 7 | 6 | |
| 6 | | | 9 | | | | 3 | |
| | | 9 | | | 8 | | 1 | |
| | 2 | | | 6 | | | 4 | |
| | 1 | | 2 | | | 9 | | |
| | 9 | | | | 3 | | | 7 |
| | 6 | 5 | | 9 | | | | |
| | | 8 | | 1 | 7 | | | |

## कल के सुडोकू का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 |

TELEVISION
big magic



09:00 बवाल बवाल
10:00 बदरुख बुदबक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 यशोमती मैया के नंदलाला (चक्रधारी अजेय कृष्ण)
13:30 न से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 पौरी

## कल का पंचांग
(बुधवार, 25 मार्च 2026)

राष्ट्रीय मिति चैत्र 4, शक संवत 1948, चैत्र शुक्ल, सप्तमी, बुधवार, विक्रम संवत 2083। सौर चैत्र मास प्रविष्टे 12, शव्वाल 5, हिजरी 1447 (मुस्लिम), एवं अनुसार अंग्रेजी तारीख 25 मार्च 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसंत ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। सप्तमी तिथि अपराह्न 1 बजकर 51 मिनट तक के बाद अष्टमी तिथि का आरंभ। मृगशिरा नक्षत्र शाम 5 बजकर 34 मिनट तक के बाद आर्द्रा नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 10 मिनट तक के बाद शोभन योग का आरंभ। वणिज करण अपराह्न 1 बजकर 51 मिनट तक के बाद बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात मिथुन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार स्कंद षष्ठी व्रत।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य शुक्र बने हैं। वर्ष रजत पाद से प्रवेश हुआ है। मार्च शेष से अप्रैल तक आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। मई-जून में व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। जुलाई व अगस्त में गणमान्य व्यक्ति आपकी प्रशंसा करेंगे। सितंबर से अक्टूबर में पास व निकट की सार्थक तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। नवंबर से दिसंबर में आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जनवरी से फरवरी 2027 में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। अच्छे परिणाम के लिए पांच पीले फूल व दो केले सुबह केले के पेड़ की जड़ में रख दें।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 03-23-2026 22:27 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 24 मार्च 2026 > चैत्र 3 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2083
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 80, संख्या 69 > पेज 16* > गुड़गांव > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू




मैं अब 'ब्लैक' जैसा जादू नहीं कर सकती: रानी मुखर्जी
▶ गुड़गांव टाइम्स

NBT
नवभारत टाइम्स


एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत और रूस: जयशंकर
▶ p10



# खाड़ी में पहली बार ट्रंप के बदले तेवर, पर ईरान ने कहा-कोई बात नहीं हुई

## ट्रंप ने किया दावा, ईरान से बात हुई, अब युद्ध नहीं होगा



अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप।



**हमले रहे जारी** ईरान की राजधानी तेहरान पर सोमवार को भी हमले हुए। इस दौरान एक रेजिडेंशल बिल्डिंग को भी निशाना बनाया गया।

■ एपी, दुबई

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध पर हल निकलने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के पावर प्लांट पर हमलों को पांच दिनों के लिए रोक दिया है। हालांकि ईरानी मीडिया ने विदेश मंत्रालय के हवाले से अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया।



खाड़ी में जंग 24 दिन

इससे पहले अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का समय दिया था। ऐसा न करने पर उसके पावर प्लांट पर हमले की चेतावनी दी थी। ईरान ने भी जवाबी हमले की बात कही थी। ट्रंप के अचानक यू-टर्न से अमेरिका और ईरान की धमकियों के बाद राहत मिली। ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने बातचीत की। ट्रंप ने ईरान का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन शुरू हो चुका है। साथ ही चेताया कि अगर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत सफल नहीं होती है तो बमबारी जारी रहेगी। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के साथ बातचीत नहीं हो रही। सबसे सम्मानित नेता से बात हुई। अब युद्ध नहीं होगा। वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि उनके पास अब परमाणु हथियार नहीं होंगे। ब्रिटेन ने बातचीत की खबर का स्वागत किया। ▶ पेज 6

### ईरानी संसद के अध्यक्ष कर रहे अगुआई!

यरुशलम पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबफ अमेरिका के साथ बातचीत की अगुआई कर रहे हैं। पाकिस्तान में मीटिंग की कोशिश की जा रही है। हालांकि, ईरान के संसद अध्यक्ष ने अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था और तेल मार्केट के लिए चाल चली गई है।

## कोरोना काल जैसी चुनौती, हमें एकजुट रहना होगा: PM


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पश्चिम एशिया** में युद्ध से बने हालात में कोविड के दौर की याद दिलाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। पीएम ने लोकसभा में दिए बयान में कहा कि भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी और मानवीय भी हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश को तैयार और एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा सरकार पश्चिम एशिया में युद्ध के शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म ऐसे हर असर के लिए एक रणनीति के साथ काम कर रही है।

**बोले, लोगों को कम परेशानी हो इस पर फोकस है**

पीएम ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर तुरंत एक्शन लेने की जरूरत बताया। कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल से लेकर उर्वरकों, राष्ट्रीय सुरक्षा और खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के बारे में भी बात की। उन्होंने सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए कहा, 'देश के सामान्य परिवारों को परेशानी कम से कम हो, इस पर हमारा फोकस रहा है।' ▶ पेज 6

> हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की जरूरत है। —नरेंद्र मोदी, लोकसभा में



### वॉर अपडेट्स


- इस्राइली सेना ने कहा कि उसने तेहरान के केंद्र में ईरानी शासन के ठिकानों पर हमले किए।
- भारतीय ध्वज वाले दो LPG टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर चुके हैं।
- सऊदी अरब ने अपने 1,200 किलोमीटर लंबे पूर्व-पश्चिम पाइपलाइन को शुरू कर दिया है, ताकि तेल निर्यात जारी रखा जा सके।
- ओमान का कहना है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है।

### पश्चिम एशिया में तनाव का असर...

**सेंसेक्स 1837 अंक गिरा, 14 लाख करोड़ डूबे**
घरेलू शेयर मार्केट में सोमवार को भारी गिरावट रही। सेंसेक्स 1,837 अंक गिरा। निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। एक ही दिन में निवेशकों के करीब 14 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

**गोल्ड में 43 साल के बाद हफ्ते की बड़ी गिरावट**
वैश्विक स्तर पर पिछले हफ्ते सोने में तेज गिरावट देखी गई, जहां इसकी कीमत करीब 500 डॉलर तक गिर गई। यह 1983 के बाद हफ्ते की सबसे बड़ी गिरावट है।

**डॉलर के मुकाबले रुपया रेकॉर्ड निचले स्तर पर**
रुपया सोमवार को 50 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 94.03 प्रति डॉलर पर आ गया। यह पहली बार है जब रुपया 94 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया। ▶ पेज 9



युवराज को इंसाफ का इंतजार
67 दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं

## 4 साल की बच्ची से रेप केस में असंवेदनशीलता पर SC सख्त

### गुड़गांव CP को रेकॉर्ड के साथ पेश होने का दिया आदेश

■ PTI, नई दिल्ली

**गुड़गांव में** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा पुलिस और न्यायिक मैजिस्ट्रेट के रवैये पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने गुड़गांव पुलिस कमिश्नर को 25 मार्च को केस के पूरे रेकॉर्ड के साथ पेश होने का आदेश दिया है। बच्ची के माता-पिता ने मामले की जांच सीबीआई या SIT से कराने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मांग पर हरियाणा सरकार, डीजीपी और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है और पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है।

**बच्ची के माता-पिता की मांग, जांच CBI को दी जाए**

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जाहिर की कि जब न्यायिक मैजिस्ट्रेट ने पीड़ित बच्ची का बयान दर्ज किया था, तब आरोपी उसके बहुत करीब खड़ा था। कोर्ट ने कहा कि इससे बच्ची को डर और असहजता हुई होगी। इस जांच को बेहद असंवेदनशील और परेशान करने वाला बताते हुए कोर्ट ने उस मैजिस्ट्रेट का स्पष्टीकरण भी मांगा है, जिन्होंने बच्ची का बयान इस तरह दर्ज किया था। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली चौंकाने वाली है। कोर्ट ने हरियाणा के डीजीपी से भी पूछा है कि उनके विभाग में कितनी महिला पुलिस अधिकारी हैं।



### क्या है मामला

पिछले साल दिसंबर में बच्ची के पिता की ओर से गुड़गांव की एक सोसायटी की दो मेड और एक युवक के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत दी गई थी। शुरुआती जांच में पुलिस की लापरवाही उजागर होने के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### अफोर्डेबल फ्लैट हो सकते है महंगे

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा में अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के तहत फ्लैटों की कीमत में बढ़ोतरी हो सकती है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नई दरों पर मुहर लग सकती है। इससे गुड़गांव और फरीदाबाद में फ्लैट की कीमत में 3 से 4 लाख रुपये तक का इजाफा हो सकता है। ▶ पेज 5

### बादशाह के 'टटीरी' गाने के लिंक हटाए

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : बॉलिवुड सिंगर बादशाह के विवादित गीत 'टटीरी' के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इससे जुड़े 857 लिंक हटवा दिए हैं। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि हटाए गए लिंक में 154 यूट्यूब विडियो और 703 इंस्टाग्राम रील्स शामिल हैं। गीत से जुड़े डिजिटल कंटेंट की मॉनिटरिंग की जा रही है। ▶ पेज 5

## न्यू यॉर्क में एयरपोर्ट पर ट्रक से टकराया प्लेन, 2 पायलटों की मौत




**170Km/h** की स्पीड से विमान टकराया, जिससे अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई।

- न्यू यॉर्क के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का प्लेन रनवे पर फायर ब्रिगेड के ट्रक से टकरा गया।
- प्लेन में 72 यात्री और क्रू के चार सदस्य थे। घटना के बाद 39 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। कुछ को गंभीर चोटें लगी हैं। ▶ पेज 10

### हैपी मॉर्निंग

तिजोरी पर लिखा था, 'तोड़ने की जरूरत नहीं, बटन दबाओ खुल जाएगी।' बटन दबाते ही पुलिस आ गई।
**पुलिस:** तुम्हें अपनी सफाई में कुछ कहना है?
**चोर:** मां कसम, आज इंसानियत पर से विश्वास उठ गया।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72,696.39 (-1,836.57) |
| निफ्टी | 22,512.65 (-601.85) |
| रु/यूएस डॉलर | 93.89 (+0.54) |
| रु/यूरो | 108.22 (+0.27) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹ 1,43,600 (-9,050) |
| चांदी प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹ 2,30,000 (-10,500) |

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन

### मौसम

अधिकतम तापमान 29.7°
17.8° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 6:34 मंगलवार | सूर्योदय 6:19 बुधवार
बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं।

*12 + 4 GurgaonTimes


## महिला आरक्षण से जुड़ा बिल ला सकती है सरकार

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए सरकार नई जनगणना होने और फिर परिसीमन का इंतजार नहीं करना चाहती। सरकार की कोशिश है कि संसद में पास किए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधन कर इसे जनगणना और परिसीमन की शर्तों से अलग किया जाए और फिर इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए। सरकार इसी सत्र में संशोधन बिल लाने की तैयारी में है।

**चुनाव से पहले बिल आने पर विरोध का अंदेशा नहीं**

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ मीटिंग की। संसद भवन में हुई मीटिंग में NCP (एसपी), शिवसेना (UBT), बीजेडी, YSRCP के नेता मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और TMC के साथ बैठक नहीं हुई है। हालांकि विपक्ष के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 5 विधानसभा चुनाव से पहले अगर सरकार ये बिल लाती है तो कोई भी विरोध नहीं करेगा और ये चुनाव का एक बड़ा मुद्दा बनेगा। NDA में शामिल दलों के नेताओं और कई सांसदों के साथ भी मीटिंग की।



अमित शाह ने NDA सांसदों और नेताओं से भी इस पर बात की

### 2011 की जनगणना बन सकती है आधार

सूत्रों के मुताबिक, महिलाओं को आरक्षण देने के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया जा सकता है। संसद ने 2023 में महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया था। इसमें संसद के साथ ही राज्यों की विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। राज्यों में लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50% की बढ़ोतरी की जाएगी। लोकसभा में सदस्यों की संख्या तब बढ़कर 816 हो जाएगी।

### विटामिन समेत 90 दवाओं पर सख्ती

■ NBT रिपोर्ट: भारत के दवा नियामक DCGI ने देशभर में बिना मंजूरी वाली फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (FDC) दवाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। BT के मुताबिक, पिछले साल के लैब टेस्ट डेटा के विश्लेषण में ऐसी 90 दवाएं मिलीं, जो बिना केंद्रीय अनुमति के बेची जा रही थीं। इन दवाओं में डायबिटीज, मल्टी-विटामिन, आयरन-फोलिक एसिड और मैग्नीशियम से जुड़ी दवाएं शामिल हैं।

**बगैर केंद्रीय अनुमति के बेची जा रही थी ऐसी दवाइयां**

## प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहा, 4 मौतें

### चश्मदीद बोले- अमोनिया गैस स्टोरेज में ब्लास्ट से हादसा

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

**फाफामऊ क्षेत्र** में सोमवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज बिल्डिंग के अचानक ढह जाने से 4 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया और एक किमी तक लोग परेशान हुए। गैस रिसाव से रेस्क्यू में भी दिक्कत हुई। यह कोल्ड स्टोरेज सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है। कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर और अंसार अहमद के परिवार के कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



हादसे के बाद अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हुआ, जिसकी वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में भी एजेंसियों को दिक्कत हुई

**खंडहर में लाइसेंस कैसे मिला?**
■ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले अमोनिया गैस स्टोरेज टैंक में विस्फोट हुआ, इसके बाद एक हिस्सा गिर गया। खंडहर बिल्डिंग में कोल्ड स्टोरेज का लाइसेंस कैसे मिला, इसकी जांच होगी। डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

### DU में प्रदर्शन? लेनी होगी इजाजत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रदर्शन पर बैन पर हाई कोर्ट की आपत्ति के बाद अब दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU) ने प्रदर्शन के लिए इजाजत लेने का निर्देश दिया है। डीयू ने सोमवार को नोटिस जारी कर कहा कि स्टूडेंट्स, टीचर्स और कर्मचारियों को कैंपस में प्रदर्शन, सभा, जुलूस के आयोजन से 72 घंटे पहले लिखित अनुमति लेनी होगी। 17 फरवरी को डीयू ने प्रदर्शन पर एक महीने के लिए रोक लगाई थी।

**72 घंटे पहले लिखित अनुमति का नोटिस जारी**

## पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर अरेस्ट

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

**पंजाब राज्य** भंडारण निगम के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में राज्य के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अमृतसर के डीसीपी रविंदर पाल ने कहा कि फतेहगढ़ साहब पुलिस की मदद से भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया है। वहीं, भुल्लर ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर दावा किया कि उन्होंने सरेंडर किया है।

**पंजाब के अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप**



भुल्लर ने कहा, मैंने सरेंडर किया

### CBI जांच के लिए शाह को लिखा पत्र

पंजाब के कई सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर इस मामले की जांच CBI से कराने की मांग की। कांग्रेस के 7 में से 4 सांसदों ने शाह को इस संबंध में पत्र लिखा है। अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने CBI जांच के लिए अलग से पत्र लिखा है।

## लाल किला बम ब्लास्ट केस में J&K में छापा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**लाल किला** के सामने पिछले साल 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने जम्मू-कश्मीर में 9 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने कई अहम दस्तावेज और अन्य चीजें बरामद की हैं। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में NIA करीब एक महीने पहले अप्रैल में ही चार्जशीट दाखिल कर सकती है। NIA के एक अधिकारी ने बताया कि कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा, बारामूला जिले के रफियाबाद और कुलगाम समेत श्रीनगर जिले के कई इलाकों में छापेमारी की गई।



## पानी के बिल के नाम पर महिला से एक लाख की ठगी

■ NBT न्यूज, कीर्ति नगर: जल बोर्ड के बकाया बिल के कारण कनेक्शन डिस्कनेक्ट करने का मैसेज भेजकर एक महिला से एक लाख रुपये की ठगी करने का एक मामला कीर्ति नगर थाना इलाके में सामने आया है। यह ठगी पीड़ित महिला गुर सिमरन कौर के साथ हुई है। साथ ही उनके मोबाइल को भी हैक किया गया। उन्हें ठगी का पता तब चला, जब महिला को कुछ रकम ट्रांसफर करनी थी, लेकिन उनके अकाउंट में बैलेंस नहीं था। चेक किया तो पता चला 11 बार में अकाउंट से 1 लाख 520 रुपये निकाले गए हैं।

**कनेक्शन डिस्कनेक्ट करने के नाम पर की गई ठगी**

पीड़ित महिला ने बताया कि 17 मार्च से लेकर 19 मार्च तक उनके अकाउंट से रकम निकाली गई। पीड़िता ने पहले 1930 नंबर पर कॉल करके शिकायत की और उसके बाद फिर सोमवार को साइबर थाना पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# शाही खेल, ऐतिहासिक मैदान, अब उजड़ने का डर

## जहां दौड़ते थे घोड़े, वहां अब सन्नाटे का डर, जयपुर पोलो ग्राउंड को मिला खाली करने का आदेश

■ विवेक शुक्ला, नई दिल्ली

बीते रविवार को जयपुर पोलो ग्राउंड में इंडियन पोलो चैंपियनशिप का फाइनल मैच देखने आए दर्शकों को यह चिंता सता रही थी कि क्या इस ग्राउंड में वे आखिरी बार पोलो के किसी मैच को देखने आए हैं। हाल ही में जयपुर पोलो ग्राउंड और दिल्ली रेस कोर्स को लैंड एंड डिवेलपमेंट ऑफिस (एलएंडडीओ) ने खाली करने के आदेश दिए हैं। यह कुल 68 एकड़ की प्राइम जमीन लोक कल्याण मार्ग पर है।

**किस कप्तान की गई जान:** जयपुर पोलो ग्राउंड में ही 5 जनवरी 1952 को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नवाब इफ्तिखार अली खान पटौदी (सीनियर) अपने 11 वर्षीय बेटे मंसूर अली खान पटौदी के साथ पोलो खेलने आए थे। उस दिन उनके बेटे का जन्मदिन भी था। अफसोस, पोलो खेलते हुए पटौदी सीनियर घोड़े से गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। लाख कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मंसूर अली पटौदी भी आगे चलकर मशहूर क्रिकेटर बने। उन्होंने 1994 में कहा था कि जयपुर पोलो ग्राउंड में आते ही उनके सामने वह मंजर आने लगता है।

**दिल से दिल्ली**

**पोलो ग्राउंड के नाम में जयपुर क्यों?:** जयपुर पोलो ग्राउंड का नाम जयपुर इसलिए पड़ा क्योंकि यह जयपुर के अंतिम महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय की निजी संपत्ति हुआ करती थी। सवाई मान सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और पोलो को शाही खेल के रूप में लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बीच 1975 में ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स (तब प्रिंस चार्ल्स) ने यहां पोलो प्रतियोगिता में भाग लिया था। यह उनकी पहली भारत यात्रा थी।

**कब से दिल्ली रेस कोर्स:** दिल्ली रेस कोर्स की कहानी ब्रिटिश काल से जुड़ी है। जब अंग्रेजों ने नई दिल्ली को शाही राजधानी के रूप में विकसित करना शुरू किया, तब उनके सामाजिक जीवन में घुड़दौड़ और पोलो जैसे खेल प्रमुख थे। इसी उद्देश्य से 1930 के दशक में रेस ट्रैक का विकास हुआ। दिल्ली रेस क्लब की औपचारिक स्थापना 1940 में हुई। जिस सड़क से यहां पहुंचा जाता था, उसे 'रेस कोर्स रोड' कहा जाने लगा। 2016 में इसका नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग कर दिया गया। आजादी के बाद भी यहां घुड़दौड़ होती रही। देशभर से प्रशिक्षक, जॉकी और घोड़े यहां भाग लेने आते थे।



रविवार को जयपुर पोलो ग्राउंड में इंडियन पोलो चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेला गया

### विभिन्न संस्थाओं को लीज पर दी गई थी ज़मीन

हाल के वर्षों में जयपुर पोलो ग्राउंड और दिल्ली रेस कोर्स को लेकर विवाद सामने आते रहे हैं। यह जमीन केंद्र सरकार की है और विभिन्न संस्थाओं को लीज पर दी गई थी। कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद और खुद पोलो खिलाड़ी नवीन जिंदल ने उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार जयपुर पोलो ग्राउंड का टेकओवर नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह हैरिटेज ग्राउंड है। इसलिए इसे लीज विवाद से दूर रखा जाना चाहिए। उनकी मांग का कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने भी समर्थन किया।

### विरासत बनाम विकास पर छिड़ गई है बहस

जयपुर पोलो ग्राउंड और दिल्ली रेस कोर्स को खाली कराने की प्रक्रिया ने बहस छेड़ दी है। एक ओर सरकार भूमि के बेहतर उपयोग और नई योजनाओं की बात कर रही है, वहीं खेल और विरासत से जुड़े लोग इसे दिल्ली की ऐतिहासिक पहचान के नुकसान के रूप में देख रहे हैं।

# टीबी मरीज बढ़े, इलाज में सुधार मगर खतरा बरकरार

Abhishek.Gautam1 @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली में टीबी (क्षय रोग) पर कंट्रोल को लेकर जारी सरकारी आंकड़े एक ओर प्रगति की तस्वीर दिखाते हैं तो दूसरी ओर कई अहम चुनौतियों की ओर भी इशारा करते हैं। डायरेक्टरेट ऑफ हेल्थ सर्विस (DHS) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते कुछ साल में टीबी के मरीजों की पहचान, इलाज और निगरानी में सुधार हुआ है लेकिन कुछ क्षेत्रों में गिरावट भी चिंता का विषय बनी हुई है। एक्सपर्ट का कहना है कि कई वर्ग ऐसे हैं जो खांसी, बलगम में खून आने जैसे लक्षणों इग्नोर करते हैं।

हेल्थ डिपार्टमेंट के रिपोर्ट के अनुसार, पब्लिक सेक्टर में टीबी मरीजों की पहचान (नोटिफिकेशन) 2020 के 59,746 से बढ़कर 2025 (30 नवंबर तक) में 75,150 तक पहुंच गई है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में भी मरीजों की संख्या 27,291 से बढ़कर 30,106 हो गई। यह दिखाता है कि टीबी के मामलों को ट्रैक करने और रिपोर्टिंग सिस्टम में सुधार हुआ है। वहीं, रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट में कमी चिंता का विषय बना हुआ है। जो दवा-प्रतिरोधी टीबी की पहचान के लिए जरूरी है, उसमें अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। पब्लिक सेक्टर में यह 64% (2020) से गिरकर 51% (2025) पर है। प्राइवेट सेक्टर में स्थिति और कमजोर है, जहां यह 49% से घटकर 28% तक सीमित है। यथार्थ अस्पताल के डॉ हरीश भाटिया बताते हैं कि टीबी एक एयरबोर्न बीमारी है, जो संक्रमित शख्स के खांसने/छींकने से फैलती है। इसका मुख्य कारण कमजोर इम्यूनिटी, कुपोषण, भीड़भाड़ और खराब वेंटिलेशन, डायबिटीज या अन्य बीमारियां हैं। उन्होंने बताया कि टीबी खत्म करने में कई बड़ी चुनौतियां सामने हैं। जैसे कोविड के कारण जांच और इलाज में रुकावट, कुपोषण और कमजोर इम्यूनिटी, Drug-resistant TB के बढ़ते केस, देर से डायग्नोसिस और अधूरा इलाज, शहरी भीड़भाड़ और स्लम एरिया में तेजी से फैलाव। इसी वजह से 2025 तक टीबी को खत्म करने का टारगेट पूरा करना कठिन हो गया है। कैलाश अस्पताल के डॉ. संचित मोहन बताते हैं कि टीबी को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लोग अब भी इसके लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते।

**वर्ल्ड टीबी डे आज**

- 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी तो तुरंत टीबी जांच कराएं
- खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकें
- घर में सही वेंटिलेशन रखें, ताजी हवा आने दें

# युद्ध के बीच और बढ़ती जा रही हैं मुश्किलें




## कच्चे माल की कीमतें बढ़ीं, जमाखोरी ने बढ़ाई महंगाई!

Abhishek.Gautam1 @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: रॉ मटीरियल की बढ़ती कीमतों ने संकट खड़ा कर दिया है। प्लास्टिक, केमिकल, एल्युमिनियम, कागज, कपड़ा और शीशा बनाने वाले कच्चे माल के दामों में करीब 60 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर फैक्ट्रियों के प्रोडक्शन पर पड़ा है। कई कारोबारियों को काम बंद करने या सीमित करने पर मजबूर होना पड़ा है। जमाखोरी की वजह से संकट और गहरा गया है।

**कई फैक्ट्रियां बंद होने की कगार पर**

कपड़ा कारोबारी अभिषेक गनेड़ीवाला ने बताया कि कई टेक्सटाइल मिल्स ने अब डिलीवरी डेट पर रेट लागू करना शुरू कर दिया है, जिससे व्यापारियों के लिए पहले से कीमत तय करना मुश्किल हो गया है। ऑर्डर के समय रेट फिक्स नहीं है। क्योंकि अब डिलीवरी के समय बढ़ी हुई कीमत लागू कर दी गई है, जिससे कपड़े के रेट में 30 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल है। कॉटन, पॉलिस्टर यार्न, विस्कोस और अन्य फाइबर के दाम बढ़ गए हैं। इसके अलावा रंगाई और प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स के दाम बढ़े हैं। सबसे अहम प्रोसेस हाउस चार्ज बढ़े गए हैं। यानी कमर्शल डीजल के रेट और गैस की कमी के कारण प्रोसेसिंग यूनिट्स में लागत और समय दोनों बढ़े हैं।

### क्या कहते हैं कारोबारी



प्लास्टिक से लेकर कागज, केमिकल समेत कई प्रकार के रॉ मटीरियल के रेट में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जमाखोरी से संकट बढ़ गया है। कुछ जगह पर रॉ मटीरियल बनाने वाली फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं। *-अरुण पोपली, चेयरमैन, ओखला चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज*



इंक, केमिकल, पेपर समेत कई प्रकार के रॉ मटीरियल के रेट में काफी बढ़ोतरी हुई है। फैक्ट्री चलाना मुश्किल हो गया है। प्रिंटिंग आइटम के रेट बढ़ गए हैं। अब तो मजदूरों के पलायन की चिंता सता रही है। *- कुलविंदर सिंह वोहरा, प्रिंटिंग फैक्ट्री संचालक*



प्लास्टिक बनाने में इस्तेमाल होने वाले पॉलिमर और रेजिन का संकट बना हुआ है। इसके रेट में काफी इजाफा हुआ है। पानी के बोतल से लेकर प्लास्टिक के ग्लास समेत प्लास्टिक आइटम के रेट में बढ़ोतरी हो गई है। *- सुमित टंडन, प्लास्टिक फैक्ट्री संचालक*



एल्युमिनियम प्रति किलो 100 रुपये महंगा हो गया है। इसकी वजह से डोर-विंडो बनाने का काम प्रभावित हो रहा। शीशे की कीमत में भी 25 से 30 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कुछ फैक्ट्रियां बंद होने के कगार पर खड़े हैं। *-अमित जैन, ग्लास और एल्युमिनियम कारोबारी*



अधिकांश इलाकों में घरेलू LPG सिलिंडर को लेकर हालात अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं

## LPG संकट का दाल मिलों पर फिलहाल सीधा असर नहीं

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

**ईरान-अमेरिका** तनाव के बीच देश में LPG गैस को लेकर बने हालात का दिल्ली की दाल मिलों पर फिलहाल सीधा असर नहीं पड़ा है, लेकिन इसके इनडायरेक्ट असर आने वाले समय में सामने आ सकते हैं। दिल्ली दाल मिलर्स (मिलर्स) असोसिएशन के वरुण गुप्ता ने कहा कि अभी सरकार के कदमों के चलते मिलों के संचालन में कोई बड़ी दिक्कत नहीं है और दालों की सप्लाई और कीमतें सामान्य बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में फिलहाल किसी तरह का पैनिक नहीं है। जरूरी क्वालिटी की दालें बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं पर फिलहाल कोई सीधा असर नहीं पड़ रहा है। लेकिन अगर युद्ध का दायरा बढ़ता है और शिपिंग प्रभावित होती है, तो सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ सकता है।

**युद्ध जारी रहा तो मजदूरों की हो सकती है कमी**

भारत में दालों की खरीद का प्रमुख सीजन मार्च से मई के बीच रहता है। वरुण गुप्ता के मुताबिक, दिक्कतें तब बढ़ेंगी जब जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी, इम्पोर्ट में देरी होगी या कंटेनर और माल भाड़ा जैसे खर्च बढ़ेंगे। हम अलग-अलग देशों से दाल निर्यात करते हैं। नरेला फूड प्रोसेसिंग के चेयरमैन राम प्रकाश गर्ग ने बताया कि LPG संकट का असर मिल्स से जुड़े मजदूरों पर पड़ रहा है।

### PNG से चल रहीं मिलें, उत्पादन सामान्य


मिल मालिकों के अनुसार, दिल्ली की ज्यादातर दाल मिलों में प्रोसेसिंग और ड्राइंग का काम PNG पाइपलाइन के जरिए होता है, जिससे उत्पादन फिलहाल प्रभावित नहीं हुआ है। साथ ही दाल को आवश्यक वस्तु की श्रेणी में रखा गया है, जिससे संचालन में राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि जून के आसपास जब विदेशी सीजन और नई फसल का समय होगा, तब असली असर देखने को मिल सकता है।

## आउटर में घरेलू गैस की किल्लतें होने लगी हैं दूर

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

**आउटर दिल्ली** के अधिकांश इलाकों में घरेलू LPG सिलिंडर को लेकर हालात अब धीरे-धीरे सामान्य दिखने लगे हैं। लेकिन यह सिर्फ रजिस्टर्ड कनेक्शन वालों के लिए है। ऐसे में गैस एजेंसियों पर लगने वाली लंबी लाइनें कम हुई हैं और उपभोक्ताओं को 4-5 दिन के भीतर सिलिंडर मिलने लगा है। हालांकि कमर्शल सिलिंडर को लेकर अब भी संकट बरकरार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरेलू गैस की सप्लाई में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन कई मामलों में डिलिवरी मैसेज आने के बाद भी सिलिंडर समय पर नहीं पहुंच रहा। वहीं, अलग-अलग एजेंसियों पर स्थिति में फर्क देखने को मिल रहा है। हलवाइयों, रेस्टोरेंट और होटल कारोबारियों के लिए स्थिति अभी भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। कई व्यापारियों ने बताया कि बढ़ती लागत के बावजूद रेट बढ़ाने पर ग्राहकों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। ऐसे में कुछ दुकानदारों ने अपने यहां अस्थायी रेट लिस्ट लगा दी है। नरेला इलाके में संजय कैटरर्स के मालिक संजय बंसल ने बताया कि कमर्शल सिलिंडर नहीं मिलने के कारण उन्हें अब डीजल से चलने वाली भट्ठी का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोदाम में मिठाइयां बनाई जाती हैं, लेकिन ऑन-द-स्पॉट बनने वाले आइटम जैसे चाट-पकौड़ी में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि सिलिंडर के लिए हर जगह तलाश कर चुके हैं, लेकिन नहीं मिल रहा। ऐसे में अब डीजल की भट्ठी चलाकर काम करना पड़ रहा है।

**लेकिन, कमर्शल सिलिंडर के लिए अभी भी मारामारी**



उपभोक्ताओं को 4-5 दिन के भीतर अब सिलिंडर मिलने लगा है

### घरेलू उपभोक्ताओं को आंशिक राहत

घरेलू कनेक्शन वालों को कुछ राहत मिली है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के 4-5 दिनों के भीतर सिलिंडर मिलने लगा है। हालांकि कुछ मामलों में अभी भी देरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। लेकिन बिना लीगल कनेक्शन के LPG का इस्तेमाल करने वालों के लिए हालात बेहद चिंताजनक हैं क्योंकि उन्हें किसी भी हालत में सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं।

## आजादपुर फ्लाईओवर के नीचे मिला शव, हत्या की आशंका




■ NBT रिपोर्ट, आदर्श नगर: आदर्श नगर इलाके में सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब आजादपुर फ्लाईओवर के नीचे फुटपाथ पर एक शख्स का शव पड़ा मिला। इस संबंध में शाम करीब 4:50 बजे पुलिस को सूचना मिली। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। देखा कि एक अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। उनकी नाक से खून बह रहा था, हालांकि शरीर पर किसी अन्य बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। पुलिस ने उन्हें बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस की ओर से उनकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है।

**शरीर पर किसी अन्य बाहरी चोट के नहीं हैं निशान**

## दिल्ली विधानसभा ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार प्रमुख बने रहने पर बधाई दी। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरुआत करने वाले मोदी ने अब सार्वजनिक जीवन में 8,931 दिन की जनसेवा पूरी कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख बनने का नया रिकॉर्ड कायम किया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक संत की तरह देश की सेवा की और राष्ट्र के विकास तथा सेवा के लिए समर्पित एक जीवन जिया है। उन्होंने एक दृष्टिकोण के साथ काम किया। मैं दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की ओर से उन्हें बधाई देती हूं। उन्होंने शासन तथा विदेश नीति के माध्यम से देश का गौरव और सम्मान बढ़ाया है।

## झिझिया नृत्य, भोजपुरी-मैथिली संगीत संग मना बिहार का जश्न

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बिहार स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली सचिवालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। दिल्ली के कला, संस्कृति और भाषा मंत्रालय की ओर से सोमवार को रखे गए इस कार्यक्रम में साहित्य कला परिषद के कलाकारों ने बिहार का पारंपरिक झिझिया नृत्य पेश किया। साथ ही भोजपुरी और मैथिली में संगीत और नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इनमें पेड़-पौधों और प्रकृति से जुड़े पारंपरिक भावों का प्रदर्शन हुआ, वहीं जीवन की चुनौतियों, हास्य, संवाद शैली और लोकजीवन की सहजता को भी खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से सभी को शुभकामनाएं दीं। मिश्रा ने कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' संकल्प की दिशा में दिल्ली में सभी राज्यों के स्थापना दिवस मनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुद्ध की ज्ञानस्थली और महावीर की तपस्थली बिहार का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। विश्व को शांति और सुशासन का संदेश देने वाला बिहार, भारत की गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। बिहार की समृद्ध संस्कृति और यहां की भाषा- भोजपुरी, मैथिली और मगही हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। दिल्ली सरकार ने पिछले साल पहली बार मॉडल छठ घाट बनाए और श्रद्धालुओं को कई वर्षों बाद यमुना घाट पर पूजन का अवसर मिला। पुरानी सरकार में यमुना घाट पर छठ पूजा करने पर श्रद्धालुओं पर किए गए मुकदमे भी हमारी सरकार ने वापस लिए। आने वाले वर्षों में छठ पर्व की भव्यता और बढ़ेगी।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

IN FOND MEMORY OF OUR DEAREST BELOVED

Rashmi Kandhari
5th June 1955 - 21st March 2026
"She Celebrated Each Moment, Dancing Through Life"
Chautha Prayer Ceremony
Tuesday, 24th March 2026
4:00 to 5:00 pm
Vasant Vihar Gurudwara
F-1/4, Munirka Marg, Block F, New Delhi
With Deep Love & Respect
HUSBAND
Dr. Sanjiv Kandhari
SON & DAUGHTER-IN-LAW
Dr. Rajat & Gargi Kandhari
DAUGHTER & SON-IN-LAW
Devika & Gautam Chopra
BROTHER & SISTER-IN-LAW
Dr. Shobhit Chawla & Bani Chawla
BROTHER & SISTER-IN-LAW
Manoj & Mala Chawla
GRANDCHILDREN
Veer & Diya Kandhari | Shiv & Mia Chopra

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 50 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact
व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

मैं, मनीषा चटर्जी, पुत्री श्री मोहिंदर शर्मा, निवासी E-1903, गोदरेज प्रोविडेंस, सेक्टर-89, गुरुग्राम, हरियाणा -122001, ने अपना नाम मनीषा चटर्जी से बदलकर मनीषा शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीषा शर्मा के नाम से जाना जाएगा।

मैं, तरुण शर्मा, पुत्र किशन लाल शर्मा, निवासी मकान नंबर 61, ग्राम दौलतहेड़ी, तहसील तावडू, जिला नूंह (मेवात), ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपनी नाबालिग पुत्री का नाम पलाशी शर्मा से बदलकर पलाशी कौशिक कर लिया है।



I, Jagmohan S/o Bishambar Dass R/o A-662A, Ansals Palam Vihar, Choma 62, Carterpuri, Gurgaon, Haryana-122017 have changed from Jagmohan to Jagmohan Nanda for all future Purposes

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 03-23-2026 21:44 Color:



# DU में प्रदर्शन, रैली के लिए 72 घंटे पहले लेनी होगी इजाज़त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


File Photo

**प्रदर्शन पर** बैन पर हाई कोर्ट की आपत्ति के बाद अब दिल्ली यूनिवर्सिटी ने प्रदर्शन के लिए इजाजत लेने का निर्देश दिया है। सोमवार को DU ने नोटिस जारी कर कहा कि स्टूडेंट्स, टीचर्स और कर्मचारियों को कैंपस में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, धरना, रैली या सभा, जुलूस किसी भी आयोजन से पहले सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रॉक्टर की ओर से जारी नए नोटिस में कहा गया है कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर आयोजकों और प्रतिभागियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें निष्कासन, बर्खास्तगी से लेकर पुलिस कार्रवाई शामिल है।


17 फरवरी को DU ने स्टूडेंट्स, टीचर्स और स्टाफ पर कैंपस में किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन पर एक महीने के लिए रोक लगा दी थी। यह मामला हाई कोर्ट गया, जिस पर कोर्ट ने पूरी तरह से बैन के आदेश पर एतराज जताया और कहा कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। अब DU ने कोर्ट के नोटिस के बाद नया नोटिस जारी किया है। DU प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आयोजकों के लिए अनिवार्य होगा कि वे आवेदन की एक हार्ड कॉपी, खुद उपस्थित होकर जमा करें, जिस पर उनके हस्ताक्षर हों और सभी जानकारी शामिल हो। आवेदन को DU के प्रॉक्टर ऑफिस और संबंधित स्थानीय पुलिस अधिकारियों के पास जमा करनी होगी।

**हाई कोर्ट की आपत्ति के बाद हटाया गया है बैन**

आयोजकों को कार्यक्रम से कम से कम 72 घंटे पहले प्रॉक्टर कार्यालय और स्थानीय पुलिस (DCP/SHO) को आवेदन देना होगा और कार्यक्रम के नेचर (प्रोटेस्ट, पब्लिक स्पीच, धरना, रैली वगैरह), अवधि, प्रतिभागियों की संख्या और वक्ताओं की जानकारी भी देनी होगी। यूनिवर्सिटी ने कहा है कि सोशल मीडिया पोस्ट, व्हाट्सऐप मैसेज या पोस्टर को आधिकारिक अनुमति नहीं माना जाएगा। साथ ही, बाहरी लोगों की भागीदारी पर भी पूरा प्रतिबंध लगाया गया है। UGC इक्विटी नियमों को लेकर 13 फरवरी को DU में एक कार्यक्रम के दौरान हुए दो गुटों के बीच हंगामे के बाद प्रदर्शन पर एक महीने की रोक लगा दी गई थी।




## महानगर में आज



**मेटा थिएटर फेस्ट**
श्रीराम सेंटर में नाटक 'मिथ्यासुर', सफदर हाशमी मार्ग, मंडी हाउस, शाम 7 बजे से। 21वां मेटा थिएटर फेस्टिवल 2026 के साथ आज अजीत सिंह पल्लावत के निर्देशन में 'मिथ्यासुर' नाटक (हिंदी और हिंदुस्तानी) दर्शकों के बीच होगा। उजागर ड्रामेटिक असोसिएशन इस नाटक को लेकर आया है।

**दिल्ली संग रंग**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'अ लाइट विदइन', विजुअल आर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार उषा गहोदिया की वर्क्स और सेरेमिक एग्जिबिशन की खूबसूरती आज कला प्रेमियों के बीच होगी।

**युवा रंगमंच**



इंडिया हैबिटेट सेंटर में कॉलिजिएट फेस्टिवल थिएटर एंड म्यूजिक, एंफिथिएटर, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। शिवाजी कॉलेज की थिएटर सोसायटी 'वयम' की ओर से नाटक 'हेमैरा' और हंसराज कॉलेज के थिएटर ग्रुप हंसराज ड्रामाटिक्स सोसायटी की ओर से 'लाट साहब लौट आए' का आनंद आज दर्शक ले सकते हैं।

**समन्वय**
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'समन्वय', मेन आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। दिल्ली आर्ट सोसायटी की इस एग्जिबिशन के साथ भारतीय समकालीन कला के कई भाव और रंग महसूस किए जा सकते हैं। शो के क्यूरेटर ज्योति कठपालिया हैं।

**कला का संसार**
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'वेयर डज द माइंड स्टॉप, एंड द वर्ल्ड बिगिन', तानसेन रोड, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

# आतंकी मॉड्यूल में हथियार सप्लाई करने वाला अरेस्ट

Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** स्पेशल सेल ने पाकिस्तान बेस्ड गैंगस्टर से आतंकी बने शहजाद भट्टी के टेरर मॉड्यूल से जुड़े एक ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यूपी के रामपुर निवासी 18 साल के हरमंदीप सिंह उर्फ हरमन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के साथ चैट, फोटो और विडियो मिले हैं। इसके अलावा काले रंग की स्प्रे पेंट की बोतल भी मिली है, जिसका इस्तेमाल दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखने में किया जाता था।


**सोशल मीडिया के जरिए मॉड्यूल से जुड़ा आरोपी**

स्पेशल सेल के मुताबिक, हरमन सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए शहजाद भट्टी के संपर्क में आया था। शुरुआत में वह धीरज उर्फ धीरू के संपर्क में आया, जिसने 25 नवंबर 2025 को हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस स्टेशन पर हैंड ग्रेनेड हमला किया था और बाद में गिरफ्तार हुआ था। जांच में सामने आया कि हरमन ने धीरज का साथ दिया और फिर शहजाद भट्टी के अन्य साथियों से संपर्क बना लिया। इसके बाद उसे भारत में अनस नाम के शख्स से मिलवाया गया।

पुलिस के मुताबिक शहजाद और लॉरेंस गैंग में इन दिनों ठनी है। आतंकी शहजाद भट्टी के सिंडिकेट पर स्पेशल सेल निगरानी रख रही थी। इसी कड़ी में हरमन पकड़ा गया। पकड़े जाने पर हरमन ने दावा किया कि उसके साथी कश्मीरी गेट में हनुमान मंदिर के पास हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे।

शहजाद भट्टी ने हरमन को ड्रोन के जरिए भारत में भेजे जा रहे हथियार और गोला-बारूद की सप्लाई करने का टास्क दिया था। बदले में उसे पैसे और दुबई में बसाने का लालच दिया गया था। शहजाद भट्टी का नेटवर्क सोशल मीडिया के जरिए भारत के युवाओं को निशाना बनाता है। हैंडलर दूर बैठकर पूरे ऑपरेशन को कंट्रोल करते हैं।

पुलिस के अनुसार, हरमन सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव था और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए रील बनाता था। साल 2023 में पिता से विवाद के बाद वह घर छोड़कर अमृतसर चला गया था।


AI Image

## लाल किला केस में NIA का J&K में छापा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लालकिले के सामने पिछले साल 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने जम्मू-कश्मीर में नौ ठिकानों पर छापेमारी की। यहां से कई अहम दस्तावेज और अन्य चीजें बरामद की गईं। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में एनआईए करीब एक महीने पहले अप्रैल में ही चार्जशीट दाखिल कर सकती है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली ब्लास्ट मामले में जम्मू-कश्मीर में नौ ठिकानों पर छापेमारी की गई। इन स्थानों में कुपवाड़ा जिले का हंदवाड़ा इलाका, बारामूला जिले का रफियाबाद और कुलगाम समेत श्रीनगर जिले के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी ठिकानों पर एनआईए की अलग-अलग टीमों ने एक साथ छापेमारी की। पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास एक कार में बम विस्फोट किया गया था। हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी।

# उधार की रकम के विवाद में हत्या, 1 आरोपी अरेस्ट


AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, कंझावला:** कंझावला इलाके में 30 हजार रुपये उधार की रकम को लेकर हुए विवाद में एक शख्स की हत्या का मामला सामने आया है। कंझावला पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर कुछ ही समय में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा और आरोपी के कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

रोहिणी जिला डीसीपी शशांक जायसवाल के मुताबिक, 16 मार्च को पीसीआर कॉल के माध्यम से कंझावला थाने को झगड़े की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि 55 वर्षीय अगनू नाम के घायल शख्स को तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान अगनू की मौत हो गई। पुलिस को मृतक की पत्नी 30 वर्षीय सविता के बयान दिए कि विवाद 30 हजार रुपये के उधार को लेकर हुआ था, जो उसने और उसके पति ने दिनेश नामक शख्स से लिए थे। इसी बयान के आधार पर कंझावला थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसी बीच कंझावला इंडस्ट्रियल एरिया के पास छापेमारी कर 70 वर्षीय आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया।

# पालम अग्निकांड में घायल दो साल की बच्ची को मिली अस्पताल से छुट्टी

नवीन निश्चल, पालम


File Photo

**पालम अग्निकांड** में घायल हुए तीन लोगों में से एक बच्ची को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। जबकि उनके पिता अनिल का ऑपरेशन हुआ है, उनके डिस्चार्ज होने में अभी कुछ दिन और लग सकता है। उनको हेड इंजरी हुई थी और इस अग्निकांड में घायल अनिल के छोटे भाई सचिन जो 25 पर्सेंट जल गए थे, उनको अभी सफदरजंग अस्पताल में ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

डॉक्टर ने परिवारवालों को कहा है, कि अभी उनको डिस्चार्ज करने में समय लग सकता है। कम से कम 10 से 15 दिन का और भी समय लग सकता है। तब उन्हें छुट्टी दी जाएगी।

वहीं, दूसरी तरफ सोमवार दोपहर बाद दिल्ली पुलिस की एक टीम फिर घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर कुछ और जांच के लिए पहुंची थी, हालांकि उन्होंने मौके पर इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

अब पालम का राम चौक मार्केट पूरी तरह से खुल गया है। उसके कारण अब सिर्फ बिल्डिंग के बाहर ही बैरिकेड लगाकर वहां पर सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती की गई है। बिल्डिंग के आगे के पूरे हिस्से को ग्रीन कलर के नेट से ढंक दिया गया है। 2 दिन पहले ही फरेंसिक की टीम जांच के लिए आई थी और वहां से काफी सारे सबूत इकट्ठा करके ले गई है।

- 2 घायल भाई अभी भी अलग-अलग अस्पताल में हैं भर्ती
- घायल अनिल के सिर में चोट के बाद हुआ उनका ऑपरेशन
- घायल सचिन सफदरजंग अस्पताल में ऑब्जर्वेशन में हैं

**रुक-कर देख रहे बिल्डिंग को लोग:** जिस मार्केट के अंदर बिल्डिंग में हादसा हुआ, वह पूरी तरह खुल चुकी है। लोग खरीदारी करने आ रहे हैं और वहां से गुजरते वक्त कुछ मिनट रुककर देख भी रहे हैं। हालांकि इस मामले को लेकर बिल्डिंग के ओनर राजेंद्र कश्यप और उनके कोई भी परिवारवाले अभी प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। लेकिन आसपास के पड़ोसी दुकानदार अभी भी इसी अग्निकांड को लेकर चर्चा कर रहे हैं और फायर सिस्टम को लेकर सवाल कर रहे हैं।

# 21.46 लाख की ठगी में दो अरेस्ट


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साइबर थाना पुलिस ने करोल बाग इलाके हुए 21.46 लाख के ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को सीकर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से आईफोन, एक मोबाइल और वित्तीय लेन-देन से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। सेंट्रल जिले के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 13 नवंबर 2025 को साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे ठगों ने अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश के लिए फंसाया।

# पुरानी रंजिश में चाकू से हमला

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** चौहान पट्टी इलाके में पुरानी रंजिश में चार लड़कों ने सोनिया विहार के दाई पुश्ता इलाके में रहने वाले 15 साल के नाबालिग पर शनिवार को चाकू से हमला कर जान लेने की कोशिश की। गंभीर हालत में नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में पीड़ित के बयान पर सोनिया विहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि करीब 10 दिन पहले अरमान और अर्जुन के साथ उनका झगड़ा हुआ था।

# अपहरण मामले में नेपाल बॉर्डर से आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, शालीमार बाग


AI Image

**नॉर्थ वेस्ट** जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (AATS) ने कॉन्स्टेबल और उसके ड्राइवर के अपहरण और लूट के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रोहतक निवासी राहुल नैन और झज्जर निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने विनोद को भारत-नेपाल बॉर्डर तक पीछा कर पकड़ा है।

पुलिस के मुताबिक, 23 फरवरी की रात करीब 2:15 बजे आबकारी डिपार्टमेंट के कॉन्स्टेबल नरेश शर्मा अपने ड्राइवर राहुल के साथ शालीमार बाग इलाके में अवैध शराब सप्लाई की जानकारी जुटा रहे थे। इसी दौरान शराब माफिया से जुड़े कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ पहुंचे और दोनों से पूछताछ करने लगे।

सरकारी पहचान बताने पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की और जबरन बहादुरगढ़ ले गए। वहां एक गोदाम में दोनों को बंधक बनाकर रखा। आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर धमकाया, विडियो बनाई और पर्स छीन लिया। हालांकि कुछ टाइम बाद दोनों को छोड़ दिया गया।

- शराब माफिया ने किया था कॉन्स्टेबल और उसके ड्राइवर का अपहरण
- मामले में एक आरोपी हो चुका है पहले ही अरेस्ट

पीड़ित की शिकायत पर शालीमार बाग थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। सबसे पहले मुख्य आरोपी राहुल नैन को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी विनोद कुमार की तलाश शुरू हुई। लोकेशन बदलते हुए आरोपी नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे 18-19 मार्च की रात बनबसा हाईवे के पास पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# पेड़ और बिजली के खंभे से टकराई DTC बस, 1 घायल




■ **NBT न्यूज, मंगोलपुरी:** मंगोलपुरी इलाके में सोमवार को दिन में डीटीसी की एक बस का एक्सिडेंट हो गया, जो मंदिर रोड से पुलिस स्टेशन की तरफ जा रही थी। जैसे ही पुलिस कॉलोनी के पास पहुंची, बस का फ्रंट एक्सल टूट गया और बस ड्राइवर का कंट्रोल खत्म हो गया। बस अनियंत्रित होकर पेड़ और बिजली के खंभे से टकरा गई। इस एक्सिडेंट में फुटपाथ पर मौजूद एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान नितिन के रूप में हुई, जो मंगोलपुरी के ही रहने वाले हैं। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया।

डीसीपी आउटर विक्रम सिंह ने बताया कि घायल के हाथ और सर में चोट लगी है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मंगोलपुरी थाना की पुलिस ने मामला दर्ज किया है और बस के ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। उसकी पहचान नरेंद्र के रूप में हुई है, जो हरियाणा का रहने वाला है।

# ट्राले में घुसी बाइक, नाबालिग की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

**सिग्नेचर ब्रिज** के पास शनिवार-रविवार देर रात 17 वर्षीय बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनका 16 साल का साथी मामूली रूप से घायल हो गया। तीनों बाइक से कालकाजी मंदिर जा रहे थे। सिग्नेचर ब्रिज के पास बाइक ट्राले में जा घुसी। मृतक की पहचान करावल नगर निवासी 17 वर्षीय निखिल के तौर पर हुई है। वहीं घायल की पहचान 16 वर्षीय इंद्रजीत के तौर पर हुई है।

हादसे के वक्त बाइक पर निखिल के बड़े भाई 21 वर्षीय गोविंद भी सवार थे। वह बाल-बाल बच गया। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। न्यू उस्मानपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 281/125(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगालकर फरार ट्रॉला ड्राइवर का पता कर रही है।


पुलिस अधिकारी के मुताबिक 17 वर्षीय निखिल अपने परिवार के साथ करावल नगर एक्सटेंशन में रहते थे। परिवार में पिता राजेन्द्र, मां, भाई समेत अन्य सदस्य हैं। घायल इंद्रजीत भी अपने पिता बॉबी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ करावल नगर में ही रहते हैं। शनिवार देर रात निखिल अपने बड़े भाई गोविंद और दोस्त इंद्रजीत के साथ बाइक से कालकाजी माता मंदिर जाने के लिए निकले थे। जब वह सिग्नेचर ब्रिज के पास पहुंचे। तभी उनकी बाइक ट्राले में पीछे से जाकर टकरा गई।

टक्कर लगते ही गोविंद और इंद्रजीत पीछे ही गिर गए और उनको चोटें आईं। जबकि निखिल बाइक समेत ट्राले में घुस गए। आशंका जताई जा रही है कि ट्राले के अचानक रुकने या ब्रेक लगाने के चलते हादसा हुआ है।

- सिग्नेचर ब्रिज के पास हुआ हादसा, एक युवक जख्मी भी हुआ
- सीसीटीवी खंगालकर फरार ट्रॉला ड्राइवर की तलाश कर रही पुलिस

नॉर्थ ईस्ट जिला के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि 22/23 मार्च की रात न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन को एक हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस सिग्नेचर ब्रिज के पास पहुंची। वहां बाइक दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली।

जांच में पता चला कि घायल लोगों को सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर, सिविल लाइंस में भर्ती कराया जा चुका था। ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर पता चला कि घायल निखिल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। वहीं घायल इंद्रजीत को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी। मौके से फरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए हैं। फिलहाल पुलिस फरार ट्रॉला ड्राइवर की तलाश कर रही है।



# 'स्कंदमाता के पूजन से मिलता है अपूर्व ज्ञान'

■ रमेश जैन, नई दिल्ली : सोमवार को माता के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना श्रद्धापूर्वक की गई। श्री भरत इंद्रेश्वर मंदिर में माता का श्रृंगार, पूजन किया गया, जागरण, भजन-कीर्तन भी हुआ। सभी भक्तों को प्रसाद के पैकेट दिए गए। सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में पंडित अनिल ने माता के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा संपन्न कराई और बताया कि इस माता की भक्ति से अपूर्व ज्ञान की प्राप्ति होती है। श्री वैष्णो दरबार नीलम माता मंदिर मयूर विहार, फेज-दो महिला संकीर्तन हुआ और माता की चौकी लगाई गई। आद्यकात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर छतरपुर में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचे। इसके अलावा सीताराम संत सेवा मंदिर जनकपुरी, नीलकंठ मंदिर ईस्ट पटेल नगर, पंचेश्वर मंदिर विकास मार्ग, गुफा वाला मंदिर प्रीत विहार, हरिहर उदासीन आश्रम कमला मार्केट, राम मंदिर सी-3, जनकपुरी, चिंता हरण मंदिर मानस मार्ग चाणक्यपुरी, गंगेश्वर धाम करोल बाग व अन्य मंदिरों में भी नवरात्र भक्तिभाव से मनाए गए।

## मां दुर्गा का छठा रूप 'मां कात्यायनी'



नवरात्र के छठे दिन दुर्गाजी के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा और अर्चना की जाती है। ऐसा विश्वास है कि इनकी उपासना करने वाले को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति हो जाती है। इन्होंने कात्य गोत्र के महर्षि कात्यायन के यहां पुत्री रूप में जन्म लिया, इसीलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। इनका रंग स्वर्ण की भांति अत्यन्त चमकीला है और इनकी चार भुजाएं हैं।

दाईं ओर के ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में है और नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में खड्ग अर्थात् तलवार है और नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है। इनका वाहन भी सिंह है। शास्त्रों में ऐसा उल्लेख पाया जाता है कि महर्षि कात्यायन ने सर्वगुण संपन्न पुत्री पाने के उद्देश्य से भगवती पराम्बा की कठिन तपस्या की और इन्हें पुत्री के रूप में कात्यायनी की प्राप्ति हुई। क्योंकि ये ब्रजभूमि की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं, संभवतः इसीलिए ब्रज प्रदेश की गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए यमुना के तट पर इन्हीं मां कात्यायनी की पूजा की थी। इनके पूजन में मधु अर्थात् शहद का विशेष महत्व बताया गया है, इसलिए इन्हें मधु का भोग अवश्य लगाना चाहिए। शास्त्रों में ऐसा भी कहा गया है कि इनके उपासक को किसी भी प्रकार का भय नहीं रहता।

**इनकी पूजा, अर्चना और स्तवन निम्न मंत्र से किया जाता है।**

चंद्रहासोज्ज्वलकरा, शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यात्, देवी दानवघातिनी।।

अर्थात् चंद्रहास की भांति देदीप्यमान, शार्दूल अर्थात् शेर पर सवार और दानवों का विनाश करने वाली मां कात्यायनी हम सबके लिए शुभदायी हों।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



■ NBT न्यूज, रेवाड़ी : दिल्ली-जयपुर हाइवे पर रुद्ध ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार बैंककर्मी को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत फरार हो गया। हालांकि इससे पहले राहगीरों ने ट्रक का नंबर नोट कर लिया था। ट्रक नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जिले के गांव मालपुरा निवासी 28 वर्षीय कर्मपाल बावल स्थित एक फाइनेंस बैंक में काम करते थे। रविवार देर शाम को वह अपनी बाइक से घर जा रहे थे। हाइवे पर रुद्ध ओवरब्रिज के पास पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कर्मपाल लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चकनाचूर हो गई। कसौला थाने के जांच अधिकारी धर्मवीर ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## तिहाड़ के DG को जोया के उत्पीड़न आरोपों पर कार्रवाई का आदेश



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल में उत्पीड़न और जबरन वसूली के आरोपों से जुड़े एक मामले में दखल देते हुए जेल महानिदेशक (DG) को निर्देश दिया है कि वे कैदी जोया खान की ओर से दायर शिकायत पर दो हफ्तों के अंदर फैसला लें। जस्टिस मनोज जैन ने सोमवार को याचिका का निपटारा करते हुए आदेश दिया कि DG को खान को इस फैसले के बारे में बताना होगा। कोर्ट ने साफ किया कि अगर वह जेल विभाग के फैसले से असंतुष्ट होती हैं, तो उनके पास हाई कोर्ट में दोबारा अपील करने का अधिकार सुरक्षित है।

**नादिर शाह हत्याकांड में आरोपी है जोया खान**

जोया खान हाशिम बाबा की पत्नी हैं और नादिर शाह हत्याकांड में आरोपी हैं। वह फिलहाल मंडोली जेल नंबर-6 में बंद हैं। उनकी लीगल टीम का नेतृत्व एडवोकेट जोगिंदर तुली कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जेल अधिकारियों ने खान को परेशान करना शुरू कर दिया है और उनके परिवार से मुलाकात करवाने के बदले पैसे और सोने की ज्वेलरी की डिमांड की। याचिका में दुर्व्यवहार की कुछ खास घटनाओं का जिक्र किया गया है। जिनमें आरोप है कि 2 मार्च को अधिकारियों ने कथित तौर पर खान को रमजान के महीने में रोजा रखने से रोका। याचिका में दावा किया गया है कि यह हरकत दिल्ली जेल नियम, 2018 के नियम 1142 का उल्लंघन है। इसके अलावा 13 मार्च को वॉर्ड नंबर 9 इलाके में उत्पीड़न की दूसरी घटना सामने आई।

**स्वतंत्र जांच की मांग:** खान की वकील, एडवोकेट आनंद देवी ने 9 मार्च को हुई एक लीगल मीटिंग के बाद इन उल्लंघनों की जानकारी दी। याचिकाकर्ता अब तिहाड़ जेल के चार अधिकारियों के खिलाफ स्वतंत्र जांच की मांग कर रही हैं, जिनमें दो सहायक अधीक्षक और दो मैट्रन शामिल हैं। खान पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस (NDPS) एक्ट के तहत भी आरोप हैं। उन्होंने याचिका में कहा है कि इस महीने की शुरुआत में जेल अधिकारियों को ईमेल के जरिए शिकायतें भेजी थीं, लेकिन उन पर पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

## महिला को डंपर ने कुचला, मौत

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी : नैशनल हाइवे-48 स्थित नेहचाना कट पर सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। मृतका की पहचान 51 वर्षीय रेनू देवी के रूप में हुई। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जबकि पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राहगीरों ने उन्हें बावल के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां से रेवाड़ी रेफर किए जाने के बाद मौत हो गई।


स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
तिथि: 27 से 30 मार्च 2026
शुल्क मात्र ₹12,999 प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें।
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल व्हाट्सऐप पर भेजें।
9910475909
NBT नवभारत टाइम्स



इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
IRCON
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN : L45203DL1976GOI008171

अभिरुचि की अभिव्यक्ति

अनुभवी एजेंसियों से केवल सिविल कार्यों हेतु "इंजीसी मोड पर असम राज्य में नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे की फरकटिंग–न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण परियोजना के संबंध में सेलेनघाट और मोघो स्टेशनों के मध्य ट्रैक का दोहरीकरण (टेंडर आईडी : 2026_IRCON_272633-1)" प्री–बिड टाई अप के माध्यम से सब–कॉन्ट्रैक्टर के रूप में जुड़ने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है।

अधिक जानकारी एवं अपडेट के लिए, कृपया इरकॉन की वेबसाइट www.ircon.org एवं www.etenders.gov.in पर निविदा खंड देखें। संशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर होस्ट किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक/व्यवसाय विकास



पनवेल महानगरपालिका
ता. पनवेल, जिल्हा - रायगड, पनवेल ४१० २०६

जा.क्र.पमपा/पापुवि/१९२५/प्र.क्र.०१/१८८/२०२६ दिनांक : २३/०३/२०२६

निविदा सुचना

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम |
|---|---|---|---|
| १ | PMC / WS/49/ 2025-26 | देहरंग धरणातून पनवेल शहराकरिता वाढीव पाणी पुरवठा योजना करणे. | रु. ११५,४८,४१,२५५/– |

वरील ई-निविदेबाबतची माहिती शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर दिनांक २४/०३/२०२६ रोजी प्रसिद्ध करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/–
(गणेश शेटे)
अतिरिक्त आयुक्त–१
पनवेल महानगरपालिका



उत्तर मध्य रेलवे

No. DYCE-II-GSU-PRYJ-07-2026 दिनांक: 20.03.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता-II/जी.एस.यू/प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा- दो पैकेट प्रणाली)। बोली लगाने वाले अपने मूल/ संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या : DYCE-II-GSU-PRYJ-07-2026 | अनुमानित लागत: ₹ 163.33 करोड़ |
| कार्य का विवरण: उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज डिवीजन के अछनेरा-टुंडला खंड में एलसी संख्या 25 के स्थान पर किलोमीटर 1153/13-15 पर एप्रोच के साथ 2 लेन आरओबी (एंड टू एंड) का निर्माण, किलोमीटर 1154/23-25 पर एलसी संख्या 26 के स्थान पर 2 लेन आरओबी (एंड टू एंड) का निर्माण और किलोमीटर 1226/9-11 पर एलसी संख्या 60 के स्थान पर एप्रोच के साथ 2 लेन आरओबी (एंड टू एंड) का निर्माण। | |
| धरोहर राशि: ₹ 3,26,66,500/- | निविदा फार्म का मूल्य: 0.00/- |
| खुलने की तिथि: 14.04.2026, 15:00 Hrs. | कार्य समापन अवधि: 15 महीने |

नोट: 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) https://www.ireps.gov.in पर निर्धारित तिथि तक 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

645/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



REDEVELOPMENT TENDER NOTICE

Ref: Redevelopment Tender / MIRA / 26-27 Date: 24th March 2026

Request for DEMOLITION, REDEVELOPMENT and CONVEYANCE OF NEW SUPERSTRUCTURE

MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2) are the lawful owners of Premises, total land, Property of admeasuring 40,969 sq.mtrs. (4,40,990 sq.ft.) on plot of land bearing 39, Shankar Shet Road, Pune - 411 037. The office bearers of the Society, the undersigned signatories on behalf of the Society, invite sealed offers from Real Estate Bidder/ Tenderers/ Companies having experience in development of residential cum commercial complexes.

The Bidder /Tenderer should have completed at least 1 (One) project each of value at Construction Cost, more than Rs. 800,00,00,000/- (Eight Hundred Crores), an urban Highrise project of 20 floors or more in last five years, priority will be given to the developers, who have successfully completed multiple projects of the above mentioned configuration. The bidder/ tenderer should go through prequalification criteria document and provide acceptance before purchase of tender document. Date & schedule of the tender process are mentioned in the tender. Offers are requested for bids for Demolition, entire Redevelopment and Conveyance of New Superstructure of our existing structures in MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2) premises owned by the Society members on the said plot of land. The members of society expect Bidder/Tenderer to carry out the proposed Redevelopment of The Society's buildings in lieu of FSI/TOD/ TDR/ Premium FSI/Green Building FSI, Ancillary FSI along with road widening FSI /TOD/Enhancement of FSI etc. if any by statutory authority. The Tender document can be obtained from the Office at MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2) 39, Shankar Shet Road, Pune - 411037, from 24.03.2026 to 07.05.2026 between 11.00 A.M. to 7.00 P.M. (excluding all Saturdays and public holidays). The tender document will be issued to the tenderers on payment of non-refundable fee amounting to Rs. 3,00,000/- (Rs. Three Lakhs Only) + 18% GST as applicable by Demand Draft payable at Pune drawn in favor of "MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)" The duly filled and sealed Tender shall be submitted on 27.06.2026 between 11.00 A.M. to 5.00 P.M. at the above mentioned Society's office. The Tenders will be opened on the same day of the submission date i.e., 27.06.2026 at 7.00 P.M. at a place which will be notified at the time of the submission of the tender on 27.06.2026. "MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)" reserves all the rights to accept or reject any or all the tenders without assigning any reasons thereof.

For MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)
Hon. Chairman Mr. Vijay Dhere M: +91 9822268268
Hon. Secretary Mr. Mubeen Sayed M: + 91 9371018690

Project Architect & Project Management Consultant
Devendra Dhere (Architect and Urban Planner) Mob : +91 9158182555
Email : devendra@ddarchitectsdesign.com



उत्तर पश्चिम रेलवे
सर्वेक्षण एवं निर्माण
(No. JU/Const./74-W-15/2025-26/ BGKT/VBTSD/PH-II, Dated: 21.03.2026)
प्रथम शुद्धि पत्र ई–निविदा सूचना सं. T.No. JU/Const./T-04-2025-26-BGKT-PH-II, दिनांक: 07.03.2026
414-DK/26



पश्चिम रेलवे
वडोदरा मंडल
इलेक्ट्रिक लोको वर्कशॉप का संचालन एवं रखरखाव
https://www.ireps.gov.in, इलेक्ट्रिक लोको वर्कशॉप, दिव्यी फाटक के पास, प्रतापनगर, वडोदरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता का कार्यालय, इलेक्ट्रिक लोको वर्कशॉप, प्रतापनगर, वडोदरा 391110 गुजरात
BRC 399
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



गुमशुदा की तलाश



अंजलि

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम अंजलि पुत्री: कैलाश सिंह पता: 2/8 खिचड़ीपुर, दिल्ली, लिंग: महिला, उम्र: 21 वर्ष कद: 5'2", रंग: गेहुंआ, चेहरा: गोल शरीर: मध्यम, पहनावा: हल्की नीली जींस और मैरून टॉप और पैरों में चप्पल पहन रखी है जो दिनांक 28.02.2026 से 2/8 खिचड़ीपुर, दिल्ली, थाना क्षेत्र कल्याणपुरी, दिल्ली, से लापता है। इस बाबत DD No. 63A, दिनांक: 02.03.2026 थाना: कल्याणपुरी, दिल्ली, में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
थानाध्यक्ष, पुलिस स्टेशन: कल्याणपुरी, दिल्ली, मो. नं. 8750871830, 9871458349
DP/3773/ED/2026



गुमशुदा की तलाश



उजमा खान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम उजमा खान, पत्नी: जियाउद्दीन खान, पता: म. नं. जे–149, जे–एक्सटेंशन, किशन कुंज, लक्ष्मी नगर, दिल्ली जोकि दिनांक 14.03.2026 को शाम करीब 07:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में DD No. 16 A, दिनांक 15.03.2026 पुलिस थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

नाम: उजमा खान, उम्र: 38 वर्ष, कद: 5'4", रंग: गोरा, शरीर: मध्यम, चेहरा: गोल, पहनावा: काले रंग की सलवार, लाल और काले रंग का सूट, पीले रंग का दुपट्टा और पैरों में काले रंग की हवाई चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638 / 24368641, फैक्स: 011-24368639
थाना प्रभारी, पुलिस थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली, फोन: 8750870622
DP/3707/ED/2026



TIMES interact — To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

न्यायालय सूचना

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedure)
In The Court of Sh. Ramesh Kumar-II, LD, District Judge (Commercial Court-08), Central, Room No. 308, Tis Hazari Court Extension Block, Delhi
CS (COMM) 513/2025
Deepak Kumar Goyal V/s Munnay Khan
To, Munnay Khan Prop. of M/s M.K Electric Company, H.No. F-19, Flat No. 302, 3rd Floor, Al Habib Masjid, Abul Fazal Enclave, Part-2, Shaheen Bagh, South Delhi, Jamia Nagar, New Friends Colony, New Delhi-110025
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on 27.03.2026 the day fixed for the final disposal, it will be heard & determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 24.02.2026

व्यक्तिगत — नाम परिवर्तन

I, Ayush Goyal, S/o Mukesh Goyal, residing at 688, Sector-37, Faridabad, Haryana - 121003, have changed my name to Ayush Layog via affidavit dated 20/03/2026 sworn before notary Notary Area Faridabad (Government of India) for all future purposes.

I Preeti Srivastava D/o R.K Srivastava R/o G8-1606, Nirala Greenshire, Greater Noida West, Uttar Pradesh have changed my name from Preeti Bhatnagar to Preeti Srivastava for all future purposes.

I Amrit Kaur W/o Ravinder Singh R/o WZ-203A, Gali No.23, Sant Garh, Tilak Nagar, New Delhi-18 have chaned my name to Amrita Kaur for all future purposes.

I, Vansh Vimal S/o Manoj Kumar Vimal, resident of H.No.25, Block B, Plot No.24, Delhi Citizen Apartment, Sector-13, Rohini, Delhi-110085, have changed my name from Vansh Vimal to Vansh Gambhir and will be known as Vansh Gambhir henceforth.

I Nitin Saxena S/o Prag Narayan R/o Gurgaon, Haryana have changed my name from Nitin Saxena to Nitin Kumar for all future purposes.

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

टेंडर और नोटिस — सार्वजनिक सूचना (नोटिस) — निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS
सैक्स संबंधी रोग — नवीन क्लीनिक 9811564909 9210990444
सैक्स रिलेटेड इशू — आज़ाद क्लीनिक 9873144909 9821124909
शुगर मोटापा — आकाश दवाखाना 9953396533 8860003863
SEX Problems? — चेतन आयुर्वेद 9817469817

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL, PROPERTY, BUSINESS, RECRUITMENT, EDUCATION, CHANGE OF NAME, LOST & FOUND, SHOPPING, TENDER, PUBLIC NOTICE, SERVICES, VEHICLES, TRAVEL, BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 99992 68321 |

TO BOOK YOUR CLASSIFIED ADS, KINDLY CONTACT YOUR RESPECTIVE AREA — TIMES SPACE CENTRES
NOIDA: BOTTOMLINE ADVTG., RDX ADVTG. — GHAZIABAD: PRACHAR SEWA KENDRA, TIRUPATI BALAJI ADVTG.
GURGAON: BHAVYA ENTERPRISES, OASIS ADVTG., TARNIC ADVERTISERS, WESTERN ADVTG. — FARIDABAD: BSS ADVTG., DURGA ADVTG., R.K. ADVTG.
For more details, please contact : 99994 99496 / 98992 68321
For more details, please contact : 93126 33518 / 99999 95460

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: arvind.kumar7@timesofindia.com Time: 03-23-2026 22:30 Color:



# क्रॉस वोटिंग पर हुड्डा बोले-पार्टी पर भरोसा नहीं तो इस्तीफा दें विधायक

■ NBT न्यूज, रोहतक

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर हरियाणा कांग्रेस में सियासी घमासान तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने साफ कहा कि जिन विधायकों को पार्टी में विश्वास नहीं है, वे इस्तीफा देकर जनता के बीच जाएं, लोग उन्हें जवाब देंगे। उन्होंने बताया कि क्रॉस वोटिंग करने वाले पांच विधायकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है और जवाब के आधार पर निर्णय लेंगे।

रोहतक में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुड्डा ने कहा, जिन विधायकों के वोट रद्द किए गए हैं, उसे लेकर राज्यपाल और चुनाव आयोग से शिकायत की गई है। आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारी ने भाजपा के दबाव में कांग्रेस के सही वोटों को रद्द किया। मामला हाईकोर्ट में गया तो सच्चाई सामने आ जाएगी। कुलदीप वत्स से नाराजगी के सवाल पर हुड्डा ने इनकार करते हुए कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है।


रोहतक में सोमवार को पूर्व सीएम हुड्डा पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

### पूर्व सीएम ने बीजेपी पर भी साधा निशाना

हुड्डा ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर सतीश नांदल वास्तव में निर्दलीय उम्मीदवार थे, तो उन्हें भाजपा विधायकों का समर्थन क्यों मिला। इससे भाजपा की मंशा स्पष्ट होती है। उन्होंने इनेलो पर भी तंज कसते हुए कहा कि पार्टी अब खत्म होने की कगार पर है और उसके बयान का कोई महत्व नहीं है। हुड्डा ने बारिश से खराब फसलों के लिए मुआवजा देने की मांग की और सरकार पर घोटालों के आरोप लगाए।


### सारा खेल हुड्डा ने खेला: अभय चौटाला

■ NBT न्यूज, जींद: जींद में शहीद दिवस पर आयोजित इनेलो के युवा सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने बीजेपी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में पूरा खेल भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खेला। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के 5 नहीं, बल्कि 9 विधायकों ने बीजेपी के पक्ष में मतदान किया और 4 वोट जानबूझकर रद्द कराए गए। अभय चौटाला ने हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि वे उन विधायकों के नाम सार्वजनिक करें, जिनकी वजह से कांग्रेस को नुकसान हुआ। उन्होंने कांग्रेस और बीजेपी को "नागनाथ-सांपनाथ" बताते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर लोकतंत्र को कमजोर किया है।

# बादशाह के 'टटीरी' गीत के लिंक हटाए

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

शामली में बॉलीवुड सिंगर बादशाह के विवादित गीत 'टटीरी' को लेकर हरियाणा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस गीत से जुड़े कुल 857 लिंक हटवा दिए हैं, जिनमें 154 यूट्यूब वीडियो और 703 इंस्टाग्राम रील्स शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पंचकूला के सेक्टर-20 थाना में इस मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस की टीमें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी कर रही हैं और गीत से जुड़े अन्य सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ समन्वय कर कानूनी प्रक्रिया के तहत की जा रही है। प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर गीत के सभी रूप री-अपलोड, शॉर्ट वीडियो और अन्य वर्जन हटाने के निर्देश दिए गए हैं।


FILE

### उल्लंघन पर कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शिवास कविराज ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति इस गीत पर रील या वीडियो बनाकर साझा करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सोशल मीडिया अकाउंट्स ब्लॉक किए जा सकते हैं और बार-बार उल्लंघन करने वालों पर कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

APPLIED SCIENCES PROGRAMMES Admission Notice

B.Sc/M.Sc Degrees in:
- Chemistry
- Maths
- Physics
- Statistics
- Data Science
- Forensic Science
- Cyber Forensic & Cyber Security
- Foods & Nutrition
- Food Technology
- Geographic Info. Systems (GIS) & Remote Sensing
- Geology
- Quantum Tech.
- Operations Research
- Nanoscience

Get hands-on experience
through hi-tech labs, fieldwork and real-world simulations

Learn from distinguished faculty
81 faculty among the world's top 2% scientists (in a survey by Stanford University researchers)

Dedicated Corporate Resource Centre
helps students become job ready through placement support including Internships, Live Projects, Personality Enhancement Modules...

Interdisciplinary learning
Combine Science with AI, Robotics and emerging technologies through double majors & minors

Strong student progression after graduation
- Placements in leading organisations like: Biocon, Sun Pharma, Ranbaxy, Met Life...
- Higher Education in top universities like: MIT, Imperial, King's College London, Nanyang Technological University (Singapore)...

Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | Tel: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | T: 7303-399-399
AMITY UNIVERSITY

# US ट्रेड डील के खिलाफ किसानों की रैली, 2 को सरकार के साथ बैठक तय

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में आयोजित किसान मजदूर जन क्रांति रैली में भारत-अमेरिका ट्रेड डील और धान घोटाले के मुद्दे पर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। पंजाब, राजस्थान और यूपी से बड़ी संख्या में किसान रैली में पहुंचे। हालांकि जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद रैली शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गई।

डीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि लोकसभा सत्र के चलते 2 अप्रैल को पहले किसानों और हरियाणा सरकार के बीच बैठक होगी। इसके बाद केंद्र सरकार से भी बातचीत कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों पर दर्ज मामलों में सकारात्मक रुख अपनाया जाएगा और धान घोटाले पर पहले से कार्रवाई जारी है। रैली में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी वीडियो कॉल के जरिए जुड़े।


कुरुक्षेत्र में सोमवार को रैली में पहुंचे किसानों ने प्रदर्शन किया।

### खेती-रोजगार के लिए खतरा बताया

किसानों ने अमेरिकी ट्रेड डील को खेती-रोजगार के लिए खतरा बताया। साथ ही धान घोटाले की निष्पक्ष जांच, गेहूं खरीद व्यवस्था में सुधार और किसानों पर दर्ज मामले वापस लेने की मांग उठाई गई। कहा, समाधान नहीं मिला तो आंदोलन तेज किया जाएगा।


# रोहतक में पिटबुल ने बच्चे के पेट पर काटा

■ NBT न्यूज, रोहतक

रोहतक के बसंत विहार कॉलोनी में एक 13 वर्षीय बच्चे पर दो पिटबुल कुत्तों के हमले का मामला सामने आया है। बच्चा अपने छोटे भाई के साथ बाजार के रास्ते चाचा के घर जा रहा था, तभी पड़ोसियों के पालतू कुत्ते उस पर टूट पड़े। हमले में बच्चे के पेट पर गहरे जख्म आए हैं।

**पिता ने पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज कराया**

जानकारी के अनुसार, सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक मैनेजर सुनील नेहरा का बेटा दीपांशु रविवार को अपने 7 वर्षीय भाई पुरव के साथ घर से निकला था। रास्ते में पड़ोसन शर्मिला और उसकी बेटी मुस्कान ने घर का दरवाजा खोलकर अपने दो पिटबुल कुत्तों को बाहर छोड़ दिया। कुत्तों ने दीपांशु का पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़कर बुरी तरह काट लिया। घटना के दौरान बच्चा काफी देर तक खुद को बचाने की कोशिश करता रहा। मौके से गुजर रहे एक पड़ोसी ने हस्तक्षेप कर उसे कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। घायल दीपांशु को तुरंत पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।


पिटबुल कुत्तों के हमले के घायल 13 वर्षीय बच्चा दीपांशु।

# 'BJP के खिलाफ JJP चलाएगी बड़ा अभियान'

■ NBT न्यूज, जींद : शहीदी दिवस पर जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने बीजेपी सरकार के खिलाफ प्रदेशभर में बड़ा अभियान चलाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी वैचारिक स्तर पर हमेशा भाजपा के खिलाफ रही है और आगे भी मजबूत लड़ाई लड़ेगी। जींद में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान पत्रकारों से बातचीत में दिग्विजय ने बताया कि अप्रैल महीने में छात्र संगठन इनसो के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का दौरा किया जाएगा। शुरुआत 7 अप्रैल को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से होगी, जहां छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। 15 मई से 'जन-जन अभियान' होगा।

**कहा, पार्टी वैचारिक स्तर पर भाजपा के खिलाफ**

# हरियाणा में अफोर्डेबल फ्लैट हो सकते हैं महंगे



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के तहत फ्लैट्स की कीमतें बढ़ सकती हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में नई दरों को मंजूरी मिल सकती है। गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में फ्लैट की कीमत 3-4 लाख रुपये तक बढ़ने की संभावना है। जमीन, निर्माण सामग्री और श्रम लागत में बढ़ोतरी से बिल्डर्स इस योजना से दूरी बना रहे हैं। सरकार का मानना है, नई दरें लागू होने से बिल्डर्स की रुचि बढ़ेगी और प्रोजेक्ट्स को गति मिलेगी। गुरुग्राम में जमीन की कीमतें बढ़ी हैं, जिससे अफोर्डेबल हाउसिंग चुनौतीपूर्ण हो गई है।

**मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक आज**

### वर्तमान दरें (2021 और 2023 नीति अनुसार)

- गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला : 5,000 रुपये प्रति वर्ग फुट
- अन्य हाई और मीडियम पोटेंशियल टाउन: 4,500 रुपये प्रति वर्ग फुट
- लो पोटेंशियल टाउन: 3,800 रुपये प्रति वर्ग फुट

### प्रस्तावित नई दरें

- गुरुग्राम: 5,575 रुपये
- फरीदाबाद: 5,450 रुपये
- अन्य हाई और मीडियम पोटेंशियल टाउन: 5,050 रुपये
- लो पोटेंशियल: 4,250 रुपये
- बढ़ता भूमि, निर्माण सामग्री में बढ़ोतरी के मद्देनजर कर सकती है।


### हुड्डा का फाइन वाला रेंट हो सकता है माफ

■ चंडीगढ़: हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का पेनल रेंट माफ करने समेत 12 अहम एजेंडा आइटम पर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, मंत्रिमंडल की बैठक में यह पूरक एजेंडा रखा गया है लेकिन इस प्रस्ताव पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा का यह फाइन रेंट अगस्त 2024 से लेकर 2025 के अंत तक की अवधि का है, जब तक हुड्डा को दोबारा कांग्रेस विधायक दल नेता और नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिला था। इस अवधि के दौरान हुड्डा चंडीगढ़ के सेक्टर-7 स्थित सरकारी आवास में रहे, जिस पर ओवरस्टे के चलते करीब 16.49 लाख रुपये का फाइन रेंट लगा। हुड्डा की ओर से इसे माफ करने का अनुरोध किया गया है।

**हुड्डा की ओर से इसे माफ करने का अनुरोध किया गया**

# 'राजगुरु-सुखदेव की प्रतिमाएं लगेंगी'

■ NBT न्यूज, अंबाला: ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी दिवस पर कहा कि अंबाला छावनी के एसडीएम कॉम्प्लेक्स में भगत सिंह की प्रतिमा के साथ जल्द ही राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। उन्होंने तीनों शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को प्रेरणादायी बताया। विज ने कहा कि यहां पहले से 12 फुट ऊंची भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित है, जहां हर साल लोग श्रद्धांजलि देने आते हैं। उन्होंने बताया कि अंबाला में 22 एकड़ में शहीद स्मारक भी विकसित किया जा रहा है, जिसमें 1857 के शहीदों को भी सम्मान दिया जाएगा।


अनिल विज

# हरियाणा खाद्यान्न उत्पादन में सबसे आगे : सीएम सैनी

■ NBT न्यूज, हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला खरीफ का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा देश के खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी राज्य है और इसमें किसानों, वैज्ञानिकों व सरकार की नीतियों का बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि मेला केवल ज्ञान और तकनीक के आदान-प्रदान का मंच नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, समर्पण और नवाचार का उत्सव है।

**दो दिवसीय कृषि मेला खरीफ का शुभारंभ किया**


हिसार में दो दिवसीय कृषि मेले का उद्घाटन करते सीएम नायब सैनी।

उन्होंने डिजिटल कृषि, ड्रोन तकनीक और क्लाइमेट स्मार्ट फार्मिंग अपनाने पर जोर दिया। साथ ही युवाओं से कृषि को स्टार्टअप और व्यवसाय के रूप में अपनाने का आह्वान किया। सैनी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही।

# जींद में मुठभेड़, दो बदमाश पकड़े

## एक के पैर में गोली लगी, एक गिरकर घायल हो गया

■ NBT न्यूज, जींद

जींद में सीआईए और डिटेक्टिव स्टाफ की संयुक्त टीम ने गांव गतौली नहर पटरी पर मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा भागते समय गिरकर घायल हो गया। दोनों आरोपित व्यापारी के अपहरण और रंगदारी के मामले में वांछित थे। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जुलाना के व्यापारी सुशील के अपहरण की कोशिश करने वाले आरोपी इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर सरेंडर करने को कहा, लेकिन एक आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में घायल हुए।


पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी कुलदीप सिंह।


**पुलिस ने समय रहते पकड़ लिया**

■ जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने वारदात के दौरान अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट बदल दी थी और रास्ता बदलकर बचने की कोशिश की। व्यापारी के अपहरण की योजना बनाई थी, पर समय रहते पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# देसी नस्ल की गायों की संख्या बढ़ाना जरूरी: राज्यपाल देवव्रत

■ NBT न्यूज, रोहतक

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और भूमि की उर्वरता के लिए देसी नस्ल की गायों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। रोहतक के बहुअकबरपुर गांव में गोवंश प्रदर्शनी में उन्होंने कहा कि शोध में देसी गाय का दूध स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभकारी पाया गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक से उच्च गुणवत्ता वाली देसी गायों की संख्या बढ़ाई जा सकती है, जो रोजाना 20-22 किलोग्राम दूध दे सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि रासायनिक खादों से भूमि की उर्वरता घट रही है, जिसे प्राकृतिक खेती और गोबर-गोमूत्र आधारित जैविक उपायों से सुधारा जा सकता है।


गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गाय का दूध निकाला।

# मारपीट में सरपंच समेत 35 लोगों पर मामला दर्ज

■ NBT न्यूज, जींद : गांव डिडवाड़ा में एक समुदाय विशेष के लोगों के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने सरपंच समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें 15 को नामजद किया गया है, जबकि 20 अन्य अज्ञात हैं। शिकायतकर्ता अमीन ने बताया कि 21 मार्च को वह नमाज पढ़ने जा रहे थे, तभी सरपंच राजन ने उन्हें गांव छोड़ने की धमकी दी। मौके पर मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की गई।

# पानीपत में शादी वाले घर में आग, सामान जला

■ NBT न्यूज, पानीपत : पानीपत के विकास नगर इलाके में एक घर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की शुरुआत घर में खड़ी बाइक से हुई और देखते ही देखते लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान कमरे में सो रही महिला और एक मासूम बच्चा धुएं में दम घुटने से बेहोश हो गए। पड़ोसियों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।

NBCC ASPIRE
माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
» मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 4 बी.एच. के. और विशाल डुप्लेक्स अपार्टमेंट
» स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 25 मिनट

एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
» मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
» डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट




एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
» मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
» डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट

एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
» मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
» डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.03.2026
ई-नीलामी 28.03.2026 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या : 9772907414

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: cci Time: 03-23-2026 22:26 Color:






पश्चिम एशिया संकट पर प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कहा - जंग ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कीं, हालात का फायदा लेने वाले झूठ फैलाएंगे, सावधान रहना

# पीएम ने दिया भरोसा, तेल-गैस सप्लाई बनाए रखने की कोशिशें



जंग के बाद से होर्मुज में जहाजों का आना-जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध से बने हालात पर लोकसभा में सोमवार को तेल-गैस से लेकर उर्वरकों तक की सप्लाई के बारे में देश को आश्वस्त किया। मोदी ने कहा कि सरकार प्रयास कर रही है कि आपूर्ति पर ज्यादा असर न पड़े। पीएम ने कहा, 'भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अनेक जरूरी चीजें होर्मुज के रास्ते से आती हैं। युद्ध के बाद से होर्मुज से जहाजों का आना-जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो।...देश जरूरत का 60% LPG आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने एलपीजी के घरेलू उपयोग को प्राथमिकता दी है। साथ ही, एलपीजी के देश में उत्पादन को भी बढ़ाया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पूरे देश में सुचारू रूप से होती रहे, इस पर भी लगातार काम किया गया है। पहले क्रूड ऑयल, LNG, LPG के लिए 25 देशों से इंपोर्ट किया जाता था, वहीं आज भारत 41 देशों से एनर्जी इंपोर्ट करता है।'

'पहले क्रूड, LNG, LPG 25 देशों से इंपोर्ट होता था, आज 41 देशों से होता है'

पीएम ने कहा, आज भारत के पास 53 लाख टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व है और 65 लाख टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है। तेल कंपनियों के पास जो रिजर्व है, वह अलग है। सरकार तमाम देशों के सप्लायर्स से भी संपर्क में है। सरकार खाड़ी और आसपास के शिपिंग रूट्स पर भी लगातार नजर बनाए है। हमारा प्रयास है कि तेल, गैस, फर्टिलाइजर जैसे हर जरूरी सामान से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें। हम अपने वैश्विक सहयोगियों से निरंतर संवाद कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से बीते दिनों होर्मुज में फंसे कई जहाज भारत आए हैं।

पीएम ने कहा कि भारत के पास पर्याप्त अनाज है। मैं देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद करती रहेगी। पीएम ने कहा, युद्ध का बहुत बड़ा चैलेंज यह भी है कि भारत में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली डिमांड बढ़ेगी। फिलहाल देश के सभी पावर प्लांट्स में कोयले का पर्याप्त भंडार है।

### 'कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियां अलर्ट मोड में'

पश्चिम एशिया में हालात के बीच आंतरिक सुरक्षा को अहम बताते हुए पीएम ने कहा कि जब ऐसे संकट आते हैं, तो कुछ तत्व इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश भी करते हैं। इसलिए कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने वाली सभी एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। कोस्टल, बॉर्डर, साइबर सिक्योरिटी हो, स्ट्रैटेजिक इंस्टॉलेशंस हो, सब की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है।

### 'जहाजों में रुकावट और हमले अस्वीकार्य हैं'

पीएम ने कहा, 'भारत ने नागरिकों, एनर्जी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े इन्फ्रा पर हमलों का विरोध किया है। कमर्शल जहाजों पर हमला और होर्मुज स्ट्रेट जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में रुकावट अस्वीकार्य है। भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के माहौल में भी भारतीय जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।...बातचीत और कूटनीति ही इस समस्या का समाधान है।'

### '3.75 लाख से ज्यादा भारतीय सुरक्षित लौटे'

पीएम ने खाड़ी देशों में रहने वाले लगभग 1 करोड़ भारतीयों का जिक्र करते हुए कहा, 'जब से युद्ध शुरू हुआ है, तब से ही प्रभावित देशों में हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। दुर्भाग्य से कुछ लोगों की मृत्यु हुई है और कुछ घायल हुए हैं। परिवारजनों को आवश्यक मदद दी जा रही है। जो घायल हैं, उनका बेहतर इलाज सुनिश्चित कराया जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक भारतीय सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग 1000 भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं।'

# ईरान में शुरू हुआ सत्ता परिवर्तन: ट्रंप

## कहा- वेनेज़ुएला की तरह नया नेता संभाल सकता है कमान


AFP

■ एपी, वॉशिंगटन/तेल अवीव

**पश्चिम एशिया** में जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान में 'रेजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वेनेजुएला की तरह कोई नया नेता सामने लाया जा सकता है या फिर अमेरिका के साथ मिलकर साझा लीडरशिप का मॉडल भी अपनाया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की बातचीत ईरान के मौजूदा सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से नहीं, बल्कि ईरान के 'वैकल्पिक नेतृत्व' के साथ हो रही है। हम यह भी नहीं जानते कि मोजतबा जिंदा भी हैं या नहीं। हम उनकी मौत नहीं चाहते।

यरूशलम पोस्ट का दावा, होर्मुज पर ईरान और US के साझा कंट्रोल का ट्रंप ने रखा प्रस्ताव

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब उन्होंने ईरान के पावर प्लांट्स पर हमलों को 5 दिनों के लिए टालने की बात कही है। ट्रंप ने साफ किया कि ईरान से बातचीत नाकाम रहती है, तो अमेरिका हमले जारी रखेगा। या तो समझौता होगा, नहीं तो अमेरिका लगातार बमबारी करता रहेगा। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान बातचीत के लिए बेकरार है और जल्द समझौता करना चाहता है। पांच दिन या उससे कम समय में यह डील हो सकती है। दोनों पक्षों के बीच कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन किसी डील की गारंटी नहीं दी जा सकती। अगर समझौता होता है तो यह ईरान और पूरे क्षेत्र के लिए अच्छी शुरुआत होगी। जो कुछ हो रहा है, उससे इस्राइल खुश होगा।

यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने होर्मुज पर अमेरिका और ईरान के साझा कंट्रोल का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में सामने आया है जब यह रणनीतिक समुद्री मार्ग रुकावटों के कारण दुनियाभर में वैश्विक ऊर्जा संकट का केंद्र बना हुआ है। ट्रंप ने संकेत दिया कि अगर ईरान और अमेरिका मिलकर इस समुद्री रास्ते को चलाएं तो दुनिया में तेल-गैस की सप्लाई बहाल हो सकती है।



**होते रहे धमाके** इस्राइली हवाई हमलों में सोमवार को ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तरी इलाके निशाना बने।

## मोहलत के ऐलान के बीच होते रहे हमले

**ट्रंप के** हमले रोकने के ऐलान के तुरंत बाद इस्राइल की सेना ने कहा कि हम तेहरान के बीचोंबीच ईरानी शासन से जुड़े ठिकानों पर हमले कर रहे हैं। ईरान ने भी इस्राइल और अमेरिकी बेस पर 76वीं बार हमले का दावा किया। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि अल धफरा एयरबेस, प्रिंस सुल्तान एयरबेस और US फिफ्थ फ्लीट जैसे अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस्राइल के तेल अवीव, हाइफा, अश्केलोन और गुश दान इलाके भी निशाने पर रहे।

जंग का मानवीय संकट भी गहराता जा रहा है। अब तक ईरान में 1,500 से अधिक, लेबनान में 1,000 से ज्यादा, इस्राइल में 15 और अमेरिकी सैन्य बलों के 13 सदस्य मारे जा चुके हैं, जबकि लाखों विस्थापित हो चुके हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### क्या पांच दिन में निकलेगी राह?

कूटनीतिक हलचल ने पश्चिम एशिया के संघर्ष में संभावनाओं की राह जरूर खोल दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का हमलों को अस्थायी रूप से टालना और बातचीत जारी रखने का संकेत संघर्ष को थामने की दिशा में अहम माना जा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि जंग खत्म नहीं हुई है। इसमें आने वाले पांच दिन बेहद अहम हैं, क्योंकि इसी दौरान तय होगा कि ईरान होर्मुज को आवाजाही के लिए पूरी तरह खोलता है या नहीं। जानकारों का कहना है कि ईरान को सिर्फ धमकियों से झुकाना मुश्किल होगा। अगर अमेरिका और इस्राइल उससे ठोस कदम चाहते हैं तो हमलों की भरपाई जैसे आर्थिक विकल्प सामने रखने होंगे। फिलहाल सवाल यही है कि क्या आने वाले 5 दिन कुछ ठोस नतीजे दे पाएंगे या होर्मुज पर टकराव बढ़ेगा।

## एक्सपर्ट्स कमेंट

### 'एनर्जी इन्फ्रा पर काम करते रहें'


शशांक, पूर्व विदेश सचिव

अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान से बातचीत हुई है और पांच दिन जंग रोकने का आदेश दिया है। कहना मुश्किल है कि ट्रंप बचने के लिए ऐसा कह रहे हैं या वाकई ईरान से बातचीत चल रही है। युद्ध के वक्त इस तरह की अस्पष्ट स्थिति दिखती ही है। हालांकि हमें एनर्जी इन्फ्रा पर काम करते रहना चाहिए। कुछ वक्त का ब्रेक है। अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद ईरान से जिस तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली है, संभव है इसके बाद अमेरिका अपनी स्थिति का आकलन करना चाहता है, लेकिन जो भी है, यह सकारात्मक खबर है। इस खबर से उम्मीद तो बंधी है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि 5 दिन बाद क्या होता है, क्योंकि ईरानी सरकार तो दीर्घकालिक शांति की बात करती रही है।

### 'गेंद अब ईरान के पाले में है'


हर्ष पंत, अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार

**आर्थिक गतिविधियों** में रुकावट को देखकर अमेरिका अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है। यह कहना भी ठीक नहीं कि बातचीत नहीं हो रही, दोनों देशों के बीच बैकडोर बातचीत तो चल ही रही थी। राष्ट्रपति ट्रंप भले ही हमले रोकने की बात कर रहे हों, लेकिन सच यह है कि इस्राइल लगातार ईरान पर हमले कर रहा है। बहुत कुछ ईरान की प्रतिक्रिया पर भी निर्भर है। अगर होर्मुज पर ईरान नरमी दिखाता है, तो उससे इस 5 दिन के ब्रेक का भविष्य तय होगा। दुनिया को हो रहे आर्थिक नुकसान का दबाव ट्रंप पर है, अमेरिका में महंगाई की स्थिति भी इस फैसले के पीछे बड़ी वजह हो सकती है। हालांकि अमेरिका ने डिएस्कलेशन की प्रक्रिया शुरू की है। अब गेंद ईरान के पाले में है। देखना यह है कि ईरान की रणनीति क्या होगी, जिसके लिए इंतजार करना होगा।

ईरानी परिषद ने चेताया, हम पर हमले हुए तो फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछा देंगे

# होर्मुज़ पर शांति चाहिए तो US-इस्राइल हमले रोकें: ईरान

■ एपी, तेहरान/दुबई

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप से ईरानी एनर्जी प्लांट्स पर पांच दिन तक हमले रोकने के निर्देश पर ईरान ने यही कहा कि हमारी कड़ी चेतावनी के बाद ट्रंप पीछे हटे हैं। इससे पहले ट्रंप ने अल्टिमेटम दिया था कि अगर ईरान ने होर्मुज को नहीं खोला तो वह ईरान के पावर प्लांट पर हमला कर देंगे। इस पर ईरान ने चेताया कि अगर हमारे तटीय इलाकों या द्वीपों पर हमला हुआ तो हम पूरी फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाकर सभी समुद्री रास्तों को बंद कर देंगे। ऐसी स्थिति में फारस की खाड़ी पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसकी जिम्मेदारी उस पक्ष की होगी, जो हमला करेगा। ईरान ने लक्ष्यों की लिस्ट भी जारी की है, जिसमें बराकाह एटमी प्लांट भी है।


AP


ईरान ने इस्राइल की तेल अवीव समेत कई शहरों पर क्लस्टर बम दागे।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में शांति और स्थिरता चाहिए तो अमेरिका और इस्राइल को गतिविधियों को रोकना होगा। ईरान जिम्मेदार देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय कानून को मानता है। कई वर्षों से हमने फारस की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट और ओमान सागर सहित पूरे इलाके के समुद्री क्षेत्रों में इन सिद्धांतों को सुरक्षित रखने की कोशिश की है।

### ...तो अमेरिकी ठिकाने तबाह करेंगे



ईरान के IRGC यानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने भी पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बिजली देने वाले पावर प्लांटों पर हमला करने की धमकी दी। ईरानी गार्ड्स ने कहा कि 'हमने साफ कर दिया है कि अगर हमारे प्लांट्स पर हमला होता है तो ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए 'कब्जा करने वाले शासन' (इस्राइल) के पावर प्लांटों के साथ उन देशों के प्लांटों को भी निशाना बनाएंगे, जो अमेरिकी ठिकानों को बिजली सप्लाई करते हैं। इस बीच रविवार को ईरान के कई शहरों में अमेरिका के खिलाफ मार्च निकाला गया।

### 'समुद्री रास्ता बंद नहीं'


ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट बंद नहीं है। इस रास्ते पर जहाज गुजरने से इसलिए हिचक रहे हैं कि तेल से लदे जहाजों का बीमा करने वाली कंपनियों को 'वॉर ऑफ चॉइस' से डर है जिसे आपने (अमेरिका और इस्राइल ने) शुरू किया है, ईरान की सत्ता ने नहीं।

## वायरल वॉर

### ईरान की मदद के लिए दिल खोलकर दान कर रहे कश्मीरी



■ **पीटीआई, श्रीनगर:** जंग से जूझ रहे ईरान के लिए कश्मीरियों ने मदद का हाथ बढ़ाया है। बडगाम और बारामूला समेत घाटी के कई इलाकों से लोगों ने स्वेच्छा से ईरान के लिए कैश, सोना, चांदी और बर्तन समेत कई चीजें दान की हैं। बच्चों ने तो गुल्लक तक दान की है। कई जगहों पर मस्जिदों और सामाजिक संगठनों के जरिये ईरान की मदद का यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आम लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कुछ परिवारों ने वर्षों से संजोकर रखा सोना तक दान कर दिया, जिससे कि जंग से प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके। ईद के अगले दिन से शुरू इस अभियान में कुछ परिवारों ने पशुधन भी दान किया है। ईरान के नई दिल्ली स्थित दूतावास ने X पर पोस्ट कर कहा कि हम कश्मीर के लोगों का तहे दिल से आभार जताते हैं।



## प्रवासियों से मिलने वाला धन संकट में

खाड़ी में जंग का असर प्रवासियों के स्वदेश भेजे जाने वाले पैसे (Remittances) पर पड़ने की आशंका तेज हो गई है। दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका के लाखों लोग पश्चिम एशिया के देशों में काम करते हैं और हर साल अपने देश अरबों डॉलर भेजते हैं। 15 देशों को पश्चिम एशिया से 133 अरब डॉलर से ज्यादा पैसा भेजा गया।

जानें, प्रवासियों से मिला धन उनके देश के GDP का कितना

| | |
|---|---|
| नेपाल | 8.10% |
| जॉर्डन | 7.50% |
| लेबनान | 7.10% |
| पाकिस्तान | 5.60% |
| इजिप्ट | 5.50% |
| श्रीलंका | 2.90% |
| बांग्लादेश | 2.80% |
| फिलिपींस | 2.50% |
| भारत | 1.60% |
| अफगानिस्तान | 1.50% |
| फलस्तीन | 1.10% |
| इंडोनेशिया | 0.60% |
| म्यांमार | 0.40% |
| सोमालिया | 0.30% |

(वर्ल्ड बैंक के 2021 के आंकड़ों पर आधारित)

# भारत क्यों कर रहा है वेट ऐंड वॉच?

## ट्रंप के बयान पर MEA ने कहा, सभी गतिविधियों पर हमारी नज़र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ट्रंप के** ईरान को लेकर ऐलान के बाद भी वार्ता की स्थिति स्पष्ट नहीं है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उनके बयान पर कोई आधिकारिक रुख नहीं दिखाया है। युद्ध के बाद से रोज हो रही ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सभी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकार इंद्राणी बनर्जी कहती हैं कि भारत अगर प्रतिक्रिया सामने नहीं रख रहा है तो ये उचित दिशा में है क्योंकि फिलहाल कोई सबूत नहीं कि वाकई वार्ताएं शुरू हुई हैं। ट्रंप के बयान को ईरान ने नकारा है। ग्लोबल इकोनमी को जो नुकसान हो रहा है, वो इतना गहरा है कि ट्रंप का ऐलान रणनीति भी हो सकती है।

जानकार कहते हैं, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ईरानियों से बात कर रहे हैं, लेकिन यह खुलासा नहीं किया कि ईरान से कौन बात रहा है? ऐसे कई सवालों के जवाब ट्रंप के पास नहीं हैं। ये सब जाने बगैर भारत आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से बचेगा। वाकई कोई बातचीत होती है तो परमाणु हथियार से लेकर होर्मुज स्ट्रेट तक जैसे गंभीर मुद्दों के समाधान भी जुड़े होंगे। जानकार मानते हैं कि शायद ट्रंप को लग रहा है कि यही समय है कि युद्ध को वहां तक ले जाने से बचा जाए जहां से वापसी का रास्ता ना हो।

भारत कहता रहा है कि पश्चिम एशिया से भारत के गहरे हित जुड़े हैं। उसने शुरू से ही बातचीत की जरूरत पर बल दिया।



### होर्मुज से निकले दो और भारतीय जहाज

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जंग के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। भारतीय झंडे वाले दो जहाज 'पाइन गैस' और 'जग वसंत' कामयाबी के साथ होर्मुज को पार कर चुके हैं। एलपीजी ला रहे ये दोनों जहाज दो दिनों में भारत पहुंच सकते हैं। इन दोनों जहाजों में करीब 92,000 टन LPG लदा है, जो देश की लगभग एक दिन की सप्लाई के बराबर है। पोत, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा कि यह सामान्य सप्लाई बहाल होने की दिशा में अहम संकेत है। अब तक कुछ जहाज सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं, लेकिन अब भी कई जहाज क्षेत्र में फंसे हुए हैं।



### UAE के अबूधाबी में भारतीय घायल

■ **पीटीआई, दुबई (यूएई):** यूएई के अबू धाबी में अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मिसाइल का मलबा रिहाइशी इलाके में गिरा। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में तनाव चरम पर है और ईरान लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूएई ने हाल में कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को इंटरसेप्ट किया है, लेकिन उनके मलबे से नागरिक इलाकों में खतरा बना हुआ है। सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन में भी सोमवार को मिसाइल और ड्रोन हमले रोके गए।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार कहा कि इस्राइल में सभी भारतीय सुरक्षित हैं। क्षेत्र में जारी हिंसा में अब तक छह भारतीयों की मौत हो चुकी है। एक घायल है और एक लापता है।

## फैक्ट चेक

### टैंकर के लिए युआन में भुगतान को भारत ने गलत बताया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर चल रही इस खबर को गलत और आधारहीन बताया है कि होर्मुज से गुजरने के लिए भारतीय तेल टैंकर ने ईरान को चीन की करंसी युआन में भुगतान किया है। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि ईरान होर्मुज से जहाजों को गुजरने के लिए 20 लाख डॉलर वसूल रहा है। भारत में ईरान के दूतावास ने होर्मुज से गुजरने देने के एवज में 20 लाख डॉलर वसूलने से जुड़ी खबरों को भी खारिज किया है। नई दिल्ली में ईरान के दूतावास ने कहा कि ऐसे बयान कुछ लोगों के निजी विचार हो सकते हैं। इन्हें ईरान की आधिकारिक स्थिति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।



## सनातन संस्कृति में रामनवमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि...

# मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन का महापर्व है

■ डॉ. अश्विनी शास्त्री

**भारतीय सनातन** संस्कृति में राम नवमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, आदर्श और आत्मचिंतन का विराट पर्व है। यह वह पावन क्षण है, जब विष्णु के अवतार के रूप में भगवान श्रीराम ने अयोध्या में अवतरण कर मानव समाज को धर्म, कर्तव्य और मर्यादा का सजीव मार्ग दिखाया। भारतीय जीवन-दर्शन में यदि किसी एक व्यक्तित्व को पूर्णता का प्रतीक माना गया है, तो वह भगवान राम ही हैं। इसी कारण उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा जाता है।

प्राचीन भारतीय चिंतन परम्परा में वर्णित प्रत्येक त्योहार को मनाने के लिये शास्त्रों में बताई गई विधि के साथ-साथ खगोलीय स्थिति की भी जानकारी दी गई है। भागवत् महापुराण और अगस्त्य संहिता में स्पष्टरूप से लिखा हुआ है कि-

**चैत्रमासे सिते पक्षे, नवम्यां च पुनर्वसौ, मध्याह्ने कर्कटे लग्ने, जातोरामस्वयं हरिः।**

अर्थात् चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में नवमीतिथि वाले दिन पुनर्वसु नक्षत्र में अपराह्न काल में कर्कलग्न में भगवान् श्रीरामने इस धरती पर जन्म लिया था।

File Photo



पौराणिक ग्रंथों के अनुसार जब त्रेता युग में अधर्म और अन्याय अपने चरम पर पहुंच गया, तब देवताओं ने सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु से प्रार्थना की। परिणामस्वरूप उन्होंने राजा दशरथ के यहां राम के रूप में अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना का संकल्प लिया। वाल्मीकि रामायण में कहा गया है कि श्रीराम का अवतरण केवल रावण का अंत के लिए नहीं था, बल्कि यह संदेश देने के लिए था कि मनुष्य अपने जीवन में सत्य, संयम और कर्तव्य को सर्वोपरि रखकर भी आदर्श जीवन जी सकता है।

शास्त्रों में राम नाम की महिमा को अत्यंत प्रभावशाली बताया गया है। विष्णु सहस्रनाम में भी 'राम' नाम को विशेष स्थान प्राप्त है। यह माना जाता है कि राम नाम का स्मरण मन, वचन और कर्म की शुद्धि का माध्यम बनता है। यही कारण है कि संत परंपरा में 'राम' केवल एक नाम नहीं, बल्कि साधना और मुक्ति का मार्ग है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन किए गए जप, तप, दान और रामायण पाठ का विशेष फल प्राप्त होता है। मंदिरों में राम जन्मोत्सव के आयोजन, धार्मिक अनुष्ठान इस पर्व को सामूहिक आस्था का रूप देते हैं। घर-घर में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठता है। यदि समाजशास्त्रीय दृष्टि से देखें तो राम नवमी भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को सुदृढ़ करती है, जिसमें परिवार, कर्तव्य और नैतिकता का विशेष महत्व है। श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श शासक बनने के लिए किन मूल्यों को अपनाना आवश्यक है।

**राम नवमी पर व्रत का अनुष्ठान**: राम नवमी के व्रत का विधान अत्यंत श्रद्धा, संयम और शास्त्रीय मर्यादा के साथ किया जाता है। इस व्रत का उद्देश्य केवल उपवास नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म की शुद्धि है। इस दिन निर्जल या फलाहार व्रत रखा जाता है। श्रद्धालु को दिनभर 'रामचरितमानस', 'रामरक्षा स्तोत्र' अथवा 'सुंदरकांड' का पाठ करना चाहिए और 'श्रीराम, जय राम, जय जय राम' मंत्र का जप करना चाहिए। क्यों भगवान राम का जन्म दोपहर में हुआ था, इसीलिए श्रीराम के जन्म का उत्सव दोपहर में मनाया जाता है। इस समय झांकी सजाकर, शंख-घंटी के साथ आरती करनी चाहिए। व्रत का पारण प्रायः अगले दिन प्रातः किया जाता है, या कुछ स्थानों पर दोपहर में आरती के पश्चात फलाहार ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस व्रत से पापों का क्षय होता है और जीवन में धर्म, सुख एवं शांति की प्राप्ति होती है।

आज के समय में, जब जीवन की गति तेज है और मूल्यों का क्षरण चिंता का विषय बनता जा रहा है, तब राम नवमी का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

### श्रीराम का जीवन...

महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा है कि 'रामो विग्रहवान् धर्मः' अर्थात् श्रीराम स्वयं धर्म के साकार स्वरूप हैं। उनका जीवन किसी एक घटना या प्रसंग तक सीमित नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में आदर्श की स्थापना का जीवंत उदाहरण है। पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनगमन, भ्रातृ प्रेम की अनुपम मिसाल, मित्रता में निष्ठा और शत्रु के प्रति भी करुणा, ये प्रसंग श्रीराम को एक असाधारण व्यक्तित्व बनाते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी श्री रामचरितमानस में उनके चरित्र को लोकजीवन से जोड़ते हुए कहा है कि 'राम नाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार, तुलसी भीतर बाहेरहुं जौ चाहसि उजियार।' यह केवल भक्ति का भाव नहीं, बल्कि जीवन को प्रकाशमान बनाने का सूत्र है। तुलसीदास के अनुसार राम नाम वह शक्ति है, जो मनुष्य के भीतर और बाहर दोनों ओर उजाला फैलाती है।

## सत्संग



डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

# ऊर्जा की दिशा तय करती है हमारा मूड

AI Image



**म**नुष्य का जीवन केवल शरीर और विचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके भीतर एक सूक्ष्म ऊर्जा निरंतर प्रवाहित होती रहती है। यही ऊर्जा हमारे व्यवहार, भावनाओं और मानसिक स्थिति को दिशा देती है। जब यह ऊर्जा सकारात्मक रूप से बहती है, तो जीवन में आनंद, शांति और सृजन दिखाई देता है, जबकि नकारात्मक दिशा में बहने पर यही ऊर्जा क्रोध, तनाव और अवसाद का कारण बन जाती है।

**कभी आनंद और शांति तो कभी क्रोध, तनाव और होता है अवसाद**


आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाए तो जब व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है, तो उसका स्वाभाविक रूप नृत्य के रूप में प्रकट होता है। यह नृत्य केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि भीतर की प्रसन्नता और जीवंतता का प्रतीक होता है। व्यक्ति सहज ही मुस्कुराने, गुनगुनाने और नृत्य करने लगता है—यह ऊर्जा का उत्सव है।

जब यही ऊर्जा और अधिक संतुलित और परिपक्व होती है, तो वह ध्यान में बदल जाती है। ध्यान वह अवस्था है, जहां व्यक्ति बाहरी दुनिया से हटकर अपने भीतर उतरता है और गहरी शांति का अनुभव करता है। इस तरह नृत्य ऊर्जा का बाहरी उत्सव है, जबकि ध्यान उसका आंतरिक स्थिर रूप है। इसके विपरीत, नकारात्मक ऊर्जा का पहला रूप क्रोध होता है। जब मन में असंतोष, भय या अहंकार बढ़ता है, तो ऊर्जा असंतुलित होकर क्रोध के रूप में बाहर आती है। यदि यह ऊर्जा लंबे समय तक दबी रहे, तो वह अवसाद में बदल जाती है, जहां व्यक्ति निराशा और खालीपन महसूस करता है। अतः, ऊर्जा स्वयं न तो अच्छी होती है न बुरी—उसकी दिशा ही उसका स्वरूप तय करती है। यदि हम जागरूकता और ध्यान के माध्यम से इसे सही दिशा दें, तो जीवन में आनंद और शांति संभव है।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

## ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी



प्रदीप अग्रवाल ने नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारका (गुजरात) से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- Dharma Karma Selfie

## सप्ताह के व्रत और त्योहार

डॉ. अश्विनी शास्त्री

**24 से 30 मार्च 2026**


*इस सप्ताह के बारे में विशेष*

*वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के साथ हो रहा है। आज से शुरू हो रहा चैत्र शुक्ल पक्ष 2 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के साथ समाप्त हो जाएगा और उससे अगले ही दिन यानी 3 अप्रैल से वैशाख का कृष्ण पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह चैत्र नवरात्र भी चल रहे हैं जो 26 मार्च को रामनवमी के साथ संपन्न हो जाएंगे। इस सप्ताह दुर्गाष्टमी, राम नवमी, कामदा एकादशी, सोम प्रदोष आदि का आयोजन किया जाएगा।*

# दुर्गाष्टमी : ज्वालामुखी मंदिर में होती है विशेष पूजा

■ **दुर्गाष्टमी** *(26 मार्च, गुरुवार)*

वैसे तो हर महीने ही शुक्ल पक्ष की अष्टमी को दुर्गा अष्टमी व्रत का विधान है लेकिन नवरात्र के दौरान आने वाली अष्टमी को महाअष्टमी के नाम से जाना जाता है। अनेक घरों में अष्टमी का पूजन कर नवरात्र का समापन कर लिया जाता है और कुछ घरों में नवमी के दिन ऐसा किया जाता है। इस दिन मां दुर्गा की पूजा के बाद उन्हें चने और हलवा-पूरी का भोग लगाया जाता है।



देश में अलग-अलग जगहों पर स्थापित शक्तिपीठों में विशेष पूजा होती है। माना जाता है कि मां दुर्गा के पूजन से उपासकों को विशेष शक्ति मिलती है। इस दिन कन्यक पूजन कर सामान्यतया दस वर्ष तक की छोटी बालिकाओं को प्रसाद के रूप में हलवा-पूरी खिलाया जाता है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित ज्वालामुखी मंदिर में इस दिन विशाल मेले का आयोजन किया जाता है जहां देश के कोने कोने से हजारों लोग मां दुर्गा के विशेष पूजन में भाग लेने के लिए पहुंचते हैं।

■ **कामदा एकादशी** *(29 मार्च, रविवार)*



चैत्र शुक्ल एकादशी को कामदा एकादशी के रूप में जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखकर भगवान् नारायण का पूजन, अर्चन और स्तवन करने से वे प्रसन्न होते हैं और उपासक को सभी पापों से मुक्त कर देते हैं। प्राचीन काल में राजा दिलीप ने भी इस एकादशी के व्रत का माहात्म्य अपने गुरु वशिष्ठ से सुना था। गुरु ने उन्हें बताया था कि एक बार राजा पुंडरीक किसी के श्राप से मनुष्य से राक्षस बन गया था। उस राजा की पत्नी ने चैत्र एकादशी का व्रत रख प्रार्थना की थी कि मेरे इस व्रत का फल मेरे पति को प्राप्त हो जाए। भगवान् नारायण ने पत्नी के व्रत का फल उसके राक्षस बन चुके पति राजा पुंडरीक को दे दिया जिससे वह राक्षस से एक बार फिर से राजा बन गया।

■ **रामनवमी** *(26 मार्च, गुरुवार)*


भगवान श्री राम के जन्मदिन के रूप में रामनवमी का पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। उनका जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र में और कर्क लग्न में अयोध्या में हुआ था। इस दिन पूरे देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और भगवान राम की विधि विधान से पूजा की जाती है। इस दिन हजारों लोग अयोध्या पहुंचकर पुण्यसलिला सरयू नदी में स्नान कर पुण्यार्जन करते हैं। इसी दिन अयोध्या में चैत्र राम मेले का भव्य आयोजन भी किया जाता है।



■ **सोम प्रदोष** *(30 मार्च, सोमवार)*

प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी को प्रदोष का व्रत रखा जाता है। प्रदोष का व्रत जब सोमवार को आता है तो उसे सोम प्रदोष कहा जाता है। इस दिन रखा जाने वाला व्रत भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन व्रती को निरन्तर 'ओम् नमः शिवाय' का जाप करना चाहिए। इससे महादेव की कृपा प्राप्त होती है और उपासक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in